वर्ष 72 ▸▸ अंक 307 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 04 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार


# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जानने का मतलब है यह जानना कि आप कुछ नहीं जानते। यही सच्चे ज्ञान का अर्थ है।
-सुकरात

## ऑफ बीट

### इस शहर में लोगों का मरना है गैरकानूनी



*दुनिया में जन्म लेने वाले हर व्यक्ति को एक दिन मरना है। मृत्यु एक अटल सत्य है, जिसे टाला नहीं जा सकता है, लेकिन यदि किसी स्थान पर मौत को गैरकानूनी बना दिया जाए या फिर मरने पर रोक लगा दिया जाए, तो बड़ा अजीब होगा, लेकिन दुनिया के कुछ शहरों में सच में ऐसे अजीबोगरीब कानून लागू हैं। इत्सुकुशिमा जापान का एक द्वीप है, जो एक पवित्र स्थान माना जाता है। यह जानकर हैरानी होगी कि सन 1868 तक यहां पर लोगों को मरने या जन्म देने की अनुमति नहीं थी। इससे भी ज्यादा अजीब बात ये है कि इस जगह पर आज भी कोई कब्रिस्तान या अस्पताल नहीं है। ऐसे ही स्पेन के लैंजारोट में स्थानीय कब्रिस्तान अक्सर भरे रहते हैं। इस परेशानी को देखते हुए साल 1999 में ग्रेनाडा प्रांत के गांव के मेयर ने लोगों की मौत पर ही प्रतिबंध लगा दिया था। यह कदम एक राजनीतिक कदम के रूप में लिया गया था, लेकिन यह बिलकुल सच था।*

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय मूल की श्रीधरन बनीं सॉलिसिटर जनरल

**न्यूयार्क, जेएनएन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील श्रीधरन को ओहियो राज्य की सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को



ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा, एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। जवाब में ओहियो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा-कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, अमेरिकी से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में। योस्ट ने मथुरा की तारीफ करते हुए बताया कि मथुरा ने पिछले साल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में केस जीता था।

### खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की मौत

**वॉशिंगटन डीसी।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर



बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में खालिस्तान रेफरेंडम (जनमत संग्रह) का खुलकर विरोध कर रहे थे। सुखी 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम का विरोध कर रहे थे, जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही थी।

## टैरिफ वॉर : 25 फीसदी शुल्क और जुर्माना, फिर भी दोस्ती बढ़ा रहा भारत

# ट्रंप 2.0: भारत ने अमेरिका से दोगुना से ज्यादा खरीदा ईंधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के ऊपर 25 फीसदी टैरिफ और जुर्माना लगाने के ऐलान के बीच भारत ने पिछले एक साल में अमेरिका से ऊर्जा खरीद को रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पिछले साल की तुलना में इस साल 51 फीसदी ज्यादा तेल आयात किया है। ट्रंप-२.० यानी दूसरे कार्यकाल में अभी तक भारत ने दोस्ती दिखाते हुए अमेरिका के साथ व्यापार को संतुलित करने का प्रयास शुरू कर दिया था। ट्रंप प्रशासन की मांग के अनुरूप भारत ने प्राकृतिक गैस के आयात को पिछले एक साल में 1.42 बिलियन डॉलर से 2.46 बिलियन डॉलर तक पहुंचा दिया है। अमेरिका से ऊर्जा खरीद में वृद्धि नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच फरवरी में हुई डील के बाद शुरू हुई है। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के समय ट्रंप के साथ उनकी बैठक हुई थी। दोनों नेताओं ने ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया था। भारत ने 2025 में अमेरिकी ऊर्जा आयात को 15 अरब डॉलर से 25 अरब डॉलर तक करने का संकल्प लिया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 200 से 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कंपनियां लगातार अमेरिका बाजार में प्रवेश कर रही हैं। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में भारत की अमेरिका से खरीदारी 3.7 अरब डॉलर हो गई है, जो पिछले साल इसी समय में 1.73 अरब डॉलर थी। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत अमेरिका से कच्चे तेल उत्पादन भी बढ़ा रहा है। जून की तुलना में जुलाई में अमेरिका से 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल आयात किया है। पहले यह सिर्फ 3 फीसदी थी, वह अब बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई है।



### जनवरी से जून तक रोज 2.71 लाख बैरल खरीदा

भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23 फीसदी ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3 फीसदी से बढ़कर 8 फीसदी तक पहुंच गई।

### अभी रूस से 40 फीसदी तेल खरीदता है भारत

30 जुलाई को ट्रंप ने कहा था कि भारत हमेशा से ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25 फीसदी टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी देनी होगी। भारत अभी रूस से 40 फीसदी तेल इंपोर्ट करता है। भारत अभी हर दिन 1.15 मिलियन बैरल क्रूड ऑयल हर दिन रूस से खरीदता है।

### टैरिफ ऐलान के बाद यूएस से 32 हजार करोड़ का इंपोर्ट

जनवरी में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही भारत अमेरिका से तेल खरीदी बढ़ा रहा है। अप्रैल में ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ तक पहुंच गया। सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी गई है।

### दावा-रूस से तेल खरीदना बंद

रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है। इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। हालांकि, शनिवार को सरकारी सूत्रों के हवाले से यह खबर सामने आई कि भारत रूस से तेल खरीदता रहेगा।

## ट्रंप की तेल डील पर बलूच नेता की दो टूक, यह क्षेत्र बिकाऊ नहीं है

**करांची।** अमेरिका और पाकिस्तान के बीच हुई तेल वाली डील को लेकर बलूचिस्तान के नेताओं ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को सीधी चेतावनी देते हुए कहा, पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने आपको गुमराह किया है। इस क्षेत्र के पूरे प्राकृतिक संसाधन पाकिस्तान के नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र राष्ट्र बलूचिस्तान के अंतर्गत आते हैं, जो फिलहाल पाकिस्तान के कब्जे में हैं। मीर यार ने रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि यह क्षेत्र बिकाऊ नहीं




है और यहां पाकिस्तान, चीन या किसी अन्य देश द्वारा हमारे संसाधनों का दोहन किसी हाल में स्वीकार नहीं होगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप को लिखे एक खुले खत में मीर यार ने असीम मुनीर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ट्रंप को संबोधित करते हुए लिखा, इस क्षेत्र के विशाल तेल, खनिज भंडारों को लेकर आपको (ट्रंप को) पूरी तरह से गुमराह किया गया है। मैं आपको और आपके प्रशासन को यह सूचित कर देना चाहता हूं कि पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व, जनरल मुनीर ने आपको यहां के भूगोल के बारे में जो जानकारी दी है, वह पूरी तरह से गलत है। आपको गुमराह किया जा रहा है। मीर यार ने कहा, प्राकृतिक संसाधनों से भरा यह क्षेत्र पाकिस्तान की असली जमीन यानी पंजाब में नहीं आता है।

## आखिरी सावन सोमवार: आज महाकाल की चौथी सवारी

**जागरण, भोपाल।** श्री महाकालेश्वर मंदिर से सावन महीने की चौथी सवारी सोमवार 4 अगस्त को निकलेगी। इस बार भगवान महाकाल की पालकी के साथ नंदी रथ पर भगवान उमा-महेश की प्रतिमा भी शामिल की जाएगी। चौथी सवारी की थीम मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आधारित होगी। भगवान महाकाल की यह सवारी शाम 4 बजे मंदिर से निकलेगी। भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पालकी में विराजेंगे। श्री मनमहेश हाथी पर और श्री शिव-तांडव गरुड़ रथ पर होंगे। भगवान का पूजन-अर्चन मंदिर में किया जाएगा, फिर पालकी नगर भ्रमण पर रवाना होगी। मंदिर के बाहर पुलिस जवान सलामी देंगे। सवारी के साथ घुड़सवार पुलिस, होमगार्ड, भजन मंडली, झांझ मंडली और पुलिस बैंड भी चलेगा। सवारी



महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। वहां भगवान का शिप्रा नदी के जल से अभिषेक होगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार होते हुए वापस महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

## एयरपोर्ट पर सैन्य अफसर ने जेट के स्टाफ को पीटा, एफआईआर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** श्रीनगर एयरपोर्ट पर दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में सवार होने जा रहे सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पाइसजेट के जमीनी रखरखाव करने वाले चार स्टाफ के साथ मारपीट की। उनमें से एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई। यह घटना 26 जुलाई को हुई और मामला अब सामने आया है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें सेना का अधिकारी कर्मचारी को पीटता दिख रहा है। अधिकारी के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को 'नो-फ्लाई' सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह घटना तब हुई जब यात्री से अतिरिक्त सामान (एक्स्ट्रा लगेज) के लिए भुगतान करने को कहा गया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए घटना के वीडियो में यात्री को कर्मचारियों पर हमला करते हुए और उनमें से एक पर हवाई अड्डे पर रखे



जाने वाले स्टैंड से हमला करते हुए दिखाया गया है। तीनों को अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। घूंसे, बार-बार लात मारने और कतार में रखे जाने वाले स्टैंड से हमला किए जाने से हमारे एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एयरलाइन के अनुसार, एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री उसे लात-घूंसों से मारता रहा।

# दो वोटर आईडी मामले में तेजस्वी की बढ़ीं मुश्किलें

### चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस, मांगा जवाब

**पटना, जेएनएन।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दो वोटर आईडी (ईपिक नंबर) रखने के मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में दीघा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने तेजस्वी को पत्र लिख कर उनके द्वारा दिखाए गए ईपिक का ब्यौरा देने को कहा है। शनिवार को तेजस्वी ने ईपिक नंबर के प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं होने की बात कही थी, जिसके बाद आयोग ने सबूत के साथ उनका वोटर लिस्ट में नाम दिखाया था, जिसके बाद से तेजस्वी पर दो वोटर आईडी रखने के आरोप लग रहे




हैं। तेजस्वी ने ईपिक नंबर आरएबी-2916120 साझा किया था, जो वोटर लिस्ट में मौजूद नहीं थी, जिसके बाद उन्होंने वोटर लिस्ट से खुद का नाम कटने का दावा किया था।

### 6 बार के कांग्रेस विधायक राम जेडीयू में

विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में सियासी उठा पटक के बीच 6 बार के विधायक और कांग्रेस के बड़े नेता अशोक राम ने नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू का दामन थाम लिया। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने प्रदेशाध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री विजय चौधरी, रत्नेश सदा सरीखे नेताओं की मौजूदगी में अशोक राम ने जेडीयू की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले अभी और कई लोग हैं। वे राबड़ी सरकार में मंत्री भी रहे। अशोक राम ने कहा, बिहार कांग्रेस राजद की बी टीम बनकर रह गयी है। वहां से बाहर निकलना जरूरी था, क्योंकि वहां दलितों को इज्जत नहीं दी जा रही है। राजेश राम को भले ही प्रदेशाध्यक्ष बना दिया गया पर पावर नहीं दिया गया।

## देहरादून में बड़ी कार्रवाई 20 करोड़ की दवाएं जब्त

**देहरादून, जेएनएन।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बड़े अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर उत्तराखंड और पश्चिमी उप्र में फैले अवैध दवा तस्कर नेटवर्क का खुलासा किया है। कार्रवाई में 5 लाख से अधिक ट्रामाडोल टैबलेट्स, 24 हजार अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद की गई, जिनकी अनुमानित कीमत 20 करोड़ है। जांच में खुलासा हुआ कि मुजफ्फरनगर, बरेली में बनाई गईं दो फर्जी होलसेल फर्में एम/एस एसएम एंटरप्राइजेज, एम/एस बालाजी सिर्फ अवैध सप्लाई के मकसद से खोली गई थीं। एक दूधवाले ने 5,000 महीने में ड्रग लाइसेंस किराए पर देकर तस्करी का रास्ता खोल दिया।

## रक्षाबंधन से दो दिन पहले लाड़ली बहनों के खातों में आएगा शगुन

विशेष संवाददाता, भोपाल। इस माह लाड़ली बहनों के खातों में रक्षाबंधन पर्व से दो दिन पहले 1500 रुपए की राशि आ जाएगी। इसमें 250 रुपए शगुन के तौर पर दिए जाएंगे। यह राशि सात अगस्त को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में खातों में अंतरित किए जाएंगे। लाड़ली बहना योजना के तहत इस माह प्रदेश की सभी 1 करोड़ 28 लाख बहनों को इस माह 250 रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे, उन्हें नियमित मिलने वाली 1250 रुपए के साथ यह राशि मिलेगी। यानि कि उनके खातों में इस बार 1500 रुपए आएंगे। उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि बहनों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। सीएम ने कहा कि बहनें कंपनियों में जाकर काम करती हैं, तो मध्य प्रदेश सरकार



कंपनी में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपए की राशि भी अपनी तरफ से दे रही है, ताकि बेटियां काम करने के लिए प्रोत्साहित हो सकें और हुनर सीख सकें। उन्होंने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है और आने वाले समय में प्रदेश सरकार और बेहतर काम करने के लिए प्रयासरत है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड फ्रॉड: दिल्ली, मुंबई गुरुगाम सहित कई स्थानों में ईडी के छापे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नई दिल्ली ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, लुधियाना, अहमदाबाद, भावनगर, भुज और कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी का अभियान एक और दो अगस्त को चलाया गया है। यह अभियान 2018 से 2021 की अवधि के दौरान एक्सिस म्यूचुअल फंड द्वारा कारोबार किए गए स्क्रिप्स में फ्रंट-रनिंग ट्रेड गतिविधियों में लिप्त होकर कुछ संस्थाओं/व्यक्तियों द्वारा अर्जित अवैध मुनाफे की चल रही जांच का हिस्सा है। एक्सिस म्यूचुअल फंड मैनेजर ने ट्रेंड की गोपनीय जानकारी का फायदा उठाया। ईडी के अनुसार, इस मामले में 200 करोड़ रुपए की अपराध की आय सामने आई है। तलाशी के दौरान ईडी ने शेयरों, म्यूचुअल फंडों और बैंक बैलेंस के रूप में 17.4 करोड़ रुपए मूल्य की पीओसी जब्त कर ली है। घोटाले के मास्टरमाइंड और एक्सिस म्यूचुअल फंड के तत्कालीन मुख्य डीलर वीरेश गंगाराम जोशी को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत दो अगस्त को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गोंडा में बेकाबू बोलेरो नहर में गिरी, 11 की दर्दनाक मौत

### 3 भाइयों में छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म

**गोंडा, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में रविवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए।

बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। सभी गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद कोई भी बाहर नहीं निकल पाया। बारिश से नहर लबालब है। नहर में गिरते ही गाड़ी डूब गई, उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे और तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई। गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। तेज स्पीड और बारिश से गाड़ी बेकाबू होकर नहर में गिरने लगी। ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे 2 लोग भी बाहर आ गए। बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी। झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई।



### मृतकों में 6 महिलाएं और तीन बच्चे भी

मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 बच्चे हैं। मृतकों में सीहा गांव निवासी प्रह्लाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22), महक उर्फ रिंकी (14), प्रह्लाद के भाई रामकरण (36), रामकरण की पत्नी अनसुइया (34), बेटा शुभ (7), बेटी सौम्या (9), प्रह्लाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। वहीं, रामरूप की एक बेटी रचना (10) लापता है। प्रह्लाद के पड़ोसी रामललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई। हादसे में प्रह्लाद का एक बेटा सत्यम और एक बेटी पिंकी घायल हैं। पड़ोसी रामललन, ड्राइवर सीतारमण भी घायल हैं।

## यूसीसी

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बोले-सभी जातियों, समुदायों को विश्वास में लिया जाए

# अब समान नागरिक संहिता लागू होना चाहिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई शनिवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'आवर लिविंग कान्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है।

संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। जस्टिस (रिटायर्ड) रितुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले 22वें विधि आयोग ने यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार करके सार्वजनिक राय के लिए जारी किया था। आयोग को इस पर करीब एक करोड़ लोगों की राय मिली थी। 22वां विधि आयोग करीब 30 संगठनों से बातचीत कर चुका था। लेकिन आयोग का कार्यकाल खत्म होने से यूसीसी का अंतिम ड्राफ्ट तैयार करने का काम ठंडे बस्ते में चला गया। हालांकि, अब यूसीसी पर आगे बढ़ने के लिए विधि आयोग को फिर सक्रिय किया जा रहा है। 23वें विधि आयोग की अधिसूचना 2 सितंबर, 2024 को जारी हुई थी। अब करीब 7 महीने बाद इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति पर फैसला हो चुका है।

मई, 2023 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए जस्टिस दिनेश माहेश्वरी को आयोग का अध्यक्ष बनाया जाएगा। उनके साथ जाने-माने वकील हितेश जैन और प्रोफेसर डीपी वर्मा पूर्णकालिक सदस्य होंगे। इनकी नियुक्ति की अधिसूचना इस सप्ताह जारी हो जाएगी।



### एक देश-एक चुनाव: ईसी का पॉवर बढ़ाने पर जताई थी चिंता

11 जुलाई को पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा था, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है। हालांकि, प्रस्तावित बिल में चुनाव आयोग को दी जाने वाली शक्तियों पर चिंता उन्होंने जताई है। उन्होंने कहा था कि इससे चुनाव आयोग को विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाने या घटाने की शक्ति मिल सकती है। उन परिस्थितियों को परिभाषित किया जाना चाहिए जिनमें आयोग इस शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक देश-एक चुनाव पर बनी संसदीय समिति को अपनी लिखित राय सौंपी थी। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर, 2024 को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव संविधान संशोधन बिल पेश किया था।

### उत्तराखंड पहला राज्य

उत्तराखंड में 27 जनवरी, 2025 से यूसीसी लागू है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया था। इस दौरान धामी ने कहा था कि यूसीसी किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यूसीसी लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। धामी ने समान राज्य में यूसीसी की नियमावली और पोर्टल भी लॉन्च किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है।

### गोवा में आजादी से पहले यूसीसी

उत्तराखंड गोवा के बाद पहला राज्य बना, जहां यूसीसी लागू है। हालांकि, गोवा में पहले से यूसीसी लागू है, लेकिन वहां इसे पुर्तगाली सिविल कोड के तहत लागू किया था। आजादी के बाद यह लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड है।

## खदान में चट्टान खिसकने से 6 मजदूरों की मौत

**हैदराबाद, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में एक निर्माण स्थल पर खदान में चट्टान खिसकने से 6 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 10 मजदूर घायल हो गए। हादसे के समय वहां 16 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कई ओडिशा से आए प्रवासी मजदूर थे। पुलिस के मुताबिक, पत्थर तोड़ते समय अचानक एक बड़ी चट्टान गिर गई, जिससे मजदूर मलबे में दब गए। चार घायलों की हालत गंभीर है। राहत और बचाव टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने घायलों के इलाज के आदेश दिए और कहा कि हादसे की जांच की जाएगी।

## साहित्य सृजन

### सावन की सुबह और प्रेम

भीगी भीगी सी हवा चली,
सावन की सुबह हँसने लगी।
कोयल गाए अमृत सुरों में,
बूँदें गिरीं पत्तों की चुनरी में।
खुशबू आई मिट्टी की गोदी से,
मन बोला, आज मिलन होगा ओ री!
बादल बोले प्रेम कहानी,
रिमझिम बूँदें बने निशानी।
मैंने तेरी याद सजाई,
चाय की प्याली में मुस्कान पाई।
तू आया जब भीनी हवा के संग,
हाथों में जैसे आया सावन रंग।
तेरी बातों में भीगी सुबह,
तेरी आँखों में सावन का पहर।
हर बूँद में तेरा नाम लिखा,
हर साँस में तेरा प्रणय बसा।
चलो न, आज इस भीगी धरती पर,
हम प्रेम की एक 'रेखा' खींचें।
सावन का हर क्षण बाँध लें,
तेरे मेरे नाम से इसे सींचें।



**शिवानी चतुर्वेदी, 'रेखा**

### कजरी गीत

हरे रामा बरसि रहें घनश्याम,
बिजुरिया लपकै रे हारी।।
लपकै रे हारी बिजुरिया लपकै रे हारी।।
हरे रामा बरसि रहें घनश्याम
बिजुरिया लपकै रे हारी।।
हुलसति महि अति प्रेम पियासी रामा।।
जिमि हरि दरस पाइ सन्यासी रामा।।
हरे रामा लहेउ अटल विश्राम,
बिजुरिया लपकै रे हारी।।
हरित भूमि तृण संकुल आए रामा।।
जनु भूषण युत नारि सुहाए रामा।।
हरे रामा चमकत है सुरचाप,
बिजुरिया लपकै रे हारी।।
सरिता उमगि सिन्धु पहिं जाई रामा।।
जनु अति आतुर धेनु लबाई रामा।।
हरे रामा रसिकन जारत काम,
बिजुरिया लपकै रे हारी।।



**डॉ. अशोक त्रिपाठी 'माधव', शहडोल**

### सेवा

बेटी बन सेवा करें,बदले है परिवेश,
बढ़ती उसकी लालसा, देती तब क्लेश।
सेवा करते माँ बाप की,पाते वो सुख ठौर,
धरती पर ही स्वर्ग हो, ममता जिसकीओर।
राष्ट्र प्रेम करके जिए ,वही सपूत महान ,
जन्म भूमि है वंदिनी, सेवा है बलिदान ।
गौ माता की सेवा करे, श्रद्धा से उपकार ,
उसका कुल गौरव बढ़े, मिटे सभी विकार।
परहित सरिस धर्म नहीं, सेवा परम उपाय,
तन मन धन से जो करे, भवसागर तर जाय।
सेवा कर निज लाभ बिन, मन से हो निष्काम,
जन हित में जो कर्म हो, सुख हो चारों धाम ।
बिना स्वार्थ करता सदा, सेवा वही महान,
ईश्वर का प्रतिरूप हो, धर्मशील इंसान ।
सेवा मन निर्मल करे, मिटे विकार तमाम,
अहंकार जब छूटता, तभी मिले विश्राम ।
जिसने सेवा साध ली, समझो पूरा ज्ञान,
बिना कहे जो कर चला, वही बड़ा इंसान।
धन देकर सेवा करें, पूरे होते काम ,
इसे भ्रष्टाचार कहें, लेते हैं जब दाम।
जनहित के वो काम में, लगे रहे है खूब,
लिए कमीशन हाथ से, जिनमें जमता दूब।



**रश्मि शुक्ला, पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा रीवा**

### चलो अब भीग जाते हैं

पावस की उमंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
नेह की जल तरंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
हसद की तीव्र वर्षा में लथपथ तप रहे होगे।
प्रेम के अन्य ढंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
हुई भाषा, धरम जाति बड़ी इंसानियत से अब।
बिना उलझे इन दंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
सदन में युद्ध श्वानों सा देखकर शर्म आती है।
नहीं फंसना है पंगों में ,चलो अब भीग जाते हैं।
पहुंची नग्नता घर घर सस्ती रील के जरिए।
बिना रंगे इन रंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
हरेक इंसा में होती है डसने की कलाकारी ।
ढूंढो मत भुजंगों में, चलो अब भीग जाते हैं।
उतारो कोट वर्षा का ये छाता फेंक दो थोड़ा।
चहक जैसी विहंगो में,चलो अब भीग जाते हैं।
हिफाजत में खड़ा मां की लिखा
चिट्ठी वो सरहद से ।
लिपटकर फिर से जंगों में, चलो
अब भीग जाते हैं।
ऊंचा खूब उड़ने पर कटकर गिर ही जाती है ।
बिना खोए पतंगों में, चलो अब
भीग जाते हैं।



**ललित व्यास पांडे, रीवा**

### युद्ध जारी है

हर युग की एक लड़ाई, इस युग में भी जारी है
सिर्फ किताबों के पन्नों में, औरत समाज में भारी है
पुरुषों की जंगों में भी, औरतों को ही तो हार मिली
धन, यश, वैभव के खातिर, पुरुषों ने जो युद्ध किया
जीत गया जो पुरुष, उसने स्त्री का उपहार लिया
दुःखद है, लेकिन सत्य है, एक एक ये वाक्य मेरा
काव्य पढ़ो, उससे पहले पढ़ लो नारी की उत्कंठा
जो आँखों में लिए फिरे है जीवंत मान को पाने की
घर से जंग शुरू है उनकी, रोटी दाल पकाने की
कैसे बना है भोजन सारा, कैसे कपड़ों की स्त्री है
घर सारा संभालने वाली, कितनी मजबूत बनी होगी
सौ कामों के बाद भी वो मजबूती से खड़ी होगी
सारे काम करने के बाद, वो जब थक कर बैठ जाती है
घर के किसी किनारे से एक आवाज फिर आती है
किया गया क्या काम, ही ऐसा जो तुम थक कर चूर हुई
ये तो शोषण की बातें हैं जो जिम्मेदारी बन जाती है
अब समाज के उन नियमों की बात करें
चलो समाज के लोगों के रूढ़ियों में आघात करें
हमने जंग लड़ी है पैदा होने के खातिर भी
हमने जंग लड़ी है पढ़ने के खातिर भी
हमने अपने हर कदमों में शूल लगे पाए हैं
हमने सारी प्रथाएं झेलीं, तब भी तुमको न दर्द हुआ
पुरुष प्रधान इस समाज में कोई नही खड़ा हुआ
पैदा होने से पहले हमें मार दिया जाता है
कभी सती बनाकर के जिंदा जला दिया जाता है
कभी नगरवधु बना कर पीड़ाएं दी जाती हैं
कभी देवदासी कुप्रथा हमं सिखाई जाती है
कितने-कितने अपराधों से भरी तुम्हारी बस्ती है
पुरुष प्रधान इस समाज में नारी
की श्वासें बहुत ही सस्ती हैं
शक्तिस्वरूपा जीवन जीने की
और सम्मान की अधिकारी है



**अपर्णा पाण्डेय**

# रीवा-पुणे एक्सप्रेस का शुभारंभ, सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## सतना से मैहर तक की यात्रा गणेश सिंह ने नई ट्रेन से की



**जागरण, सतना।** रेलवे ने सतना और रीवा के यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाते हुए रीवा.पुणे.रीवा वीकली एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत की है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ रविवार को सांसद गणेश सिंह ने सतना जंक्शन और मैहर स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव वर्चुअली शामिल हुए। सतना जंक्शन पर अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक एडीआरएम आनंद कुमार और सहायक वाणिज्य प्रबंधक एसीएम धर्मेंद्र सिंह सहित रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। रेल प्रबंधन के अनुसार इस ट्रेन को पहले दिन विशेष यात्री गाड़ी का दर्जा दिया गया। यह ट्रेन सतना और रीवा के यात्रियों के लिए पुणे जैसे प्रमुख शहर से सीधा संपर्क स्थापित करेगीए जिससे व्यापार शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**ट्रेन का परिचालन और समय.सारिणी :** रीवा-पुणे-रीवा वीकली एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 6 अगस्त 2025 से शुरू होगा। यह ट्रेन हर बुधवार को रीवा से पुणे और हर गुरुवार को पुणे से रीवा के लिए चलेगी। ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे, जिसमें सेकंड एसी के 2, थर्ड एसी और इकोनॉमी के 3-3, स्लीपर के 6 सामान्य कोच 4,एक एसएलआरडी और एक जनरेटर कार शामिल होंगे। हालांकिए इस ट्रेन में फर्स्ट एसी कोच की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। 3 अगस्त को विशेष यात्री गाड़ी के रूप में इस ट्रेन ने रीवा से सुबह 11 बजे प्रस्थान किया और 11: 55 बजे सतना पहुंची। इसके बाद यह रात 10:20 बजे नागपुर और अगले दिन 4 अगस्त को दोपहर 1: 30 बजे पुणे पहुंची। वापसी में ट्रेन 4 अगस्त को दोपहर 3: 15 बजे पुणे से रवाना होकर 5 अगस्त को दोपहर 3:50 बजे सतना और शाम 5: 30 बजे रीवा पहुंचेगी।

**ये रहे मौजूद :** महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामदास मिश्रा, अध्यक्ष अध्यक्ष विध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स सतीश सुखेजा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता. पंकज सिंह, विवेक अग्रवाल, रविन्द्र सेठी, उमेश प्रताप सिंह, सोमचंद ताम्रकार, केशव बंसल, संदीप जैन, मनोज गुप्ता, कन्हैया पोहानी, वीरेन्द्र द्विवेदी, अशोक गुप्ता, बालेन्द्र गौतम, जानवी त्रिपाठी, लोकेश त्रिपाठी, रमाकांत गौतम, धर्मेंद्र सिंहए फूल सिंह टेकाम,संजय राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# विश्वहिंदू महासंघ की संगठनात्मक बैठक संपन्न



**जागरण, सतना।** विश्वहिंदू महासंघ भारत के संगठन विस्तार की आवश्यक बैठक रामपुर बाघेलान के पैराडाइज रेस्टोरेंट में प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई ।आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद सिंह ने महासंघ की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला एवं संगठन की मजबूती और विस्तार हेतु दिशा निर्देश दिए कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता प्रणय धारा धर ने किया एवं संभागीय संगठन मंत्री अरुण जिज्ञासी ने भारत और हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। रामपुर बाघेलान अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूरी ताकत से संगठन विस्तार हेतु बल दिया। जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्त, नीतेंद्र सिंह,लोकेन्द्र पांडेय,मीडिया प्रभारी संदीप गुप्ता अभिनय सिंह,दिलराज सिंह,सुमित सिंह परिहार,विनोद पटेल,सुशील सिंह बघेल, राकेश अग्निहोत्री,धीरेंद्र निगम,धनंजय पांडेय, योगेश गुप्ता,विनय दुबे,जय प्रकाश विश्वकर्मा ,देवेन्द्र पांडेय, राकेश अग्निहोत्री,रघुराज सिंह बघेल,सहित बड़ी संख्या में महानुभाव उपस्थित रहे और हिंदुत्व के विषय मे गहन चर्चाएं की साथ ही सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ ली।

# स्वच्छ भारत मिशन बना दिखावा मेन मार्केट में लगा कचरे का ढेर



**जागरण, चितरंगी ।** जिले के चितरंगी ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद से लेकर गांवो तक स्वच्छ भारत मिशन का खूब डफली पिटा जा रहा है लेकिन हकीकत कुछ और ही बया कर रही है चितरंगी मेन मार्केट में लगे कूड़े के ढेर से खुल रही स्वच्छता अभियान की पोल जगह.जगह जमें कचरे के ढेर से उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं बात करे राजस्थान मिष्ठान भंडार के सामने सड़क किनारे कचरा इस कदर बिखरा पड़ा है कि मानो जनपद में सफाई की कोई व्यवस्था ही न हो। जनपद की सफाई व्यवस्था पर बड़े.बड़े सवाल उठ रहे हैं। सड़क पर लगे गंदगी के ढेर चितरंगी जनपद की शोभा बढ़ा रहे हैं। लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। शहरों व गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए सरकारी व गैर सरकारी संस्था तरह तरह के प्रयास कर रही है। जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। लेकिन ऐसा लगता है कि नगर निगम भी इन्ही संस्थाओं के भरोसे बैठी हुई है। हालाकि समय.समय पर स्वच्छता को लेकर अधिकारी भी खुद अपनी पीठ थप थपाते रहते है। लेकिन सड़क पर कूड़ा होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहता है। लोगों को सड़क से गुजरने के लिए मुंह पर कपड़ा रखना पड़ता है। बावजूद इसके अधिकारी चुप्पी साधे रहते हैं। जिसका खमियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों व गांवों में स्वच्छता लाने की अपील कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सरकारी अधिकारी शहर की सड़कों पर कूड़ा डालकर मिशन का मजाक बनाते नजर आ रहे हैं।

# वैश्य महासम्मेलन जिला संगठन की हुई बैठक



**जागरण, सतना।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की जिला इकाई सतना की संगठनात्मक बैठक रविवार को स्थानीय होटल श्रीसाइन बस स्टैंड में ससम्मान सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण सदस्यता अभियान और समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय सुधीर अग्रवाल रहे। उनके साथ मंच पर महापौर योगेश ताम्रकार, जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल जिला प्रभारी लखनलाल केसरवानी, प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता, प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता, कर समिति सदस्य नीरज चौरसिया, जिला महामंत्री सुरेश कुमार गुप्ता एवं युवा जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में संगठन को और मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा किए श्संगठन की ताकत समाज की एकता में निहित है। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि सतना जिले में लगभग 2 लाख वैश्य बंधु निवासरत हैं और उन्हें एकजुट करना अत्यंत आवश्यक कार्य है। उन्होंने संगठन की एकता को ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति बताया। प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता ने संगठन की 24-7 सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य महासम्मेलन समाज की सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता है। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश सुधीर अग्रवाल ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराते हुए पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल एवं महापौर योगेश ताम्रकार का शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और संपूर्ण कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार गुप्ता एवं सागर गुप्ता ने किया जबकि आभार प्रदर्शन अजय कुमार सोनी ने किया।

# एक पेड़ मां के नाम का हुआ कार्यक्रम, रोंपे गये पौधे






**जागरण, अमदरा ।** मैहर जिले के मण्डल अमदरा के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में एक पेड़ मां के नाम का आयोजन किया गया जिसने मैहर जिले के लोकप्रिय विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता अरुण गौतम सतीश मिश्रा मण्डल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे ने नायब तहसील एस बी सिंह नीरज गर्ग जिला अध्यक्ष मैहर केमिस्ट एसोसियन रहे सर्वप्रथम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ पीयूष पांडे ने विधायक मैहर और जिला अध्यक्ष का गुलदस्ता देकर सम्मान किया इसके बाद मंचाशीन अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ पीयूष पांडेय कहा कि मां के नाम एक पेड़ लगाने का मतलब है जिस प्रकार से मां अपने बच्चे को पाल पोशकर बड़ा करती है ठीक उसी प्रकार अपने मां के नाम हम एक पेड़ लगाकर उसका पालन पोषण करें कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक मैहर ने मैहर जिले में हो रहे विकाश के कार्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया साथ ही अमदरा में जो मांग पत्र मिला उसे पूरा किए जाने की बात कही कार्यक्रम में भाजपा मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने वृक्षों का प्रकृति में महत्व को बताया और सभी को एक पेड़ लगाने की अपील की साथ ही जिसके पास बगीचा है उसको बगीचा में पेड़ अभियान के तहत लगाने का जोर किया साथ ही उक्त अभियान अपने बगीचे के शुरू करने की घोषणा की इसके बाद ए एन एम श्रीमती संतोष वर्मा बीव स्वेता कुशवाहा आशा कार्यकर्ता मिथलेश सिंह अभिनेष सोनी विनता पटेल जो अच्छा कार्य किए उन्हें विधायक के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र पटेल ने किया इस अवसर पर हरि नारायण गुप्ता और राम गोपाल पटेल ने अपना देह शासकीय चिकित्सा महाविद्यायल सतना को दान किया जिनका सभी ने सम्मान खड़े होकर किया इसके बाद परिसर में वृक्षा रोपण मुख्य अतिथियों तथा आए हुए अतिथियों के द्वारा किया गया उक्त कार्यकम में विष्णु अग्रवाल रमाकांत दुबे तहसीलदार सिंह अधिवक्ता रविन्द्र पांडे अधिवक्ता उत्तम जी राजस्व निरीक्षक असेंद्र सिंह दीपू तिवारी झुकेही राजेश सिंह जोगेश्वर पटेल सुरेन्द्र पटेल मदन कोल प्रमोद पांडे विवेक तिवारी मुरली अजीत दुबे आशुतोष गौतम आशीष शिवहरे दिलीप पटेल शिवम् साहू नीलेन्द्र दुबे दयाली सिंह बी पी एम मनोज सिंह हबीब अमदरा स्वस्थ केन्द्र में कार्यरत सभी कार्यकर्ता थाना स्टॉप अमदरा भाजपा कार्यकर्ता मातृशक्ति वा ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# आप के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जायेंद्र सोमवंशी के सिंगरौली प्रथम आगमन पर किया गया स्वागत



**जागरण, बैढ़न ।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली इकाई के तत्वावधान मे प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में और जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में मीटिंग संपन्न हुई आम आदमी पार्टी सिंगरौली के महापौर एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आज पार्टी कार्यालय में मीटिंग रखी गई! जिसमें आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जायेंद्र सोमवंशी के सिंगरौली प्रथम आगमन पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत किया गया! जिसमें प्रदेश संयुक्त सचिव अक्षय यूथ जिला अध्यक्ष नीरज कुशवाहा महिला जिला अध्यक्ष सुमित्रा शाह विंग जिला अध्यक्ष संजय अशोक कुमारी हिरमनिया सिंह इंदु विश्वकर्मा सीमा शिवा जिला सचिव अनिल संदीप चंदेल संत कुमार केवट मुकेश मोहित सिंह फंटू अग्रवाल दीपक सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश रुद्रम बबुआ राम वैश्य एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**मध्य प्रदेश राज्य सरकार की 18, 20 और 23 वर्षीय प्रतिभूतियों की नीलामी**

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल **₹4,000 करोड़ (अंकित मूल्य)** राशि की प्रतिभूतियों की बिक्री का प्रस्ताव किया है।

एकाधिक मूल्य प्रारुप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन **(ई-कुबेर)** पर **05 अगस्त 2025 (मंगलवार)** को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी **रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसर बोली लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर **01 अगस्त 2025 (शुक्रवार)** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/कॉल द्वारा धोखा न खाएं"

# कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया...




**जागरण, बैढ़न ।** राष्ट्र कवि मैथिली शरण गुप्त की जयंती पर हिंदी श्री साहित्य संस्थान के तत्वावधान में अनगढ़ स्थिति एक हाल में पावस महिला काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित साहित्यकार डॉ उषा कनक पाठक रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाजीपुर से आयी हिंदी श्री की संरक्षक नीलम देवी ने किया। संचालन कवयित्री व लेखिका सृष्टि राज ने किया। मुख्य अतिथि व अध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति वंदना गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि डॉ उषा कनक पाठक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पावस काव्य गोष्ठी में आकर प्रसन्नता हुई। कार्यक्रम उच्चकोटी का था। कजरी मिर्जापुर की पहचान है और विशेष रूप से सावन में गाई जाती है। मुख्य अतिथि ने सुनाया कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया। अध्यक्षता कर रही नीलम देवी ने कहा कि सावन माह धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। ऐसे में पावस महिला काव्य गोष्ठी के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखना सराहनीय है। नंदिनी वर्मा ने सुनाया चला देखी आई सावन के मेला सखी। बड़ा मन करेला सखी। इला जायसवाल ने सुनाया हरे रामा रिमझिम बरसे पनिया कि झूले राधा रनिया ए हरी। कल्पना गुप्ता ने सुनाया बहुतय दर्द होला कृष्ण कन्हैया कलाई जिन मरोड़ा हे बनवारी। कार्यक्रम में सुमन सावित्री कुमारी अमिका सिंह दिव्या सिंह उर्मिला साधना पाठक मोहिनी तान्या कुलश्रेष्ठ नुसरत जमाल पूनम सिंह पूनम प्रीति सोनकर चंदा देवी साधना वर्मा ने कजरी गीत सुनाया। कार्यक्रम के अंत में सावित्री कुमारी ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन®
(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)
INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION
(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)
IBPS प्रज्ञाविभावनम्
असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत
In assessment, India trusts us
वेबसाइट देखने हेतु स्कैन करें
Scan to visit Website

**CRP CSA-XV**

**सहभागी बैंकों में कस्टमर सर्विस एसोसिएट्स (CSA) की भर्ती के लिए साझा भर्ती प्रक्रिया (2026-27 की रिक्तियों के लिए)**

**अधिकृत वेबसाइट: www.ibps.in**
**पूछताछ/शिकायतों के मामले में कृपया https://cgrs.ibps.in पर लॉग इन करें**

सहभागी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कस्टमर सर्विस एसोसिएट्स (Customer Service Associates (CSA)) के पद हेतु कार्मिकों की भर्ती एवं चयन के लिए आगामी साझा भर्ती प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन परीक्षा (प्रारंभिक एवं मुख्य) संभावित रूप से अक्टूबर, 2025 और नवंबर, 2025 माह में निर्धारित की गई है।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| गतिविधि | समयावधि |
|---|---|
| आवेदन के संपादन/संशोधन सहित ऑनलाइन पंजीकरण | 01.08.2025 से 21.08.2025 |
| आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क का भुगतान | 01.08.2025 से 21.08.2025 |
| परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन | सितंबर 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा-प्रारंभिक | अक्टूबर 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा-प्रारंभिक का परिणाम | अक्टूबर/नवंबर 2025 |
| ऑनलाइन परीक्षा-मुख्य | नवंबर 2025 |
| अनंतिम आवंटन | मार्च 2026 |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि, वे विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिये आईबीपीएस की अधिकृत वेबसाइट www.ibps.in का नियमित अवलोकन करें।**

CRP CSA XV के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत नोटिफिकेशन को ध्यान से पढ़ें और यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने से पहले तय तारीखों तक न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों को विस्तृत नोटिफिकेशन में उल्लिखित निर्देशों का पालन करना चाहिए।

मुंबई
दिनांक: 01.08.2025
निदेशक

# काम के अभाव में उपेक्षित हो चुकी है कृषि उपज मंडी

जागरण अनदेखी

## विभागीय अधिकारी बने निष्क्रिय

### शासन की योजनाओं में कर रहे लीपापोती

जागरण, सीधी



जहां एक ओर केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उचित सुविधा मुहैया कराने हेतु जिला मुख्यालय से लेकर ब्लाक स्तर तक मंडियों का संचालन किया गया है वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा मंडी में खरीदी न करवाकर मंडी को खंडहर में तब्दील कर रहे हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा बड़े व्यापारियों से मिलकर किसानों द्वारा दिए जाने वाला अनाज औने-पौने दाम पर खरीदकर किसानों को खुलेआम लूटा जा रहा है। जिला मुख्यालय में पटेलपुल के पास कृषि उपज मंडी का कई वर्षों से संचालन हुआ है लेकिन खरीदी के नाम पर विगत कई वर्षों से केवल कागजों में खानापूर्ति तक सीमित रह गई है। मंडी का हाल यह है कि बड़े व्यापारियों के वाहन खड़े करने का अड्डा एवं मवेशियों के बैठने के साथ-साथ जुआड़ी एवं नशेडियों का अड्डा बना हुआ है जबकि वहीं पर कृषि उपज मंडी के छोटे से बड़े अधिकारी बैठते हैं बावजूद इसके यहां पर बैठने वाले जुआड़ियों एवं नशेड़ियो को मना करने के स्थान पर उन्हे और बढ़ावा देते नजर आ रहे हैं। जब इस संबंध में विभागीय अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि किसान यहां पर कोई अनाज लाना नहीं चाहता, व्यापारियों के यहां ले जाकर अपना अनाज बेच रहे हैं। व्यापारियों द्वारा बाहर ले जाने वाले अनाज के लिए ऑनलाइन पर्ची कटवाकर अपना खरीदा हुआ गल्ला बड़े मार्केट में बेच रहे हैं जिसमें मंडी एवं मंडी प्रबंधक क्या कर सकता है। शहर में ऐसे कई बड़े गल्ला व्यापारी अपनी दुकान खोलकर बैठे हुए हैं जो कि ग्रामीण अंचलों से आने वाले किसानों से मनमानी दामों पर खरीदी कर उन्हे खुलेआम लूट रहे हैं। किसानों की पीड़ा को सुनने वाला न तो कोई विभागीय अधिकारी है और न ही प्रशासन की नजर कृषि उपज मंडी की ओर जा रही है। सालों से बंद पड़ी मंडी की ओर प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही कि मंडी आखिर किस कारण खंडहर में तब्दील हो रही है। कृषि उपज मंडी में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारियों का हाल यह है कि दूर दराज एवं आसपास के छोटे-बड़े व्यापारियों से अनुज्ञा पत्रक एवं सौदा पत्रक जो कि ऑनलाइन कटता है इसके बावजूद भी उनसे अपना हिस्सा लेकर किसानों से खरीदा हुआ अनाज का खुलेआम कालाबाजारी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विडंबना यह है कि जिला मुख्यालय के अमहा स्थित कृषि उपज मंडी कागजों में ही तीन दशक से संचालित है। यहां कभी भी गल्ला का कारोबार मौके पर शुरू ही नहीं हुआ। लिहाजा नवीन गल्ला मंडी क्षेत्र पूरी तरह से वीरान नजर आता है। गल्लामंडी क्षेत्र में बड़ा टीन शेड परिसर मौजूद है। जहां कोई कारोबार नहीं है। यह अवश्य है कि अराजक तत्वों का जमावड़ा यहां दिन एवं रात में बना रहता है। इसके अलावा बड़े गल्लामंडी परिसर में कुछ व्यवसायियों द्वारा अपने वाहनों को खड़ा किया जाता है। बड़े क्षेत्र का कोई उपयोग न होने से समूचे गल्लामंडी परिसर में सन्नाटा ही नजर आता है। कृषि उपज मंडी कार्यालय में केवल कुछ कर्मचारियों की आवाजाही अपनी सुविधा के अनुसार होती है। अधिकांश कर्मचारी भी कार्यालय से गायब रहते हैं।

### तीन दशक से शो-पीस बनी हुई है कृषि उपज मंडी

जिला मुख्यालय के पटेल पुल में नवीन सब्जी मंडी का लोकार्पण तीन दशक पूर्व किया गया था। गल्ला कारोबारियों के लिए यहां दुकानों के साथ ही नीलामी के लिए बड़े शेड की व्यवस्था भी बनाई गई है। विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते यहां की कृषि उपज मंडी में कभी कारोबार शुरू ही नहीं हो सका। गल्ला कारोबारियों के लिए बनाई गई दुकानों को किसी तरह वर्षों बाद व्यवसायियों को किराए पर दिया गया। यहां पर गल्ला का कारोबार एक बड़े गल्ला व्यापारी द्वारा ही किया जा रहा है। अन्य गल्ला कारोबारी पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में ही अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। तत्संबंध में कुछ गल्ला व्यापारियों का कहना था कि पुरानी गल्लामंडी क्षेत्र में कृषि उपज मंडी द्वारा अपना कार्यालय बंद करके नवीन गल्ला मंडी में संचालित किया जा रहा है। किंतु पुराने गल्ला कारोबारी अपना कारोबार पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र से ही संचालित कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से कभी कड़ाई नहीं की गई। इस वजह से नवीन गल्ला मंडी क्षेत्र पूरी तरह से सुनसान एवं औपचारिक बना हुआ है। यहां गल्ला व्यापारी केवल विभागीय काम-काज के सिलसिले में ही जाते हैं। इसके अलावा उनका कारोबार अपने सुविधाजनक स्थान पर ही संचालित होता है। तत्संबंध में विभागीय अधिकारी भी पूरी तरह से निष्क्रिय बने हुए हैं।

# सांसद ने जिला अस्पताल में दो शव वाहनों को दिखाई हरी झंडी



### जरूरतमंदों को चौबीस घंटे मिलेगी निःशुल्क सेवा

जागरण, सीधी

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज जिला अस्पताल में दो शासकीय शव वाहनो को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जरूरतमंदों को उक्त शव वाहनों की निःशुल्क सेवा चौबीस घंटे मिलेगी। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्थाओं में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु पर मृतक के शव को उसके निवास स्थान तक निःशुल्क परिवहन की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा चौबीस घंटे जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश की संवेदनशील सरकार मरीजों के उपचार के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। साथ ही मरीजों की मृत्यु के उपरांत शवों को सम्मानपूर्वक उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान, भाजपा महिला मोर्चा सीधी अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसबी खड़े, आरएमओ डॉ. आशीष भारती, डॉ. रवी, नोडल अधिकारी राजेन्द्र तिवारी, 108 एंबूलेंश के मैनेजर आकाश गौरव तिवारी, जिला प्रबंधक 108 धनंजय यादव, फार्माशिष्ट संदीप मिश्रा सहित अस्पताल एवं एंबूलेंश स्टाफ उपस्थित रहा।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## शासकीय भूमि पर कब्जा कर बना दिया शॉपिंग काम्प्लेक्स



**जागरण, सीधी।** तहसील मुख्यालय बहरी के मुख्य बाजार में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर शॉपिंग काम्प्लेक्श बना दिया गया है। यह सबकुछ सत्ता के संरक्षण में एक नेता द्वारा किया गया। जिस पर पूर्व में भी भूमि हड़पने के आरोप लग चुके हैं। तहसील मुख्यालय में बेसकीमती शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा एवं काम्प्लेक्स बन जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं। तत्संबंध में बहरी बाजार के लोगों का कहना है कि जिस शासकीय भूमि में अवैध रूप से शॉपिंग काम्प्लेक्स बनाया गया है वह पटवारी हल्का बहरी अंतर्गत राजस्व ग्राम केशवाही के रकवा नंबर 159/2, क-160 की आराजी थी। जहां एक गरीब गुप्ता परिवार का निस्तार था। साथ ही कुछ अंश भागों पर गुप्ता परिवार काबिज भी थे। संबंधित भाजपा नेता द्वारा उक्त गुप्ता परिवार से सांठ-गांठ बनाकर अपने को भाजपा पदाधिकारी बताते हुए जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। इसके बाद आनन-फानन में शॉपिंग काम्प्लेक्स बना दिया गया। जिको राजस्थान मिष्ठान भंडार के भारी-भरकम किराए पर दे दिया गया।

## अगवा कर मारपीट के आरोपियों की जमानत खारिज

**जागरण, सीधी।** भाई-बहन अगवा कर मारपीट करने वाले आरोपियों की जमानत अपर सत्र न्यायाधीश श्रृंखला न्यायालय रामपुर नैकिन ने खानिच कर दी है। आरोपी एप्पिल उर्फ प्रशांत पाण्डेय, प्राणू उर्फ प्रभात पाण्डेय, चेतू उर्फ प्रवीण पाण्डेय सभी निवासी ग्राम ममदर , थाना रामपुर नैकिन द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत का आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान पाया कि आरोपियों के विरुद्ध धारा 126(2), 140(3), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता जितेन्द्र कुमार चतुर्वेदी की ओर से आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि वह दिनांक 25 जुलाई 2025 को अपनी बहन मीनू को मोटरसायकल से लेकर घर जा रहा था। रास्ते में ममदर जूड़ा नाला तिराहे के पास आरोपियों ने गाड़ी लगाकर रास्ता रोंककर मारपीट की। बाद में उसे और उसकी बहन को गाड़ी में बैठाकर बंधक बनाकर अपने घर ले जाया गया था। वहां अभियुक्त गण ने उसकी बहन के गले में पहली सोने की चैन, मंगलसूत्र और कान की बाली मारपीट करते हुए उतार ली गई थी। फरियादी के भाई, पिता एवं गांव के लोगों को जानकारी होने पर सभी अभियुक्तगण के घर गए थे। फिर भी अभियुक्तगणों ने बंधकों को नहीं छोंड़ा। जिसके बाद 100 डायल पुलिस को बुलाया गया। पुलिस द्वारा फरियादी जीतेन्द्र और उसकी बहन को छुड़ाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। न्यायालय ने सुनवाई के पश्चात कहा कि आरोपी प्रभात उर्फ प्राणू एवं प्रशांत उर्फ एप्पिल के विरुद्ध इस अपराध के अतिरिक्त और तीन आपराधिक मामले पंजीबद्ध होना दर्शाया गया है। ऐसे में अभियुक्तगण के द्वारा किए गए आपराधिक कृत्य की गंभीरता को देखते हुए उन्हें अग्रिम जमानत पर छोंड़ा जाना उचित नहीं है।

## मानव अधिकारों की रक्षा ही मानवाधिकार है: राकेश



**जागरण, सीधी।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी, राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ. अजय चौधरी, मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी चंद्रकला विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य के मुख्य आतिथ्य में आईडी कार्ड वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य द्वारा कहा गया कि मानव अधिकारो की रक्षा ही मानवाधिकार है। हम सब पदाधिकारियों और सदस्यों को इसी सिद्धांत को लेकर अन्याय, अत्याचार और अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। बैठक की अक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह द्वारा कहा गया कि संगठन में अनुशासन का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन जिला महासचिव अमित प्रधान द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सचिव बृजभान प्रजापति, विनय कुमार द्विवेदी, देवेंद्र प्रसाद मिश्रा, बुद्धसेन साकेत, रामायण पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुनः धसी एमपीआरडीसी की रोड, बड़ी दुर्घटना की संभावना



**जागरण, मझौली।** लगभग महीने दो महीने के अंदर पुनः दूसरी बार एमपीआरडीसी की रोड बह कर धस गई है, जहां बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। जिसको लेकर जिम्मेदारों में कोई सक्रियता या दिलचस्पी नहीं दिखाई दे रही है। लोगों ने मीडिया को फोटो, वीडियो उपलब्ध कराते हुए घटना की जानकारी देते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने व सुरक्षा व्यवस्था बनाए जाने की मांग किए हैं। बता दें कि यह वही रोड व स्थान सीधी से ब्यौहारी मार्ग बनास नदी जो सीधी-शहडोल की सीमा बनाती है। रोड निर्माण होने पर कई बार बह चुकी है, जिसका मरम्मत न निर्माण कार्य मात्र औपचारिकता पूर्ण तक सीमित है। सही और सार्थक प्रकलन से मरम्मत न होने के कारण यहां पास यह रोड निरंतर नाले के पानी के बहाव में कट रही है। अभी हाल ही में पहली बारिश में यहां की रोड बह गई थी। जिसके मरम्मत कार्य कराए जाने के लिए विभाग द्वारा सीधी एवं शहडोल कलेक्टर को पत्र जारी कर 15 दिन के लिए रोड प्रतिबंध करने की पेशकश की थी। इन 15 दिनों में यहां मात्र एक-दो दिन मिट्टी व हार्ड शोल्डर डाल औपचारिकता पूर्ण करते हुए रोड चालू कर दिया गया था। जो पुनः बारिश के पानी में बह कर धस चुकी है। यदि समय रहते इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान व नजर नहीं जाती तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# रोहिणी रमण मिश्रा बने मझौली ब्लॉक के विधायक प्रतिनिधि

### विधायक सहित वरिष्ठ नेता प्रतिनिधियों का जताया आभार

### जिम्मेदारी पर खरा उतरने का दिलाया भरोसा

जागरण, मझौली



मझौली उपखंड के मड़वास तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौहीडोल के अमोहराडोल निवासी निष्ठावान कार्यकर्ता जो मड़वास मंडल के वर्तमान उपाध्यक्ष रोहिणी रमन मिश्रा को उनके कार्य व्यवहार और पार्टी के द्वारा सौंप गए दायित्व का निर्वहन करने को दिष्टतगत रखते हुए विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने मझौली ब्लाक के समान्य सभा की बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं जो विधायक के अनुपस्थिति में बैठक में उपस्थित रहकर प्रतिनिधि रूप में विधायक की भूमिका निभाएंगे। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर श्री मिश्रा ने विधायक कुंवर सिंह टेकाम के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों तथा समर्थक व शुभचिंतक कार्यकर्ताओं के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए सौंपे गए दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का भरोसा दिलाया है। विदित हो कि रोहिणी रमण कई वर्षों से कम उम्र में ही पार्टी से जुड़कर एक समान्य कार्यकर्ता के साथ भाजपा मंडल मड़वास के युवा मोर्चा के महामंत्री व अध्यक्ष पद रहते हुए युवाओं को पार्टी से जोड पार्टी को मजबूत करने में एवं पार्टी प्रतिनिधियों को विजय दिलाने में महती भूमिका निभाते आ रहे हैं। जो विगत छः वर्षों से मड़वास मंडल में उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। मिलनसार, मृदु भाषी-सरल स्वभाव के कारण इनकी गरीबो एवं निम्न वर्गों के लोगों के बीच अच्छी पकड है। जिनके बीच से निरंतर स्थानीय जनप्रतिनिधि चुने जा रहे हैं। पूर्व की पंचवर्षीय योजना में खुद ग्राम पंचायत चदौहीडोल में उप सरपंच रहते हुए ग्राम पंचायत के लोगों के साथ क्षेत्र के लोगों का सेवा भाव से काम करते रहते हैं। जिसका परिणाम रहा की वर्तमान की पंचवर्षीय योजना में इनकी धर्म पत्नी प्रियंका मिश्रा भारी बहुमत से ग्राम पंचायत चदौहीडोल से सरपंच निर्वाचित हुई है। श्री मिश्रा सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति हैं जो लोग चाहे उनके क्षेत्र का हो दूर दराज का इनके पास जाता है सेवा भाव से उनका काम करते कराते हैं जो केवल मड़वास में ही नहीं समूचे विधानसभा व जिले के लोगों के बीच अच्छी पकड़ बनाए हुए हैं। इनके इसी स्वभाव और कार्य व्यवहार के कारण इन्हें पार्टी ने जिम्मेदारी दे रखी है। वही विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने भी शायद इनके इसी कार्य व्यवहार को दृष्टिगत रखते हुए इन पर भरोसा जाताया हैं और अपना प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं।

## खेल से गांव क्षेत्र का होता है नाम रोशन: बद्री



**जागरण, कुसमी।** कुसमी मुख्यालय के भगवार के खेल मैदान में एकदिवसीय मानसून क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन कर्मप्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन एनजीओ के मैंनेजिंग डायरेक्टर बद्री प्रसाद गुप्ता व एजुकेटिव डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव के सौजन्य से आयोजित कराया गया था जिसका उद्देश्य धौह्नी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आंचलिक ग्रामीण खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को उभारने का एक प्रयास था जिसके तहत मानसून कप 2025 का एक दिवसीय क्रिकेट मैच आयोजन कराया गया। जहां धौह्नी विधानसभा के 16 आंचलिक टीमे इस मानसून क्रिकेट मैच में शामिल हुयी और क्रिकेट मैच खेला गया। जहां विजेता टीम महुआगांव को ट्राफी एवं 5100 एवं उप विजेता टीम मझौली को 2100 रुपये का नगद पुरस्कार के सांथ-सांथ सभी टीमों के लिये लंच की व्यवस्था की गई थी। एक -एक ओवर वाले मैच में 16 टीमों ने अपनी प्रतिभाएं दिखाई, जिसमें महुआ गांव टीम ने फाइनल मैच को जीत कर विजेता टीम बनी एवं उपविजेता मझौली टीम रही दोनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर बद्री प्रसाद ने सभी टीमों के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी तरह अगले सत्र मे दूसरे मानसून सीजन मे भी क्रिकेट मैच का आयोजन अगे होगा। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि खेल से न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि खिलाडी अपने क्षेत्र अपने गांव, अपने जिला एवं देश का भी नाम रोशन करते हैं। खेल को सम्पन्न कराने मे केमलभान जायसवाल, बृजभूषण नापित, गोलू गुप्ता, संतलाल साकेत, भीम गुप्ता, विकास श्रीवास्तव, राजा गुप्ता सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# विश्व हिन्दू महासंघ सावन के प्रत्येक दिन का रहा भजन कीर्तन


### रूद्राभिषेक, पूजन, आरती का हो रहा आयोजन

जागरण, सीधी



विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के तत्वावधान में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के प्रत्येक दिन अलग-अलग स्थानों में ओम नमः शिवाय का जाप, भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ एवं विशाल आरती किया जा रहा है। तथा स्थानीय गोपाल दास मन्दिर सीधी में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के 9वीं तिथि के मित्रता दिवस, रविवार के दिन 12 ज्योतिर्लिंगों का सामूहिक विशाल रूद्राभिषेक, हवन पूजन एवं विशाल आरती विधि-विधान पूर्वक भक्त जनों द्वारा किया गया। जिसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के महामंत्री विनय सिंह बाघेल ने दिया है। ज्ञातव्य होवे कि विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के द्वारा सावन माह के प्रत्येक दिन अलग-अलग स्थानों पर भजन कीर्तन ओम नमः शिवाय जाप, हनुमान चालीसा पाठ, राम नाम संकीर्तन एवं विशाल आरती विधि-विधान पूर्वक किया जाता है। जिसके संरक्षक नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान, अध्यक्ष भास्कर सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी सिंह परिहार है तथा साथ में सैकड़ो पदाधिकारी एवं सदस्य भक्तगण सम्मिलित हो कर इतना बड़ा कार्यक्रम करते रहते हैं। इसी कड़ी में ठंडी के समय राम नवमी में विशाल काय 1100 मीटर की लम्बी चुनरी यात्रा एवं गर्मी के चैत्र नवरात्र पर 1100 टोकरी में जवारा यात्रा पूरे सीधी बाजार में ढोल-नगाड़े संग हजारों भक्तों एवं महिलाओं का काफिला के भक्तिमय माहौल देखने लायक ही बनता है। भक्तों के पदाधिकारियों के अलावा बृजेश सिंह गोरे, राजेन्द्र गुप्ता, राजेश सोनी, डैनिहा के राजेश सिंह चौहान, पंकज सिंह चौहान, ब्रजनायक सिंह चौहान, संजय शुक्ल, अरुण सिंह बाघेल, प्रकाश सिंह चौहान, राजेश साहू, शिवकरण सिंह बाघेल, नरेश चौहान, राज बहोर साहू, जीतेन्द्र सिंह चंदेल, रवीन्द्र गौतम, महिलाओं में कारगिल युद्ध के अमर शहीद ताम्रध्वज सिंह बाघेल की पत्नी वीरांगना श्रीमती सुनीता सिंह, पुष्पा सिंह, गायत्री सिंह, सुमन सिंह, ज्योती गुप्ता, प्रतिमा शुक्ल, रजनी जायसवाल, शकुंतला साहू, कल्पना सिंह परिहार के अलावा सैकड़ों भक्तजन शामिल होकर विशाल भंडारे का लुफ्त उठाए।

## बृजेन्द्र सिंह मिस्टर की पुण्य तिथि मनेगी आज



**जागरण, सीधी।** जिले के कद्दावर नेता रहे बृजेन्द्र सिंह मिस्टर की पुण्यतिथि 4 अगस्त को पडैनिया के समाधि स्थल में बनाई जाएगी। इसके लिए सभी शुभचिंतकों को पहुंचने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली के ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा अपील की गई है। यह कार्यक्रम पुष्पांजलि के रूप में आयोजित होगा। जिसमें कि उनके पुत्र आकाश एवं विकास चौहान के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधि स्थल में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

# अंतिम सावन सोमवार को आज शिव मंदिरों में उमड़ेगी भीड़

जागरण श्रावण

### शिव मंदिर बढ़ौरा एवं महुआर में पहुंचेंगे हजारों भक्त

### शिव को प्रसन्न करने किया जाएगा रूद्राभिषेक

जागरण, सीधी



श्रावण के अंतिम सोमवार को आज भोर से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजना शुरू हो जाएंगे। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढ़ौरा एवं नीलकंठ मौहार मंदिर में देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ेगी। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढौरा में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले भर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। शिव भक्त पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक करेंगे। लगभग 4 बजे भोर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाएगी। बढौरा शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहेगा। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहेगा। शिव मंदिर प्रांगण में नारियल एवं चुनरी की सजी दुकानों में जमकर नारियल चुनरी की बिक्री होगी। वहीं प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर खरीददारी से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी की रौनक नजर आएगी। बढौरा शिव मंदिर के पहले ही दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोंक लगी हुई है। बढौरा शिव मंदिर में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को सुरक्षाकर्मियों द्वारा मंदिर के पहले ही रोंका जा रहा है। बढ़ौरा मंदिर के पहले ही वाहनों को इस वजह से रोंका जा रहा है ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अव्यवस्था ना फैले। इसी तरह नीलकंठ मौहार मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर लगा रहेगा। सावन के महीने में बढ़ौरा एवं नीलकंठ मंदिर परिसर में मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें श्रावण मास में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसी वजह से व्यवसायी भी सोमवार के दिन सबसे ज्यादा संख्या में दुकानें सजाने के लिए पहुंचते हैं। बताते चले कि श्रावण मास को शिव भक्ति का महीना माना जाता है। इस वजह से लोग पूरी आस्था के साथ भगवान भोले शंकर आराधना में पूरी तन्मयता के साथ जुटे रहते हैं। श्रावण मास के आगाज के साथ ही शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं द्वारा रूद्राभिषेक का आयोजन भी प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। आज अंतिम सोमवार को मंदिरों के साथ ही घरों में भी लोग रूद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करेंगे। श्रावण मास में रूद्राभिषेक का काफी महत्व होने के कारण लोग इसके माध्यम से अपनी शिव भक्ति को प्रदर्शित करते हैं। रूद्राभिषेक का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा किया जाता है। जिससे उनके यजमान की अभीष्ठ इच्छा पूर्ण हो सके। आज अंतिम श्रावण सोमवार होने के कारण भजन-कीर्तन, भंडारा समेत अखंड मानस संकीर्तन के कार्यक्रम भी प्राथमिकता के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। चारों तरफ सुबह से ही भक्ति से सराबोर श्रद्धालुगण नजर आएंगे। रक्षाबंधन का त्यौहार होने से विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### बढ़ौरा एवं मौहार मंदिरों में पुलिस की चौकसी

जिले के प्रसिद्ध बढ़ौरा एवं मौहार शिव मंदिर में श्रावण मास में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने के कारण यहां सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज पुलिस की कड़ी चौकसी बनी हुई है। आज श्रावण के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों की भीड़ कई गुना ज्यादा बढ़ने के मद्देनजर यहां मंदिर परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था भी बनाई जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा अराजक तत्व न उठा सके। पुलिस द्वारा दोनों मंदिर परिसरों में लगने वाले भव्य मेला भी अपनी चौकसी बनाई गई है। जिससे मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में लगने वाले भव्य मेला का लुत्फ भी उठा सके।

# रीवा-पुणे नई ट्रेन का कटनी रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

## भाजपा नेताओं ने लोको पायलट तथा यात्रियों पर की पुष्प वर्षा, मुंह मीठा कराया



**जागरण, कटनी।** रीवा-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन के कटनी पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने ट्रेन की भव्य अगवानी की, ट्रेन के लोको पायलट को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। ट्रेन के कटनी पहुंचते ही जोरदार नारेबाजी के बीच बोगियों में पुष्प वर्षा की गई। यात्रियों का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि कटनी को पुणे के लिए सीधी ट्रेन प्राप्त हुई। उन्होंने इस ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आभार जताया। जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने विधायकगण संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक के द्वारा निरन्तर रेलवे के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने सद्प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। नई ट्रेन से यात्रियों को मिलने वाली सहूलियत को बताया। कार्यक्रम में मौजूद निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने इस ट्रेन के लिए रेल मंत्रालय सहित सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। ट्रेन के स्वागत उपरांत भाजपाजनों ने निर्धारित स्टॉपेज के उपरांत प्रस्थान पर हरी झंडी दिखाकर रेल गाड़ी को रवाना किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वरिष्ठ नेता पीतांबर टोपनानी, भंवर सिंह चौहान, सत्यनारायण अग्रहरि, रवि खरे, मृदुल द्विवेदी, सुश्री अंकिता तिवारी, रणवीर कर्ण, विजय गुप्ता, मृदुल मिश्रा, रम्मू साहू, यज्ञदत्त मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, संजू गर्ग, कौशलेश मिश्रा, रजत जैन, अवकाश जायसवाल, गोविंद चावला, डब्बू रजक, ओमी अहिरवार, राधे श्याम शर्मा, दीपक तिवारी, आशू पटवा, रेशु टुड़हा, शांतनु दत्ता, कृष्णा गुप्ता, पारस जैन, सचिन निषाद, प्रदीप उपाध्याय, सुश्री ज्योत्सना सोनी, अशोक माखीजा आदि भाजपाजन उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव बिजहा को किया निलंबित

**. जागरण शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बिजहा सचिव श्री साधुलाल पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नल-जल योजना को बंद रखने एवं ऑपरेटर को योजना चालू नहीं करने देने से ग्रामवासियों को कुंए एवं अन्य जल स्त्रोतों से दूषित जल पीने हेतु उपयोग में लाना पड़ा जिसके कारण लगभग 01 दर्जन से अधिक ग्रामवासी बीमार हो गए। सचिव का उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही का द्योतक है। उक्त कृत्य म.प्र. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 का उल्लंघन होकर म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत दण्डनीय अवचार की श्रेणी में पाया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में श्री साधुलाल पटेल का मुख्यालय जनपद पंचायत गोहपारू नियत किया जाता है।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से ब्यौहारी के ग्राम सरसी निवासी श्री शुभम सिंह को उपचार हेतु 35 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल को मिले 2-2 शव वाहन

**जागरण शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शहडोल जिले को चार शव वाहन प्रदाय किये गए है। उन्होंने बताया कि मेडिल कॉलेज एवं जिला अस्पताल शहडोल को 2-2 शव वाहन मिले है। शव वाहन का संचालन केवल जिले की सीमा के अन्दर किया जायेगा तथा शासकीय अस्पतालों मे मृत्यु उपरांत मृतकों को अस्पताल से श्मसान घाट तक सेवा प्रदान करने के लिए शव वाहनों का उपयोग किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शव वाहनो के लिए नोडल अधिकारी डॉ. अनसुमान सोनारे होगे, जिनका मोबाइल नम्बर-799475657 है तथा शव वाहन की आवश्यकता पडने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक से सम्पर्क कर वाहन प्राप्त किया जा सकता है। सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल शहडोल का मोबाइल नम्बर-9424646797 है इन एम्बुलेंसों का संचालन 108 एम्बुलेंस एमरजेंसी सेवाओं के द्वारा किया जायेगा। 108 के एम्बुलेंस एमरजेंसी सेवाओं के जिला समन्वयक श्री नौसाद हसन जिनका मोबाईल नम्बर 9528019937 है। निजी चिकित्सालय, निवास स्थल एवं अन्यत्र किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण मे शव वाहन उपलब्ध नही कराया जायेगा।

# कटनी से नीलकंठेश्वर धाम तक पहुंची शिवभक्तों की कांवड़ पदयात्रा



## पड़खुरी महादेव धाम में हुआ जलाभिषेक

**जागरण, कटनी।** श्रावण मास की पावन बेला में रविवार को कटनी नगर में आस्था और श्रद्धा का ऐसा जनसैलाब उमड़ा, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को शिवमय कर दिया। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल कटनी के तत्वावधान में रविवार को नीलकंठेश्वर धाम पड़खुरी की ओर निकली विशाल कांवड़ यात्रा ने धार्मिक ऊर्जा का एक ऐसा उत्सव रचा जो नगरवासियों की स्मृतियों में लंबे समय तक जीवित रहेगा। यात्रा के मुख्य सूत्रधार रहे विजयराघवगढ़ विधानसभा के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक जिनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और संगठनात्मक कौशल से इस ऐतिहासिक आयोजन की रूपरेखा बनी। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक यात्रा रहा बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत की मिसाल भी बना। 18 किलोमीटर की पैदल यात्रा, नंगे पांव भक्ति का अद्भुत उदाहरण सुबह 7 बजे बागेश्वर धाम आश्रम पुरैनी से आरंभ हुई। कांवड़ यात्रा में हजारों शिवभक्तों ने भाग लिया। सभी ने विशेष पूजन के उपरांत माँ नर्मदा का पवित्र जल भरा और हर हर महादेव के जयघोष के साथ नंगे पांव 18 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू की। कांवड़ यात्रा जागेश्वर धाम कन्हवारा होते हुए नीलकंठेश्वर धाम पड़खुरी पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार, समाज और राष्ट्र की समृद्धि की प्रार्थना की। तब हर तरफ हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। पड़खुरी ग्राम के नीलकंठेश्वर धाम मे यात्रा का समापन हुआ। प्रशासन, स्थानीय ग्रामीणजन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने मिलकर जल वितरण विश्राम स्थल और चिकित्सा व्यवस्था की। यह सहयोग इस यात्रा को सफल बनाने की आत्मा बन गया। रास्ते में उपस्थित ग्रामीणों ने कांवड़ियों का स्वागत कर भक्ति भाव का अनुपम परिचय दिया। यह दिव्य कांवड़ यात्रा न केवल श्रावण मास की धार्मिक परंपराओं का अनुपम उदाहरण बनी बल्कि समाज में एकता, सेवा और श्रद्धा के अद्वितीय भाव को भी जागृत कर गई। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के कुशल मार्गदर्शन में चार दिवसीय आयोजन की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब जनप्रतिनिधि धर्म और संस्कृति के साथ खड़े होते हैं तब समाज नई ऊर्जा से भर उठता है।

# समाजसेवियों ने सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर 10 किलोमीटर तक की पैदल यात्रा

## यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को पौधा भेंट कर पालन पोषण का दिलाया संकल्प



**जागरण, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं इस पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाजसेवी संगठन भी सड़कों पर उतरकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं। समाज सेवा विकास संस्था की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के पठरा ग्राम से लेकर मझगवां ग्राम तक पैदल यात्रा कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया एवं सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर पदयात्रा का समापन किया।

समाजसेवी पूजा सिंह ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाना है राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के पठरा और मझगवां ग्राम के बीच आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें जनहानि का सामना किसी न किसी परिवार को करना पड़ता है यही वजह है कि हमारी पूरी टीम पठरा ग्राम से मझगवां ग्राम तक पदयात्रा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया है और यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को उपहार के तौर पर फलदार और छायादार पौधे भेंट कर पौधे को पाल पोसकर वृक्ष बनाने का संकल्प दिलाया गया है। सड़क दुर्घटना पर जान गवाने वाले दिव्यांग आत्माओं को शांति हेतु मौन धारण कर यात्रा का समापन किया गया।

समाजसेवी राजाराम पटेल ने बताया कि हमारे टीम के द्वारा निरंतर सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न तरह की गतिविधियों के माध्यम से प्रयास किया जा रहे हैं सप्ताह के एक दिन हमारी पूरी टीम सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलती है जिसमें लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाता है इसके अलावा दुर्घटना स्थल बन चुके मझगवां ग्राम के बरही तिराहे में हमने सांकेतिक बोर्ड लगवाया है इसी प्रकार से परमानंद तिराहे में रोशनी की व्यवस्था कराई गई है। आज हमारी टीम ने पदयात्रा वाहन चालकों को कोई यातायात नियमों का पालन करने के प्रति प्रेरित किया है। समाजसेवी सावित्री केवट ने बताया कि हमने जिस मार्ग पर पदयात्रा की है वहां वन प्राणियों को जानकारी के अभाव पर कुछ वाहन चालक राहगीर सड़क पर ही भोजन डाल देते हैं जिससे बेजुबान बंदर एवं अन्य वन्य प्राणी सड़कों पर आते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं जिससे वन्य प्राणियों की तो मौत होती है इसके अलावा इंसानों को भी बड़ी क्षति पहुंचती है।

## चिकित्सा मूल्यांकन शिविर आज

**जागरण, पवई।** पवई विकासखंड पवई के शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज 4 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चिकित्सा मूल्यांकन शिविर एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पहचान, यू.डी.आई.डी. प्रमाणन आदि कार्यों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## जिला पंचायत का बड़ा कारनामा लोकायुक्त में फंसे उप यंत्री को फिर दे दिया गया सेक्टर का प्रभार

**जागरण, पन्ना।** पन्ना जिले में बडे अधिकारी किसी भी भ्रष्ट अधिकारी को जवाबदारी दे देते हैं उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं है कि संबंधित अधिकारी कितना भ्रष्ट तथा कार्य के प्रति लापरवाह है इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत का सामने आया है जिसमें लोकल की कार्यवाही में फंसे उपयंत्री अरविंद त्रिपाठी को मनौर सेक्टर का प्रभाव दे दिया गया है उनके सेक्टर में लगभग एक दर्जन पंचायतें आती है तथा जमकर फर्जी वाड़ा एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है गौर तलब है कि ओपन फी अरविंद त्रिपाठी जनपद पंचायत पवई पदस्थ रहते हुए भ्रष्टाचार के मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा रंगे हाथ में रिशवत लेते हुए गिरफ्तार किए गए थे उन्हें जिला पंचायत में अटैच किया गया था लेकिन जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा पन्ना जनपद में उन्हे मनौर सेक्टर का प्रभार दिया गया है जिनके द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं तथा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है स्थानीय लोगों में जिला कलेक्टर से संबंधित उपयंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


# बसपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डी.सी.राम का हुआ भव्य स्वागत



## चारों विधानसभाओं की संगठन समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**जागरण, कटनी।** बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बालकिशन चौधरी के मुख्य आतिथ्य में 27 जुलाई को नदीपार स्थित गार्डन में चारों विधानसभाओं के संगठन की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि द्वारा कटनी जिले में विधानसभा की समीक्षा के दौरान संगठन को जिला कमेटी एवं विधानसभा कमेटी के साथ सेक्टर कमेटी को हर स्तर पर मजबूत बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में नवनियुक्त बसपा जिला अध्यक्ष कटनी इंजीनियर डी.सी.राम का भव्य स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष की कार्यशैली एवं संगठनात्मक सूझबूझ के प्रति उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं बसपा के शुभचिंतकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। इस समीक्षा बैठक में जोन प्रभारी शिवकुमार वर्मा, जिला प्रभारी हरचरण अहिरवार, जिला प्रभारी धनीराम चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष जागीर सिंह भट्टी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एवं जिला महासचिव रघुवीर सूर्यवंशी ने भी संगठन को और तीव्र गति प्रदान करने हेतु अपने वक्तव्य रखें। संगठन समीक्षा में लोगों की भारी भीड़ में उत्साह एवं जोश का समन्वय था। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोकुल प्रसाद वर्मा, विधानसभा प्रभारी विजयरावगढ़ रामखिलावन, विधानसभा अध्यक्ष विजयराघवगढ़ राजेश रोहित, विधानसभा प्रभारी बहोरीबंद चंदन लोधी, विधानसभा अध्यक्ष बहोरीबंद सुखचैन चौधरी, विधानसभा प्रभारी बड़वारा बबलू चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष बड़वारा सोनेलाल चौधरी, विधानसभा महासचिव बड़वारा शेख साबिर खान, विधानसभा अध्यक्ष मुडवारा फागूराम चौधरी, विधानसभा महासचिव मुड़वारा राजेश पटेल, विधानसभा सचिव मुडवारा संतोष चौधरी, नगर अध्यक्ष अनुज चौधरी एवं नगर महासचिव उमेश चौधरी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में चलेगा, हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान

**जागरण शहडोल।** मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी। अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य'' और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने से प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को बल मिलेगा।

**पंचायतों में होगी विविध गतिविधियाँ :** अभियान में स्वच्छ भारत मिशन (एसवीएम-जी) और जल-जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल-संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है। यह प्रतीकात्मक कार्य सुरक्षित जल और स्वच्छता तक पहुंच द्वारा लाई गई स्वतंत्रता, गरिमा और कल्याण को दर्शाता है। अभियान में ज़िलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयं-सेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## नाम सुधार सूचना

मैं, अक्षत कुमार पाण्डेय, पुत्र श्री रजनीश कुमार पाण्डेय, निवासी 1266, वार्ड 10, यूनिवर्सिटी रोड, पारस नगर, रीवा (म.प्र), यह सूचित करता हूँ कि: मेरी कक्षा 10वीं की सीबीएसई अंकसूची में मेरे पिता का नाम Rajneesh Kumar Pandey तथा कक्षा 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम Akshat Pandey गलत दर्ज है।

सही नाम क्रमशः Rajnish Kumar Pandey (पिता का) व Akshat Kumar Pandey (मेरा) है, जो मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में अंकित है।

अतः भविष्य में इन्हीं सही नामों को मान्य माना जाए।

## इस्तहार/सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एवं शासकीय विभागों को सूचित किया जाता है की प्रार्थिया से उसकी बहन अंजली पाठक पत्नी श्री हरीशंकर पाठक उम्र 56 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 नियर राधा मोहन स्कूल ढेकहा रीवा तहसील हुजूर रीवा ने दिनांक 23.07.2025 को धोखे में रखकर मुख्त्यारनामा लिखा लिया है और उसका पंजियन उपपंजियक रीवा से करा लिया है, जबकी प्रार्थिया ने कोई मुख्त्यारनामा (आम) निस्पादित नहीं कराया है और न ही लिखवाया है। उक्त मुख्त्यारनामा के आधार पर यदि मेरी बहन अंजली पाठक मेरी तरफ से किसी भूमि का क्रय विक्रय करती है किसी न्यायालय में मेरी तरफ से पैरवी करती है तो उसे ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। मैं प्रार्थिया दिनांक 23/07/2025 को बहन अंजली पाठक के पक्ष में कथित मुख्त्यारनामा को निरस्त करती हूं। बहन अंजली पाठक को मेरी सम्पत्ति में किसी तरह का अधिकार नहीं होगा।

प्रार्थिया
अर्चना दुबे
पुत्री स्व. श्री विनायक प्रसाद पांडे
पत्नी निशाकर दुबे निवासी
ग्राम सगरा तहसील हुजूर
जिला-रीवा, हाल पता-
सुधाकर रोड, खजुरी वाराणसी
वाराणसी, (उ.प्र.) 221002

## कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल शहडोल, (म.प्र.)

office 07652-245207 E-mail-distt.jalilshahdol57@gmail.com

क्रमांक 784/निर्वाह/2025 शहडोल, दिनांक 29.07.2025

**तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2025-26 ( आमंत्रण )**

जिला जेल शहडोल में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये के वाहन हेतु तृतीय बार वार्षिक निविदा वर्ष 2025-26 ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | प्री-बिड मीटिंग | दिनांक 04.08.2025 समय प्रात:11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल म.प्र |
| 02. | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म का मूल्य 05.00 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रूपये तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056 -800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | दिनांक 18/08/2025 सायंकाल 5:30 बजे तक | https://www.mptenders.g ov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 03. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 18.08.2025 सांय 05:00 बजे तक | https://www.mptenders.g ov.in पर अपलोड किया जा सकेगा। |
| 03. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) | दिनांक 19/08/2025 प्रात:12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल म.प्र. |
| 04. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 19/08/2025 सांय 04.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल म.प्र. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता हैं।

G-16711/25

जेल अधीक्षक
जिला जेल शहडोल ( म.प्र. )

## क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रीवा रोड मैहर बाई पास, सतना (म.प्र)

E-Mail-romppch_satna@rediffmail.com, website-www.mppch.nic.in

**लोक सुनवाई सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव ऑकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.06 तथा यथा संशोधित 09 मई 2022 एवं Office Memorandum No. J-11015/387/2008-I A,11 (m) dated 28th Sep. 2011 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स इन्दु अहलूवालिया, कटनी लाइम स्टोन माइन, माइनिंग आफमिनिरल्स, ग्राम.कटनी, तहसील.रामनगर, जिला-मैहर (म.प्र.) रकवा 120.949 हैक्टेयर, उत्खनन क्षमता- ROM 1524587.5 TPA (Limestone 519730 TPA, OB as a mine waste-926923.50 TPA & Soil 77934 TPA) हेतु म.प्र. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन कमेटी (SEIAA) में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में टी.ओ.आर. जारी कर नियमानुसार लोक सुनवाई कराने के निर्देश दिये गये हैं उसी अनुकम में माइन प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना का कार्यकारी सारांश एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए./ रिपोर्ट) जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय मैहर, मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जिला पंचायत सतना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामनगर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सतना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद न्यु रामनगर तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना एवं बोर्ड के वेबसाइट www.mppcb.nic.in पद पर उपलब्ध रहेगा।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सुझाव, विचार, टीका.टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना में प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 12.09.2025 दिन-शुक्रवार, समय-सुबह 11.00 बजे से स्थान प्रस्तावित माइन स्थल के पास ग्राम.कटनी, तहसील.रामनगर, जिला.मैहर (म.प्र.) में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर अपने मत लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

(एस.पी. झा) क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सतना (म.प्र.)

## कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

**आम उद्घोषणा**

पुलिस थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा द्वारा प्रतिवेदन क्र. 01/19, 01/20, 01/25 दिनांक 06.05.2025 को प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि संलग्न सूची अनुसार वाहन उनके थाने के द्वारा 25 पुलिस एक्ट के तहत जप्त है जो थाना परिसर सिटी कोतवाली रीवा मे रखे हुए है। जप्तशुदा वाहनो के मालिक की भी जानकारी हासिल नही हो रही है। अतः इनकी उद्घोषणा जारी की जाकर अग्रिम कार्यवाही की जाए वाहनो का विवरण निम्नानुसार है :- SDM कार्यालय के पत्र क्र. 927/SDM/25 दि. 2/6/25 के उदघोषणा आदेश पर थाना कोतवाली रीवा के पुलिस एक्ट 25 के इस्त.क्र. 01/19 में जप्त एक आटो इस्त. क्र. 01/20 में जप्त एक अपाची MP17MK4795 इस्त.क. 01/25 में जप्त 40 मो.सा. एचएफ डीलक्स घे. MBLHA11AAE9E0419, हीरो होण्डा Mp190936, LML फ्रीडम MP19G1066 पल्सर MP17MM1962 प्लेटिना थे. नं. MD2DDDZZZNWH13556 स्प्लेण्डर प्रो. चे.नं. MBLHA1056854 अपाचे MP04MP9335 डिस्कवर Mp17MA2999, बिना नं. की TVS Star-CT-, HF Deluxe-Mp18mg2835, पल्सर इ. नं. DK0BUH86387, सीटी 100 इं. नं. DUMBNE02909, HF डिलक्स इं. नं. HA11EA9L05207, स्प्लेण्डर, प्रो. चे. नं. MBLHA10A5DHE21075, साइन इ. व. JC36E5015275, स्प्लेण्डर, चे.नं. MBLHA10CGGHC71, TVS स्पोर्ट चे.नं. KA38J1789MD5B1L87090, प्लेटिना MP17MR18, चे.जे. MGPWA31190, प्लेटिना चे.नं. MD2A76AZ90, इ.नं. PFZRGJ44940, साइन MP17MH5356, डिस्कवर इं.नं. JBUBVA10173, प्लेटिना MP17MA5975, स्प्लेण्डर MH81BC4418, पल्सर चे.नं. MD2DHDD22BCF78524, इ.नं. DHGBRF79350, साइन MP17MC5219, विक्टर थे.नं. MP17HG9017, इं.नं. NCC09P45470, स्प्लेण्डर प्लस बिना नंबर TVS स्टार हैं.नं. 0F5D91540920, यमहा कवस इं.नं. SKA351474, होण्डा साइन बिना नंबर की, टीविएस स्टार ई.नं. 01021C1B, वैशन प्रो. चे.नं. 01D21C1B, पैशन चे.नं. MBLHA10AHAGG393, डिस्कवर, चे.नं. 02D5J222TH536, इ.नं. JZOBT11094, साइन बिना नंबर, पल्सर इ.नं. HVB-MADD95, चे.नं. DHGBUB263, HF डिलक्स चे.. MBLHA11EG99K008, इं. नं. HA11EA99J290, स्प्लेण्डर प्लस बिना नम्बर स्प्लेण्डर प्रो. चे.नं. MBLHA10A30HL484, सी.डी. डीलक्स थे.नं. MBLHA11ERB9E1228 के संबंध में आम जन को सूचित किया जात है कि उपरोक्त लावारिस वाहनों के संबंध में कोई व्यक्ति अधिकारिता रखता है तो वह वैध वस्तावेजो के साथ थाना सिटी कोतवाली रीवा अथवा एसडीएम कार्यालय हुजूर में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है समाचार प्रकाशन के 15 दिवस के उपरांत उपरोक्त लावारिस वाहनों को नियमनुसार नीलामी किया जावेगा एवं भविष्य में यदि कोई लावारिस वाहन के संबंध में दावा करता है तो किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी बल्कि नीलामी में प्राप्त राजस्व के आधार पर ही राशि देय होगी।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
अनुभाग हुजूर जिला रीवा ( म.प्र. )

# एक राष्ट्र एक चुनाव देशहित के लिए : भाजपा

## वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार संगोष्ठी संपन्न



**जागरण, मंडला ।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंडला द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय मंडला में संपन्न हुआ। यह बैठक भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीति वन नेशन, वन इलेक्शन को जनसामान्य के बीच विस्तार से रखने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, लोकसभा सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा, सिंधी समाज के अध्यक्ष पूज्य श्री गोवर्धन दास सिरवानी, सिंधी समाज उपाध्यक्ष श्री शंभू जेठ मलानी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजय मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री रोचीराम गुरवानी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा, कि एक साथ चुनाव होने से खर्च और प्रशासनिक लागत में भी बचत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कम चुनाव निर्बाध शासन और नीति कार्यान्वयन सुनिश्चित करते हैं, जैसे कि अन्य देशों में देखा गया है। समकालिक चुनाव केन्द्र और राज्य की नीतियों के बीच समन्वय में सुधार कर सकते हैं, जैसा कि विश्व स्तर पर समान चुनाव प्रणालियों में देखा गया है। जिस तरह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान अधिकारी कर्मचारी परेशान होते है जिन्हें काफी राहत मिलेगी। वहीं वोटिंग प्रतिशत भी बढेगा। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन विचार भारतीय लोकतंत्र के संचालन को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इससे चुनावी प्रक्रिया में बार-बार होने वाले खर्च और समय की बर्बादी रुकेगी, जिससे राष्ट्र को अधिक स्थायित्व मिलेगा। हमारी पार्टी इस विषय पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। आज का कार्यक्रम इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। मंडला जिले के कार्यकर्ता देशहित और लोकतंत्र के सशक्तिकरण हेतु तत्पर हैं। हम हर मंच से इस जनहितैषी पहल का समर्थन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा, लगातार चुनावों की प्रक्रिया देश के संसाधनों पर भारी दबाव डालती है। एक साथ चुनाव कराने से न केवल खर्च में कटौती होगी, बल्कि विकास योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन भी सुनिश्चित हो सकेगा। यह लोकतंत्र की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार चुनाव से शासन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है और विकास कार्यों में रुकावट आती है। वन नेशन, वन इलेक्शन से न केवल चुनावी खर्च घटेगा, बल्कि आम जनता का ध्यान भी बार-बार चुनावी माहौल से नहीं भटकेगा। यह व्यवस्था देश में राजनीतिक स्थिरता और समग्र विकास की राह को आसान बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी इस दूरदर्शी सोच को देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक राष्ट्र के रूप में हमारी सोच की एकता का भी प्रतीक है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अपने संबोधन में कहा,वन नेशन, वन इलेक्शन न केवल आर्थिक संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि प्रशासनिक और विकास कार्यों में निरंतरता लाएगा। यह विचार भारत को एक सशक्त लोकतंत्र की ओर अग्रसर करने का एक ठोस कदम है। मंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा केवल राजनीतिक सुधार नहीं है, यह सामाजिक और प्रशासनिक स्थायित्व की आवश्यकता बन चुकी है। इससे सरकार लंबे समय तक स्थायी रहेंगी, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा। विचार संगोष्ठी में विचार रखते हुए प्रबुद्धजन श्री गणेश जसवानी ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन जैसी सोच समय की मांग है। यह न केवल चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित करेगा, बल्कि देश की आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक ऊर्जा को बचाकर उसे रचनात्मक कार्यों में केंद्रित करने का मार्ग खोलेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन न केवल एक राजनीतिक सुधार है, बल्कि यह संविधान की भावना के अनुरूप एक दूरगामी विचार है। बार-बार चुनाव से न्यायपालिका पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है, क्योंकि चुनाव संबंधी विवादों की संख्या बढ़ जाती है। एक साथ चुनाव होने से न्यायिक प्रक्रिया को भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कार्यक्रम प्रभारी नीरज मरकाम द्वारा द्वारा संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई गई। वहीं शिवा रानू राजपूत ने सभी आगंतुकों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में विनय मिश्रा, जयदत्त झा पारस असरानी,गणेश जसवानी, अशोक गुरवानी, शक्ति क्षेतीजा, हेमंती क्षत्री, रवि कुकरेजा, रवि पमनानी, इंदर सहजवानी, आकाश क्षत्री, हेमू सुखवानी, अशोक कुकरेजा, शंकर बानी, विकास क्षत्री, मुकेश रेहंदवानी, गणेश सीरवानी,रोहित जैन, लीला बर्वे,निरंजन कछवाहा, सूर्यकांत जंघेला, नरेश कछवाहा ,सौरभ गुप्ता, विनय तिवारी, सचिन शर्मा,सुनील मिश्रा, श्?याम दुबे, रवि सोनवानी, वेदप्रकाश कुलस्ते, सत्यम मिश्रा, बसंत चौधरी, दिनेश चौधरी,झब्बू मिश्रा, नरेश सिंधिया,दिलीप नंदा, प्रमोद चौरसिया हित महिला मोर्चा से शशि पटेल, मंजू कछवाहा, अनीता तिवारी, शिखा श्रीवास्तव, उमा यादव, अनीता चौधरी, माया गुप्ता, प्रतिभा साहू, पूर्णिमा धुर्वे, सहित भाजपा के अनेक मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# विद्यार्थियों की उपलब्धियों का श्रेय शिक्षकों को जाता है : मंत्री श्रीमती उइके



## जिले के 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**जागरण, मंडला ।** जिस तरह कुम्हार साधारण मिट्टी को आकार देकर अद्भुत कलाकृति तैयार करता है ठीक उसी तरह शिक्षक भी विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारकर उनके भविष्य को गढ़ता है। विद्यार्थी अपने जीवन में जो उपलब्धि हासिल करता है उसका श्रेय शिक्षकों को ही जाता है और वे गर्व महसूस करते हैं। यह बात कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमति सम्पतिया उइके ने कही। वे शासकीय रानी फूलकुंवर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जिले के उत्कृष्ट विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुई।मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड न केवल प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर है बल्कि उनको भविष्य के लिए प्रेरित करने का भी उत्सव है। मंडला के हमारे बच्चे प्रतिभाशाली हैं। आज हमारे बच्चे हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। आज के यही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र की सेवा करेंगे और देश के भविष्य का निर्माण करेंगे। विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान के इस कार्यक्रम से आने वाले समय में और भी बच्चे प्रेरित होंगे ऐसा मेरा विश्वास है। प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू कर रहे हैं। इसमें अब निःशुल्क स्कूटी, साईकिल, गणवेश, पाठ्यपुस्तकें, मध्यान्ह भोजन और लेपटॉप वितरण भी किया जा रहा है। इन सारी सुविधाओं से निश्चित ही शिक्षा जगत में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जितनी संख्या में आज यहाँ बेटियां आई हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि हमारी बेटियां अब बेटों से कम नहीं हैं। लोगों की सोच में बदलाव हुआ है, अब प्रशासनिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपनी दक्षता से परचम लहरा रही है।

# मंत्री एवं सांसद नगरपालिका नैनपुर में भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए

**जागरण, मंडला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमति संपतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 3 चकोर नदी में घाट निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 3 चकोर तट हनुमान मंदिर के पास टीन शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 14 में ट्रेन्चिग ग्राउड में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 15 में रेल्वे अंडर ब्रिज से राम प्रजापति (महेन्द्र हट्टेल) तक सी.सी. रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि नगरीय निकायों में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। हनुमान मंदिर शेड के लिए विधायक निधि से राशि दी गई है। यहां किए जाने वाले निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्री का इस्तेमाल हो, इसके निर्देश भी मंच से संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवक के रूप में आपकी सेवा करने का अवसर मिला है। जनता से जुड़े कार्य आप सभी के सहयोग से ही पूर्ण हो सकते हैं। केन्द्र व राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही है। मंत्री श्रीमती उइके ने नगरवासियों को रक्षाबंधन और श्रावण मास की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि घाटों का निर्माण और विकास कार्य के लिए राशि विधायक निधि से स्वीकृत हुई है। उन्होंने इन विकास कार्यों के लिए नगरवासियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि नैनपुर में आज 4 विकास कार्यों के भूमिपूजन हो रहे हैं। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद नैनपुर अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा पंजवानी, एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर, नगरपालिका परिषद नैनपुर उपाध्यक्ष श्रीमति संजूलता वैष्णव, श्रीमति पिंकी चौधरी, पार्षद श्री राजाराम शर्मा, श्रीमति निशा चन्द्रौल, श्रीमति सुशीला चौरसिया, श्रीमति लक्ष्मी परते, श्री प्रदीप चौरसिया, पार्षदगणों में श्रीमति निकिता शर्मा, श्री नितिन ठाकुर, श्री करन इनवाती, श्रीमति साधना रंगारी, श्री सुनील विश्वकर्मा, सुश्री कुसुम यादव, श्री मोहितकांत झारिया, नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी और वार्ड

# सक्का-अमरपुर तिराहा बना दुर्घटना का केंद्र, आए दिन हों रहे एक्सीडेंट



**डिंडोरी ।** सक्का-अमरपुर तिराहा इन दिनों गंभीर समस्या का केंद्र बन चुका है। लगातार बारिश के चलते यह मार्ग दलदल में तब्दील होता जा रहा है, जिससे यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।स्थानीय नागरिकों के अनुसार, अमरपुर की ओर जाने वाला हाइवे काफी लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर गड्ढे, कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी रहती है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के मौसम में दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।क्षेत्रवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आमजन परेशान हैं और आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी चिंता का विषय बनी हुई है।

# संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट समापन समारोह का भव्य आयोजन संपन्न



**जागरण, डिंडोरी ।** पीएम श्री शासकीय विद्यालय मैदान, डिंडोरी में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट समापन समारोह का सफल एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसमें बजाग, करंजिया एवं मेहंदवानी विकासखंडों के विभागीय टीमों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया।समारोह में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (हऋऋरू) के जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों को उनके प्रभावी एवं प्रतिबद्ध प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डिंडोरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, जनपद सदस्य श्रीमती हीरा देवी, तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पंकज टेकाम विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला योजना अधिकारी सुश्री भारती मेरावी द्वारा अतिथियों को आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत अब तक प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों एवं सूचकांकों में सुधार की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डिंडोरी जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या को आगामी 20 अगस्त 2025 को राज्य स्तरीय समारोह में रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के दूसरे भाग में तीन दिवसीय 'आकांक्षा हाट' के सफल समापन की घोषणा की गई। हाट में भाग लेने वाले स्थानीय उत्पादकों, स्व-सहायता समूहों एवं हस्तशिल्पियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ई-कॉमर्स बाजारों से जोड़ने हेतु कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिससे उनकी उत्पादकता एवं आय में दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।इस आयोजन को सफल बनाने में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के श्री अभिषेक बंसल, आकांक्षी विकासखंड फेलो श्री सर्वेश गुप्ता, विकास जैन एवं हरीश विश्वकर्मा का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते ने जिला प्रशासन को सुझाव दिया कि स्थानीय स्व-सहायता समूहों एवं विक्रेताओं को जिला अस्पतालों में चादर व आवश्यक सामग्री की आपूर्ति से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आजीविका को मजबूती मिल सके।विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में उद्यमिता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा विक्रेताओं को संगठित रूप से प्रेरित करने की बात कही।भाजपा जिलाध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने इसे नीति आयोग एवं भारत सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक नवाचारी प्रयास बताया।

# महिला सरपंच के खाते में स्कूल रसोइया का मानदेय, बगैर काम वर्षों से ले रही भुगतान

## पद का दुरुपयोग कर शासन को लगाया लाखों रुपए का पलीता




**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में सरकारी धन का बंदरबांट चरम पर है, बात चाहे निर्माण कार्यों के नाम पर धांधली की हो या फिर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए गबन करने की, जिम्मेदारों को शासन प्रशासन और नियम कानून का कोई भय नहीं है। बेखौफ होकर शासन को धड़ल्ले से पलीता लगाया जा रहा है।डिंडौरी जिले में चौंकाने वाला मामला सामने आया है, यहां एक महिला सरपंच बगैर काम के ही लगभग 35 माह से प्रतिमाह 4000 हजार रुपए रसोइया का वेतन ले रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको के पोषक ग्राम लखनपुर में संचालित प्राथमिक विद्यालय में छोटी बाई सैयाम रसोइया के पद पर कार्यरत थी। पंचायत चुनाव 2022 में सरपंच निर्वाचित होने एवं 26 जुलाई को पदभार ग्रहण करने के बाद एक भी दिन रसोइया का काम नहीं की हैं।इसके बावजूद सरपंच छोटी बाई सैयाम ने पद का दुरुपयोग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर जुलाई 2022 से जून 2025 तक लगातार प्रतिमाह रसोइया का वेतन स्वयं के खाते में प्राप्त की है।ग्राम पंचायत कोको की सरपंच निर्वाचित होने के बाद से अब तक लगभग 35 माह का लगातार भुगतान प्राप्त कर शासन को लाखों रुपए का पलीता लगाते हुए भ्रष्टाचार किया गया है, जब इस संबंध में सरपंच छोटी बाई सैयाम से पक्ष जानने हेतु संपर्क किया गया तो उनके पुत्र ने जानकारी न होने की बात कही है, वहीं ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत को सरपंच पुत्र ज्ञान सैयाम चला रहा है।

# मैया अभियान के तहत शंकर घाट की सफाई की गई



**जागरण, डिंडोरी।** माँ नर्मदा को समर्पित पर्यावरण संरक्षण मैया अभियान अंतर्गत रविवार शंकर घाट में स्वच्छ्ता सेवा की गई। प्रतिदिन सैकड़ो संख्या में श्रद्धालु शंकर घाट में पूजा अर्चना एवं श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं। बाढ़ के कारण नर्मदा घाट में फैली प्लास्टिक पन्नियों , कपड़े एवं कापू को साफ कर लगभग एक ट्राली प्रदूषक निकाला गया। मैया अभियान लगभग 3 वर्षो से लगातार जारी है इसमें सरकारी कर्मचारी ,विद्यार्थी एवं नगर निवासी स्वेच्छा से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे से श्रम दान करते हैं ।मैया अभियान के सभी सदस्यों ने नगर वासियों ,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि स्वच्छ्ता सेवा में शामिल होकर माँ नर्मदा को निर्मल बनाए ।रविवार को डॉ संतोष परस्ते आयुष विभाग , वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, नेहरू युवा केन्द्र आर पी कुशवाहा , शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित ,पशु चिकित्सा से गणेश गवले ,प्रयास कोचिंग मनोज चौकसे , रक्त देवदूत भागवत यादव , ओम वीर जाट, आशीष तिवारी, विद्यार्थी माही बोरोतिया, अवध गोहिया , याथार्त यादव , संतोष परमार , धीरज रजक ,राकेश नामदेव , विजय ने नर्मदा सेवा में योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

# भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने निकल रही सनातन यात्रा

**नौगांव ।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा लिए गए भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के संकल्प को समर्थन देने के उद्देश्य से ग्राम नैगुवां के ग्रामीणों द्वारा सनातन यात्रा निकाली जा रही है। ग्राम नैगुवां से बागेश्वर धाम तक निकाली जा रही इस यात्रा का शुभारंभ रविवार को नैगुवां के पटवा हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ के साथ हुआ। सनातन यात्रा के आयोजक सुखन महाराज ने बताया कि यात्रा का पहला विश्राम छतरपुर के समीप ग्राम कैंड़ी में होगा और इसके बाद सोमवार शाम को यात्रा बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचेंगे, जहां दर्शन और पूजा-पाठ का आयोजन होगा। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं, जो धार्मिक गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे हैं हुए। सुखन महाराज ने बताया कि यह यात्रा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री की हिंदू एकता और सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने की मुहिम का हिस्सा है। यह यात्रा पिछले तीन वर्षों से हर साल आयोजित की जा रही है और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के हिंदू राष्ट्र के संकल्प को समर्थन देने के लिए समर्पित है। यात्रा में अखिलेश कुशवाहा, वीरनारायण यादव, अनुज दिक्षित और सरपंच अश्वेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं।

# बारिश से बिगड़े हालत, हादसे का खतरा

**छतरपुर।** पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण पठापुर गांव को जिला मुख्यालय से जोडऩे वाला मार्ग खतरनाक हो गया है। यहीं पर सड़क किनारे मौजूद एक कुंआ धंस जाने के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके नगर पालिका लापरवाही दिखाते हुए ध्यान नहीं दे रही है, जिससे किसी दिन यहां बड़ा हादसा हो सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पठापुर गांव की ओर जाने वाली सड़क के किनारे बारिश के कारण एक कुआं धंस गया है और लोग इसी के बगले से जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। नगर पालिका ने कुएं के पास बैरिकेड्स तो लगा दिए, लेकिन 20 दिन बीतने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय किसान कमलेश कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने कुएं की स्थिति को लेकर नगर पालिका में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं एक अन्य टैक्सी चालक ने कहा कि अगर स्थिति में जल्दी सुधार नहीं किया गया तो किसी दिन सड़क, कुएं में समा सकती है। स्थानीय लोगो ने जिम्मेदारों की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

# मंत्री एवं सांसद ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी



## गाड़ी संख्या 01709 रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पहुँची नैनपुर स्टेशन

**जागरण, मंडला ।** नैनपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 01709 रायपुर-जबलपुर नई दैनिक एक्सप्रेस के नैनपुर स्टेशन आगमन पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भव्य स्वागत किया। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची इस ट्रेन को उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल सेवाओं के विस्तार से लोगों को यात्रा करने में सहुलियत होगी साथ ही व्यापार, व्यवसाय करने वाले लोग कम समय में आसानी से सफर पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इन रेल सेवाओं के लिए बधाई प्रेषित की। गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर-रायपुर नई दैनिक एक्सप्रेस जबलपुर से चलकर नैनपुर स्टेशन पर दोपहर 1:35 बजे पहुंचेगी एवं दोपहर 1:40 बजे यहां से रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01709 रायपुर-जबलपुर नई दैनिक एक्सप्रेस रायपुर से चलकर शाम 4:35 बजे नैनपुर स्टेशन पहुंचेगी और शाम 4:40 बजे जबलपुर के लिए रवाना होगी।विदित है कि आज केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा गाड़ी संख्या 01702 जबलपुर-रायपुर नई दैनिक एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 01709 रायपुर-जबलपुर नई दैनिक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 02152 रीवा-पुणे नई साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेल सेवाओं का शुभारंभ किया गया है।कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद नैनपुर अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा पंजवानी, एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर, नगरपालिका परिषद नैनपुर उपाध्यक्ष श्रीमति संजूलता वैष्णव सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और रेल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और यात्रीगण उपस्थित थे।

# थाना बमीठा पुलिस ने 4 किलो 350 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**खजुराहो ।** थाना बमीठा पुलिस को विगत रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान ग्राम गढ़ा पर पहुंची, गांव में एक थैला लिए खड़े संदिग्ध को रोककर तलाशी ली गई। थैले में टैपिंग से बंद 4 पैकिट में अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। अवैध मादक पदार्थ गांजा करीब 4 किलो 350 ग्राम कीमत करीब 60 हज़ार रुपए जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। अवैध मादक पदार्थ में लिप्त अभियुक्त कल्लू आदिवासी पिता कन्हैया आदिवासी निवासी ग्राम गढ़ा थाना बमीठा जिला छतरपुर के विरुद्ध थाना बमीठा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।उक्त कार्यवाही में एसडीओपी खजुराहो श्री मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, उप निरीक्षक शैलेंद्र चौरसिया, प्रधान आरक्षक सुरविंद सिंगरौल, प्रधान आरक्षक राम कृपाल शर्मा, आरक्षक निकेश, भानु पटेल, रवि नरवरिया, बेटा लाल की भूमिका रही।

# दसवीं बुंदेलखंडी कांवड़ यात्रा में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब



**जागरण, छतरपुर ।** पवित्र श्रावण माह में क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना लेकर हर वर्ष निकाली जाने वाली बुंदेलखंडी कांवड़ा यात्रा के दसवें संस्करण का रविवार को छतरपुर के रामचरितमानस मैदान से शुभारंभ हुआ। सुबह 10 बजे से ही भक्तों का एकत्रीकरण होने लगा था। दोपहर करीब 1 बजे कांवड़ पूजन के साथ यात्रा गंतव्य की ओर रवाना हुई। बुंदेलखंडी कांवड़ यात्रा के आयोजक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गुड्डू और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि यह आयोजन राजनैतिक नहीं है, इसी कारण से हर तबके के लोग इसमें शामिल होने पहुंचे हैं। श्री सिंह ने बताया कि यात्रा सावन माह के अंतिम सोमवार को जटाशंकर धाम पहुंचेगी, जहां जलाभिषेक और शिवार्चन किया जाएगा। यात्रा प्रारंभ होने के पश्चात शहर में जगह-जगह सभी भक्तों का शहरवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। छतरपुर शहर के अलावा रास्ते के दर्जनों गांवों में भी लोगों ने पुष्पवर्षा और स्वलपाहार कराकर यात्रा का स्वागत किया। आपात स्थिति और पदयात्रियों की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आधा दर्जन से अधिक एम्बुलेंस वाहनों को तैनात रखा गया। वहीं प्रशासन ने भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर टीमें तैनात रखीं। गल्ला मंडी से प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा चौक बाजार, महल तिराहा, छत्रसाल चौक, मोटे के महावीर मंदिर, बिजावर नाका, पराचौकी, चौका, मातगुवां होते हुए यात्रा पहले दिन ग्राम हटवाहा-नयागांव पहुंची, जहां सभी ने रात्रि विश्राम किया। आज प्रातःकाल यात्रा यहां से जटाशंकर धाम के लिए रवाना होगी।



# ट्रंप की दिमागी उथल-पुथल के पीछे - गुस्सा और अधीरता

● जियोफ बीट्टी ●

> ट्रंप के गुस्से और त्वरित फैसलों के पीछे उनका मनोविज्ञान समझना मुश्किल नहीं है। बात इतनी सी है कि वह जो पाना चाहते हैं, उसकी राह में कोई बाधा उन्हें बर्दाश्त नहीं।

मनोवैज्ञानिकों ने 1930 के दशक में आक्रामक व्यवहार के संबंध में एक परिकल्पना विकसित की थी, जिसके मुताबिक, जब किसी व्यक्ति का लक्ष्य किसी तरह से बाधित होता है, तो यह कुंठा की ओर ले जाता है, जिसके परिणामस्वरूप आक्रामकता पैदा होती है। आक्रामकता को कुंठा की इस अप्रिय स्थिति को दूर करने का एक 'स्वाभाविक' तरीका माना जाता था। अगले कुछ दशकों में, इस परिकल्पना को ज्यादातर मनोवैज्ञानिकों ने जटिल मानवीय व्यवहार का सरलीकरण माना। इसने हताशा और आक्रामकता के बीच एक सीधा संबंध मान लिया, और अन्य सभी परिस्थितिजन्य और संज्ञानात्मक कारकों को नजरअंदाज कर दिया, जो हस्तक्षेप कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिकों का तर्क है कि मनुष्य उससे कहीं ज्यादा जटिल है, जितना कि हम समझते हैं। वह अपनी कुंठाओं से निपटने के दूसरे तरीके खोज लेता है। वह समाधान खोजने के लिए अपनी तर्कसंगत सोच प्रणाली का इस्तेमाल करता है। इसलिए जब लोग राष्ट्रपति ट्रंप को इस तरह उग्र रूप में देखते हैं, तो उन्हें झटका लगता है। दूर से देखने पर तो यही लगता है कि बहुत जल्दी निर्णय लेना ट्रंप का तरीका है। अपने राष्ट्रपति पद और अपने व्यावसायिक कॅरिअर, दोनों में वह तत्काल कार्रवाई को प्राथमिकता देते दिखे हैं। यही कारण है कि वह अक्सर अपना मन बदल लेते हैं। उनके निर्णय प्रबल भावनाओं से प्रेरित होते हैं।

## पर्याप्त भाषाई बुद्धि

स्पष्ट रूप से, ट्रम्प के पास घंटों तक उचित सुसंगतता के साथ बोलने के लिए पर्याप्त भाषाई बुद्धि है, और रियल एस्टेट और वित्त के क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा करने और कभी-कभी जीतने के लिए पर्याप्त तार्किक-गणितीय बुद्धि भी है । इस लिहाज से, वह पारंपरिक रूप से एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं । जहाँ तक अन्य बुद्धिमत्ताओं की बात है, मुझे लगता है कि ट्रम्प को शारीरिक-गतिज बुद्धिमत्ता के लिए काफ़ी ऊँचे ग्रेड मिले हैं –वे आसानी से घूमते-फिरते हैं और गोल्फ़ कोर्स पर नियमित रूप से मौजूद रहते हैं। अपनी रैलियों में, वे संगीत बजाते हैं और उसका आनंद लेते हैं, कभी-कभी आगे-पीछे झूमते हुए–और इसलिए संभवतः उनमें संगीत की अच्छी-खासी बुद्धिमत्ता है। अगर उनमें असाधारण पारस्परिक बुद्धि नहीं होती, तो वे भीड़ को मंत्रमुग्ध (और कभी-कभी हेरफेर) नहीं कर पाते, और न ही सौदेबाजी में कुशल होते। इसमें कोई शक नहीं कि ट्रंप एक कुशल कहानीकार हैं। वे कहानियां विश्वसनीय ढंग से सुनाते हैं और वे उन कहानियों को अपने जीवन में ढालते हैं। उदाहरण के लिए, वे प्रभावशाली ढंग से बताते हैं कि कानूनी अधिकारियों द्वारा सताया जाना कैसा होता है और एक असली अमेरिकी होने और अमेरिका को महान बनाने का क्या मतलब है।

## असामान्य व्यक्तित्व प्रोफ़ाइल

मानव व्यक्तित्व की प्रकृति है कि मानवीय गुणों और अवगुणों के प्रदर्शन के लिए संज्ञान को कैसे और क्यों सक्रिय किया जा सकता है, यह व्यक्तित्व के अनुसार ही तय होता है। जैसा कि उनकी भतीजी मैरी और अन्य मनोवैज्ञानिक विश्लेषकों द्वारा बताया गया है कि डोनाल्ड ट्रम्प इनमें से किसी भी गुण का उदाहरण नहीं हैं।

## त्वरित प्रतिक्रिया

घटनाओं, विरोधियों और मुद्दों पर उनकी प्रतिक्रिया अक्सर भावुक और भावनात्मक होती है। इससे निर्णय अनुचित रूप से प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप औपचारिक कूटनीति के बजाय सीधे और कभी-कभी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं. जैसे, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ उनकी बातचीत में उनकी टिप्पणियां और ड्रेस को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक माना गया। ऐसा ही उन्होंने साउथ अफ्रीका के प्रेसिडेंट के साथ किया।

## अप्रत्याशित निर्णय लेने की शैली

ट्रंप की निर्णय लेने की शैली में तत्कालिकता और भावनात्मक दृढ़ विश्वास पर जोर दिया जाता है, जो समर्थकों को एकजुट करने और निर्णायकता की भावना पैदा करने में प्रभावी हो सकता है। हालांकि, यह अप्रत्याशित परिणामों को भी जन्म दे सकता है। कई लोगों का मानना है कि ट्रंप की निर्णय लेने की शैली उच्च व्यावसायिक दबाव की उनकी पृष्ठभूमि को दर्शाती है, जहां ऐसे प्रतिस्पर्धी वातावरण में त्वरित निर्णय और सहज ज्ञान लाभदायक हो सकते हैं। लेकिन युद्ध की दुनिया में फैसले लेते समय ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

## मीडिया के रचनाकार

रचनाकार वे व्यक्ति होते हैं जो विचारों या उत्पादों का एक समूह लेकर आते हैं, प्रासंगिक दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हैं, और जिनकी रचनाएँ अंततः उनके संबंधित दर्शकों के दुनिया को देखने के तरीके को बदल देती हैं। कुछ साल पहले, मैं डोनाल्ड ट्रम्प को कभी रचनात्मक नहीं मानता था। लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया के साथ-साथ पारंपरिक प्रिंट और प्रसारण मीडिया के पहलुओं में भी महारत हासिल कर ली है। उन्होंने यह काम सफलतापूर्वक किया है–ठीक वैसे ही जैसे फ्रैंकलिन रूजवेल्ट ने 1930 के दशक में रेडियो के साथ, जॉन एफ. कैनेडी ने 1960 के दशक की शुरुआत में टेलीविजन के साथ, और बराक ओबामा ने 2008 में इंटरनेट के साथ किया था।



# फ्रांस के बैस्टिल डे समारोह का बदलता स्वरूप

> मुंबई के बैस्टिल दिवस समारोह का आयोजन स्थल वर्षों से ताज महल होटल रहा है। इस पार्टी का स्वरूप हमेशा से एक सा और अपरिवर्तित रहा है- द्विपक्षीय संबंधों पर सामान्य भाषण, दोनों देशों के राष्ट्रगान, एक टोस्ट, और फिर कैनपेज़ के गायब होने और बार के बंद होने के साथ एक त्वरित समापन। लेकिन नवीनतम संस्करण में, एक शानदार बुफ़े था जिसमें कॉक औ वाइन जैसे फ्रांसीसी व्यंजन परोसे गए।

● शोभा डे ●

पिछले दिनों एक विदेशी पारंपरिक कार्यक्रम में जाना हुआ। बैस्टिल डे यानी फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस। मुंबई के कई फ्रांस प्रेमी इस कार्यक्रम में शरीक होने में व्यस्त थे। महिलाएँ सैलून में सज-संवर रहीं थीं और पुरुषों ने भी खास सलीके से सूट सिलवाए थे। हालांकि मुझे वहां आमंत्रित नहीं किया गया था, लेकिन मेरी बेटी आमंत्रित थी। मैंने उसे रेशमी साड़ी पहनने को कहा, उर्वशी रौतेला जैसा गाउन नहीं, जो वो हर जगह, यहाँ तक कि विंबलडन में भी पहनती हैं। लेकिन अवंतिका ने मेरी बात नहीं मानी और इलेक्ट्रिक ब्लू कलर का कफ्तान पहन लिया।

मैंने भी एक गिलास ठंडी बबली ड्रिंक के साथ एक शाम अकेले जश्न मनाने की योजना बनाई। असली बबली.. फ्रेंच शैम्पेन... इसे स्पार्कलिंग वाइन कहते हैं। फ्रांसीसी ट्रेडमार्क, जीएसटी और पेटेंट को लेकर बहुत सजग रहते हैं (प्रादा के उलट)।

पिछले साल मुंबई में बैस्टिल डे समारोह में सानिया मिर्जा मुख्य अतिथि थीं। इस बार कल्कि कोचलिन ने यह सम्मान प्राप्त किया और एक शानदार भाषण दिया। कल्कि रियल फ्रांसीसी हैं। कार्यक्रम में 550 से ज़्यादा लोग थे, जिनमें से ज़्यादातर हफ़्तों से बोनसोइर और मर्सी ब्यूकूप का अभ्यास कर रहे थे। कुछ अतिथि, बुद्धिजीवी महावाणिज्य दूत, महाशय जीन-मार्क, सेरे-शार्लेट को ऐसे प्रणाम करते देखे गए जैसे वे कोई फ्रांसीसी राजघराने के सदस्य हों। भारत में, प्रणाम करना और हाथ मिलाना कई लोगों के लिए स्वाभाविक है। खासकर दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के श्वेत लोगों के सामने। आप कभी नहीं जानते कि आपको कब, कम समय में, वीज़ा की ज़रूरत पड़ जाए – इसलिए बेहतर है कि आप उनके साथ अच्छा व्यवहार करें। विवे ला फ्रांस... इस साल, फ्रांसीसियों ने बाजी मार ली, ताज महल पैलेस होटल की पूरी पहली मंजिल पर कब्ज़ा कर लिया। भव्य सीढ़ियों पर रंग-बिरंगी साड़ियाँ बिछी थीं, जबकि एक पियानोवादक भावपूर्ण गीत गा रहा था। क्वेल डोमेज, भाषण मराठी में नहीं थे और ज़ोरदार फ्रांसीसी लहजे में बोले जा रहे थे। (अब किसकी पिटने की बारी है!)



2023 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में चैंप्स एलिसीज़ पर होने वाली शानदार सैन्य परेड देखने के लिए आमंत्रित किया था, जहाँ भारतीय सैनिक अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ शानदार मार्च कर रहे थे। दोनों नेताओं ने काफ़ी गर्मजोशी दिखाई।

....अरे नहीं, निश्चिंत रहें! यह वो मौक़ा नहीं था जब मैक्रों को उनकी पत्नी ब्रिगिट ने थप्पड़ मारा था। ऐसा इसी साल मई में हुआ था, जब उनका विमान हनोई में उतरा था। राष्ट्रपति को सफाई देनी पड़ी थी कि वे बस 'मज़ाक और शरारत' कर रहे थे, होता है यार...। मियाँ-बीवी का प्यार कभी भी अप्रत्याशित मोड़ ले सकता है। निश्चिंत रहें, दोनों के बीच प्यार बरकरार है, ठीक है? उन घटिया वाले मीम्स को नज़रअंदाज़ करें। सबसे अच्छी बात यह रही कि फ्रांस के साथ भारत का रिश्ता और भी ज़्यादा प्यारा हो गया है।

मुंबई के बैस्टिल दिवस समारोह के नवीनतम संस्करण में, देखिए! एक शानदार बुफ़े था जिसमें कॉक औ वाइन जैसे फ्रांसीसी व्यंजन परोसे गए। हम देसी लोग ऐसे आयोजनों में देर तक रुकने और आवारागर्दी करने के आदी हैं, बिना किसी शर्मिंदगी के मुफ़्त खाने-पीने की पूरी वसूली करते हैं। बॉलरूम में मौजूद कुछ फ्रांसीसी लोग एक-दूसरे से इतराते हुए बातें करते हैं और औपचारिकताएँ पूरी होते ही चले जाते हैं।

### काश मैं ऐसा कर सकती....

इधर राजनीतिक रूप से, मुंबई में हालात काफी ठंडे हैं, कुछ झगड़ों को छोड़कर। मैं अक्सर सोचती थी कि काश मैं ऑटोरिक्शा वालों के साथ, खासकर बांद्रा में चलने वाले ऑटोरिक्शा वालों के साथ, अपनी जिंदगी बदल सकती। वाह, क्या जिंदगी है! हर दिन नए रोमांच! कभी भी यात्रियों के रूप में मॉडल और फिल्मी सितारों से मुलाकात हो जाती है। ज़रा सोचिए, घायल सैफ अली खान को अस्पताल पहुँचाना – तुरंत प्रसिद्धि मिली....।

लेकिन इस बार चर्चा में रहने वाला ऑटोरिक्शा ड्राइवर ग्लैमरस नहीं है, पीड़ित है। मैं राजू पटवा के साथ अपनी जगह बिल्कुल नहीं बदलना चाहती। लेकिन मैं उसे जल्द ही वड़ा पाव खाने के लिए ज़रूर बुलाऊँगी। उस आदमी में इतनी हिम्मत थी कि उसने एक मराठी भाषी राहगीर को, जिससे वह गलती से टकरा गया था, यह कहने की हिम्मत की कि वह मराठी नहीं, भोजपुरी और हिंदी बोलता है। यही उसका सबसे बड़ा गुनाह था! खबर है कि बाद में उदय जाधव के नेतृत्व में शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ लिया, उस पर हिंसक हमला किया और उसे माफ़ी मांगने पर मजबूर किया।

इस बीच, मुंबई के अति-संभ्रांत हलकों की महजोंग मैडम इस बड़े कांड पर खूब तालियाँ बजा रही हैं। एक 40 वर्षीय विवाहित शिक्षिका और दो बच्चों की माँ ने कथित तौर पर अपने 16 वर्षीय छात्र को बहकाया। नाबालिग लड़के के माता-पिता को उस मोहग्रस्त महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए मजबूर होना पड़ा। ब्रिगिट स्कूल में इमैनुएल की शिक्षिका थीं। वह 39 वर्ष की थीं, इमैनुएल 16 वर्ष के थे और उनकी बेटी के सहपाठी थे। लेकिन जब वे कॉलेज गए तो उनका रोमांस जारी रहा। आखिरकार 2007 में उनकी शादी हुई, जब ब्रिगिट 54 वर्ष की थीं और इमैनुएल 29 वर्ष के। वे 18 साल से खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहे हैं। मुंबई की इस शिक्षिका और उसकी छात्रा के लिए अभी भी उम्मीद बाकी है।

# नादिरा- रोल्स रॉयस खरीदने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस

1950 के दशक में इराक की राजधानी बगदाद से आई एक अदाकारा ने मुंबई की मायानगरी में कदम रखा और देखते ही देखते हिंदी सिनेमा जगत पर छा गई थी। उस जमाने में जब अभिनेत्रियां सादगी भरे अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती थीं। उस दौरान इस लड़की ने बोल्ड और वैम्प वाले रोल से हर किसी को हैरान कर दिया था। ये कोई और नहीं 'मुड़ मुड़ कर न देख...' फेम नादिरा ही थीं, जिन्होंने कुछ ही फिल्मों से जनता के बीच अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। नादिरा पर्दे पर अपने दमदार किरदारों के लिए जानी जाती थीं। अभिनेत्री असल जिंदगी में भी उतनी ही तेज-तर्रार थीं जितनी वो सिल्वर स्क्रीन पर दिखतीं थीं। नादिरा के हिस्से एक बड़ी उपलब्धि है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वो हिंदी सिनेमा की पहली एक्ट्रेस रही हैं, जिन्होंने दुनिया की सबसे महंगी गाड़ियों में शामिल रॉल्स रॉयस खरीदी थी।



> हिंदी सिनेमा में मधुबाला और नरगिस जैसी दिग्गज अदाकाराओं के बारे में खूब बात होती है। मगर इस इंडस्ट्री में एक एक्ट्रेस ऐसी भी रहीं जिन्होंने शुरुआत तो शानदार की लेकिन अचानक कहीं गायब हो गई। सादगी के उस जमाने में बोल्ड किरदारों को चूज किया और लग्जरी कार खरीदने वाली पहली अभिनेत्री रहीं। यहां बात हो रही है 1950 के दशक की बोल्ड नायिका नादिरा की....।

## ईरान के बाद बॉलीवुड बना नया ठिकाना

कातिल अदाओं वाली नादिरा का जन्म 5 दिसंबर 1932 में बगदाद के एक यहूदी परिवार में हुआ था। अभिनेत्री का असली नाम फ्लोरेंस एजेकिल था, लेकिन रुपहले पर्दे पर वो नादिरा के नाम से मशहूर हुईं। जब गाना मुड़ मुड़ के ना देख... आया था उस वक्त अभिनेत्री महज 23 साल की थीं। उनकी खूबसूरती और नजाकत दर्शकों के दिलों में घर कर गई। नादिरा अपने फियरलेस अंदाज के लिए भी फेमस थीं, लेकिन राज कपूर के साथ काम करने की उनकी जिद ने उन्हें हमेशा के लिए बदल दिया। इस फैसले के कारण वो पहली फिल्म ही सुपरहिट देने वाली आगे हिंदी सिनेमा की खलनायिका के रूप में सामने आईं।

## कैसे पड़ा नादिरा नाम?

नादिरा पहली बार 10 साल की उम्र में हिंदी फिल्म मौज में नजर आई थीं। इसके बाद फिल्म 'आन' के साथ उन्हें इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए ब्रेक मिला। इस फिल्म में नादिरा के अपोजिट लीड रोल में दिलीप कुमार थे। आन का डायरेक्शन महबूब खान ने किया था। वो पहले फिल्म में नरगिस को लेना चाहते थे, लेकिन वो उस वक्त राज कपूर की फिल्म 'आवारा' की शूटिंग कर रही थीं। ऐसे में महबूब खान की नजर बला की खूबसूरत नादिरा पर पड़ी, जो उस वक्त काम की तलाश में थीं। फिर क्या था महबूब खान ने उन्हें आन में कास्ट कर लिया। उन्होंने ही फ्लोरेंस एजेकिल को नादिरा नाम दिया था।

## हिट होने के लिए बनी वैंप

'आन' आते ही थिएटर्स में छा गई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार बिजनेस किया। इसके बाद नादिरा ने वारिस, जलन, नगमा, डाक बाबू और रफ्तार समेत कई फिल्मों में काम किया, लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ कि अचानक अभिनेत्री का करियर हिचकोले खाने लगा। 1956 में रिलीज हुई 'श्री 420' में नादिरा एक क्लब डांसर के किरदार में नजर में आईं। फिल्म में उन्होंने शानदार अदाकारी की। यहां तक कि नरगिस भी उनके आगे फीकी पड़ गईं, लेकिन ये फिल्म नादिरा के लिए काल साबित हुई थी। अपने करियर के उस चरण में वह सबसे अधिक पेमेंट पाने वाली भारतीय अभिनेत्रियों में से एक थीं।

## 1200 की सैलरी और लग्जरी कार

कहा जाता है कि नादिरा ने जब फिल्मों काम करना शुरु किया था तब उन्हें 1200 रुपये सैलरी मिलती थी। इसके बाद उनके वेतन बढ़कर 2500 रुपये हो गई थी। बीतते वक्त के साथ जैसे उनके करियर का ग्राफ बढ़ा तो वो 3600 रुपये चार्ज करने लगीं। एक बार उनकी मां इतने रुपये देखकर हैरान रह गई थीं। उनकी मां ने नादिरा से कहा था कि क्या वो रुपये चुराकर तो नहीं लाई हैं। नादिरा इतने रुपये कमाती थीं कि वो अपनी जिंदगी बहुत शाही और अपनी शर्तों पर जिया करती थीं। बॉलीवुड में वो पहली कलाकार थीं, जिसने सबसे पहले दुनिया की लग्जरी कार मानी जाने वाली रोल्स रायस खरीद ली थी।

**लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के जन्म-दिवस 3 अगस्त पर विशेष**

# राजेन्द्र शुक्लः राजनीति में नैतिकता, जनसेवा और नवाचार के अद्वितीय संयोजक

**कुछ** व्यक्तित्व केवल अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं करते, वे एक विचार बन जाते हैं। राजनीति, प्रशासन, विकास और जन-भावनाओं के मध्य जब संतुलन की आवश्यकता होती है, तब कुछ ही लोग होते हैं जो इस संतुलन को दृढ़ता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निभा पाते हैं। ऐसे ही एक कर्मठ नेता हैं– श्री राजेन्द्र शुक्ल। रीवा की धरती से राष्ट्रीय दृष्टिकोण तक की यात्रा उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का जीवन एक अभ्यास है, उन मूल्यों का जो राजनीति को सत्ता का साधन नहीं, सेवा और संवेदना का पथ बनाते हैं। रीवा की सांस्कृतिक भूमि पर पले-बढ़े शुक्ल जी की संगठन क्षमता और जन-भावना को समझने की उनकी क्षमता ने उन्हें प्रारंभ से ही विशिष्ट बना दिया। आज वे पाँच बार से लगातार विधानसभा सदस्य हैं, यह कोई आकस्मिक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, यह जनता द्वारा उस ईमानदार नेतृत्व को बार-बार चुने जाने की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। विनम्रता, स्पष्टवादिता और संवादशीलताः न कभी बात घुमाते हैं, न टालते हैं श्री शुक्ल जी का व्यक्तित्व सतही राजनैतिक भाषणों से इतर, गंभीर, परिपक्व और सन्नद्ध विचारशीलता का है। वे जिस आत्मीयता से जन-सामान्य से संवाद करते हैं, वह केवल एक राजनेता की शैली नहीं, बल्कि एक जन-सेवक की सहज प्रवृत्ति है। स्पष्टता उनके व्यक्तित्व की रीढ़ है, चाहे वह किसी प्रशासनिक निर्णय पर हो, या किसी सामाजिक विषय पर; वे न कभी बात घुमाते हैं, न टालते हैं। उनका यह स्वभाव उन्हें लोकप्रियता से परे जाकर विश्वसनीयता प्रदान करता है। कार्यकर्ताओं के लिए वे 'राजेन्द्र भैया' हैं और अफसरों के लिए एक 'न्यायप्रिय, अनुशासित और विचारवान मार्गदर्शक'। यह दुर्लभ संतुलन उन्हें मध्यप्रदेश के प्रशासनिक ढाँचे का एक आधार स्तंभ बनाता है। राजनीतिक जीवन के प्रारंभिक वर्षों से ही उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, विचारधारात्मक प्रतिबद्धता और विकासोन्मुख सोच के साथ सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। जन-सेवक के रूप में उन्होंने शासन की विभिन्न जिम्मेदारियाँ संभालते हुए आवास, पर्यावरण, वन, जैव-विविधता, ऊर्जा, खनिज, उद्योग, जनसम्पर्क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जैसे जटिल विभागों का नेतृत्व न केवल जिम्मेदारी से किया, बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में दीर्घकालिक नीतिगत परिवर्तन लाने का कार्य किया। ऊर्जा विभाग में कार्य करते हुए उन्होंने राज्य को 24 घंटे बिजली देने के सपने को अटल ज्योति योजना के माध्यम से यथार्थ में बदल दिया। उनका विश्वास था कि सशक्त ऊर्जा व्यवस्था के बिना औद्योगिक विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण अधूरा है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रीवा का ऐशिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट विकास और पर्यावरण संतुलन की अद्वितीय मिसाल है। स्थानीय भावनाओं के साथ विकास की एकात्मता उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने यह भली-भांति समझा कि विकास का अर्थ केवल भौतिक नहीं है, बल्कि जन-भावनाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ उसका समन्वय भी जरूरी है। यही कारण रहा कि उन्होंने स्थानीय गौरव सफेद बाघ को उसके प्राकृतिक आवास में पुनः लाकर लोगों की भावनाओं का सम्मान किया। यह निर्णय मात्र वन्य संरक्षण का नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक अस्मिता का था, जिसे जनता दशकों से जीवंत देखना चाहती थी। पर्यावरण संरक्षण उनके चिंतन का स्थायी हिस्सा रहा है। गौ-संरक्षण, तालाबों के पुनर्जीवन, बड़े पुलों और सड़कों के निर्माण, मंदिरों एवं तीर्थ-स्थलों के संरक्षण और रिंग रोड जैसी परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि विकास केवल आँकड़ों में नहीं, बल्कि आम जन-जीवन के अनुभवों में परिलक्षित हो। जन-स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, शिक्षा, एयरपोर्ट, हवाई सेवाओं का विस्तार और शहरी अधोसंरचना जैसे विषयों पर उनकी सोच स्थायित्व और समावेशिता पर केन्द्रित रही। उन्होंने पेयजल योजनाओं, सिंचाई विस्तार, स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार और चिकित्सकों की नियुक्ति जैसे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। श्री शुक्ल का विश्वास रहा है कि शासन केवल निर्देश देने का माध्यम नहीं, बल्कि जन-सामान्य की भागीदारी से संचालित सामाजिक अनुबंध है। उन्होंने खाली पड़ी शासकीय भूमि को हरित बगीचों और उद्यानों में बदलकर शहरी सौंदर्य में वृद्धि की। युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना तैयार कर उन्हें स्वाभिमान और राष्ट्रीयता के साथ जोड़ा। गौ-सेवा के प्रति उनका समर्पण उनके संवेदनशील नेतृत्व की झलक देता है। उन्होंने गौ-सेवा को आर्थिक रूप से व्यवहार्य एवं सामाजिक रूप से समावेशी बनाकर एक मॉडल प्रस्तुत किया। गौ-अभयारण्य और गौ-प्रबंधन के नवाचारों के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में एक स्थायी आय स्रोत की कल्पना साकार की।



> कुछ व्यक्तित्व केवल अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं करते, वे एक विचार बन जाते हैं।
> राजनीति, प्रशासन, विकास और जन-भावनाओं के मध्य जब संतुलन की आवश्यकता होती है, तब कुछ ही लोग होते हैं जो इस संतुलन को दृढ़ता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ निभा पाते हैं। ऐसे ही एक कर्मठ नेता हैं– श्री राजेन्द्र शुक्ल।

**संघर्षशीलता और संवादशीलताः नेतृत्व की दो धाराएँ**

श्री शुक्ल का राजनीतिक जीवन वैचारिक स्पष्टता और व्यक्तिगत ईमानदारी का समन्वय है। उन्होंने कभी भी संघर्ष से कतराने की प्रवृत्ति नहीं अपनाई, चाहे वह जमीनी मुद्दों को शासन तक पहुँचाना हो या संकट की घड़ी में जनता के बीच खड़े रहना। वहीं दूसरी ओर, वे संवाद के पक्षधर हैं। उन्होंने प्रशासन और जनता के बीच सेतु बनकर भरोसे और पारदर्शिता की संस्कृति को मजबूत किया है। श्री शुक्ल केवल एक जन-प्रतिनिधि नहीं हैं। वे मूल्य-आधारित राजनीति के जीवंत प्रतीक हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, दृष्टि-संपन्न और संवेदनशील हो, तो कोई भी क्षेत्र पिछड़ा नहीं रह सकता, कोई भी समाज दिशाहीन नहीं होता।उनके नेतृत्व में स्थानीय आकांक्षाओं को गति मिली है, क्षेत्र को सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सतत विकास की दिशा प्राप्त हुई है। सोच जो सामान्य से असामान्य की ओर ले जाती है यदि श्री शुक्ल जी की कार्यशैली को एक शब्द में बांधना हो, तो वह है 'समस्याओं को अवसर में बदलने की दृष्टि'। नीति निर्धारण में भावनाओं और संभावनाओं का समावेश। वे यह मानते हैं कि विकास तब संपूर्ण होगा, जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, चाहे वह किसी जन-जातीय अंचल में हो या किसी शहरी झुग्गी में। श्री शुक्ल मानते हैं कि आज की राजनीति में यदि सबसे बड़ी ज़रूरत किसी चीज़ की है, तो वह है, आत्मावलोकन और उत्तरदायित्व का भाव। उनका मानना है कि नेतृत्व केवल मंच पर भाषण देने का नाम नहीं, अदृश्य श्रम और सुलभ संवाद का निरंतर अभ्यास है। वे युवाओं को सलाह देते हैंः जोश को होश से जोड़िए। विचारशील बनिए, केवल प्रतिक्रियाशील नहीं। अपने भीतर उस नागरिक को खोजिए, जो केवल अधिकार नहीं माँगता, बल्कि कर्तव्यों की भी चिंता करता है। उनकी यह सलाह केवल भाषण का अंश नहीं, उनकी पूरी कार्यशैली की आत्मा है। राजनीति सिर्फ सत्ता की होड़ नहीं होती, बल्कि यह समाज की दिशा, उम्मीदों का निर्माण और साझा ज़िम्मेदारी का माध्यम होती है। ऐसे नेता कम ही होते हैं जो सत्ता को साधन मान कर, सिद्धांत, सेवा और संवेदना को लक्ष्य मानते हैं। श्री राजेन्द्र शुक्ल ऐसे ही दुर्लभ नेताओं में से एक हैं। हर निर्णय को केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से देखते हैं।वे नीतियों को केवल कागज़ी दस्तावेज़ नहीं मानते, बल्कि मानवतावादी प्रक्रियाएँ बनाते हैं। उनकी यह प्रक्रिया केवल शासन-पद्धति नहीं, बल्कि एक मानव-केंद्रित दर्शन पेश करती है।

**नैतिकता और संयमः** राजनीति का संतुलित पथ आम राजनीतिक हलचलों में जहाँ कटुता, ध्रुवीकरण, स्वार्थ की राजनीति और जोर ज़रूरी हो जाता है, वहाँ श्री शुक्ल जी ने अपनी कर्मठता, सादगी, संयम, सत्यनिष्ठा को अपनाया। उनका मानना है कि बहस को संवाद तक सीमित रखिए, विवेकहीन आलोचना की जगह सृजनात्मक सुझाव दीजिए, जनहित को स्वयं से ऊपर रखिए। इस दृष्टिकोण ने उन्हें एक ऐसी स्थिति दी, जहाँ राजनीति धर्म, नैतिकता, और लोक-संगठन का अंग बन गई। राजनेता के साथ-साथ एक व्यक्तिगत जीवन भी होता है, जिसे श्री शुक्ल ने सादगी, प्रेम और नैतिकता से निभाया। परिवार में वे शांत, विचारशील और समय देने वाले सदस्य हैं। मित्रों में वे भरोसेमंद, संघर्षशील और सकारात्मक्ता से परिपूर्ण हैं। श्री शुक्ल सहकर्मियों और ऑफिस स्टाफ के प्रति सदैव संवेदनशील रहते हैं। अपने व्यवहार में वे सरल और संवाद प्रिय हैं। अपने पिता विंध्य की पहचान, समाजसेवी स्व. श्री भैयालाल शुक्ल के चरित्र की विशेषताओं और जनसेवा के भाव को शिरोधार्य कर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल उनकी विरासत को सहेजने और आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी मीठी वाणी, विनम्रता और विचारों का सहज आदान-प्रदान करने की प्रवृत्ति सबको आकर्षित करती है। इन व्यक्तिगत अभिव्यक्तियों ने उन्हें जनता के दिलों में और मन में सरल, सशक्त और स्नेहमयी तस्वीर दी है।

**लेखक-(ताहिर अली) सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, मप्र शासन, भोपाल**

## संक्षिप्त खबरें

### यूनियन कार्बाइड के कचरे में कैंसर कारक पेस्टीसाइड नहीं

**विसं, भोपाल।** पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के परिसंकटमय अवशिष्ट के भस्मक जलाने के बाद राख में किसी भी प्रकार के पेस्टीसाइड एवं इनसेक्टीसाइड मौजूद नहीं पाये गये, जो कि कैंसर के मुख्य कारण होते हैं। इसमें हेवी मैटल्स की मात्रा भी बहुत सीमित पायी गयी। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जनसम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार मंडरई ने यह जानकारी दी है। मंडरई ने बताया कि पीथमपुर प्लांट में जलाये गये वेस्ट के बाद उत्पन्न हुई राख में किसी भी रसायन का रिसाव भूमिगत जल की गुणवत्ता प्रभावित नहीं कर सकेगा। साथ ही भूमिगत जल प्रभावित होने की संभावना भी नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में इससे कोई खतरा नहीं है और इसकी 30 वर्षों तक मॉनीटरिंग भी की जायेगी।

### हिंउस के अध्यक्ष पद के चुनाव की तैयारी तेज

**भोपाल।** राजधानी की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष पद के चुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं। इन चुनावों और निर्वाचन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रविवार को मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय का शुभारंभ होगा। यह कार्यालय श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर साहू समाज घोड़ा निक्कास में बनेगा जिसका उद्घाटन समिति के संरक्षक पंडित ओम मेहता करेंगे। समिति के महामंत्री शरण खटीक और निर्वाचन आयोग की ओर से प्रतिनिधि मोहन कुशवाहा ने इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों से उपस्थित होने की की अपील की है। इस कार्यालय के खुलने के बाद चुनाव से जुड़ी सभी गतिविधियां यहीं से संचालित होंगी।

### 8वां वेतन आयोग समिति गठित करने की मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** केंद्र सरकार मप्र सहित सभी राज्य सरकारों के समस्त शासकीय विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत 35 लाख नियमित कर्मचारी एवं 65 लाख पेंशनर 8वें वेतन आयोग की वेतन वृद्धि की अनुशंसा की आस लगाए बैठे हैं। एक जनवरी 2016 से 7वां वेतनमान पाने वाले कर्मचारियों की चाहत है कि उन्हें एक जनवरी 2026 से ही 8वां वेतनमान मिलना शुरू हो जाए, लेकिन इस बार एक जनवरी 2026 से प्रस्तावित 8वें वेतनमान में महज पांच माह बचे हैं। 8वें वेतन आयोग की समिति के अध्यक्ष व सदस्य अब तक तय नहीं हुए हैं और ना ही कर्मचारी संगठनों से इस बारे में अब तक केंद्र सरकार ने सुझाव मांगे हैं। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संघर्ष मोर्चे के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने केंद्र सरकार से 8वें वेतन आयोग समिति गठित करने की मांग की है। भार्गव का कहना है कि वर्ष 1947 के प्रथम वेतन आयोग से लेकर 7वें वेतन आयोग तक वेतन निर्धारण सम्बन्धी समिति केंद्र ने बनाई। वह लागू होने से 10 से 12 माह पहले बनी, लेकिन इस बार कर्मचारी अपनी वेतन वृद्धि को लेकर चिंतित हैं कि समिति कब गठित होगी।

### बच्ची के अपहरण की कोशिश नाकाम

**जागरण, मुरैना।** शहर में व्यापारी की 5 साल की बच्ची के अपहरण का प्रयास हुआ है। हालांकि, टीचर की सूझबूझ के बाद आरोपी नाकामयाब हो गया और मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। नैनागढ़ रोड निवासी गल्ला व्यापारी रामरमन मित्तल की पांच साल की बेटी बंशिका यूकेजी कक्षा में पढ़ती है। जहां वह पास में ही भारती कटारे नामक शिक्षिका के यहां पढ़ने जाती है। हर दिन पिता या घर का सदस्य वंशिका को लेने और छोड़ने जाते हैं, लेकिन आज कोचिंग खत्म होने से 10 मिनट पहले अनजान व्यक्ति कोचिंग पर पहुंच गया। जहां उसने वंशिका का घरेलू नाम लेकर बुलाया।

मुख्यमंत्री ने सीहोर के बड़ियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों का किया भूमि-पूजन और बांटे आशय-पत्र

# हर तीसरे दिन उद्योग जगत को सौगात व युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा प्रदेश में हर दूसरे या तीसरे दिन उद्योगों की नई सौगात और युवाओं को रोजगार का लाभ मिल रहा है। यहां जल्द ही पावर ट्रांसफार्मर इकाई लगेगी जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को सीहोर के बडियाखेड़ी में औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय कृषि मेला लगेगा, जिसमें देशभर के उद्योगपति, किसान और विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम मप्र को कृषि और दुग्ध उत्पादन में देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार प्रत्येक विकासखंड में एक वृंदावन ग्राम विकसित कर रही है। प्रदेश में श्रीकृष्ण पथ विकसित करने की दिशा में भी कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कृषि सिंचाई का रकबा बढ़कर 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की एयर एंबुलेंस योजना का देश के अन्य राज्य अनुसरण कर रहे हैं। गरीब जरूरतमंद परिवारों के लिए जिलों में शव वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं। किसान कल्याण और बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में विशेष योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश लाने के वैश्विक स्तर पर प्रयासरत हैं। सीहोर में उद्योग लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा अब तक प्रदेश के 1 करोड़ 9 लाख किसानों के लंबित मामलों का निपटारा किया गया है और 42 लाख लोगों को पट्टे बांटे गए हैं।



### नई औद्योगिक ईकाइयों का भूमि-पूजन सीहोर के लिए ऐतिहासिक

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री एवं सीहोर की प्रभारी कृष्णा गौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को विकास में शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, आईटी कॉन्क्लेव, किसान मेला, माइनिंग कॉन्क्लेव, हेल्थ एंड वेलनेस कॉन्क्लेव, टूरिज्म कॉन्क्लेव और भोपाल के इतिहास में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की। देश का हर बड़ा उद्योगपति और निवेशक मध्यप्रदेश आ रहा है, नई औद्योगिक ईकाइयों का भूमि-पूजन सीहोर के लिए ऐतिहासिक है।

### इन औद्योगिक इकाइयों का हुआ भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। इनमें सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन्स लिमिटेड द्वारा एशिया की सबसे बड़ी सिंगल लोकेशन ट्रांसफॉर्मर यूनिट स्थापित की जा रही है। जहांगीरपुर, सिहोर में 18.26 हेक्टेयर भूमि पर 888 करोड़ रुपए का निवेश होगा और लगभग 400 रोजगार सृजित होंगे। बारमाल्ट माल्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी माल्टिंग निर्माता कंपनी, द्वारा फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 400 करोड़ रुपए के निवेश से शुरुआत की जायेगी। बड़ियाखेड़ी फेज-2 में 10.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिससे 350 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। इको कंक्रीट क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड 11.15 हेक्टेयर भूमि पर 170 करोड़ रुपए के निवेश से भवन निर्माण सामग्री क्षेत्र में यह इकाई स्थापित होगी, जिससे 230 युवाओं को रोजगार मिलेगा। वन्या वेदा ग्रीन्स को खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र में 20.020 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इस इकाई में 115 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से 100 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। श्री अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र, विशेष रूप से आटा और चावल मिलिंग में 6 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

मालेगांव विस्फोट मामले में प्रज्ञा का आरोप

## मोदी-योगी का नाम लेने के लिए किया गया प्रताड़ित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मालेगांव विस्फोट में हाल ही में आतंकवाद के आरोपों से बरी हुईं साध्वी प्रज्ञा ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य का नाम लेने के लिए प्रताड़ित किया गया और मजबूर किया गया।' भोपाल की पूर्व सांसद ने कहा कि उन्होंने उनका नाम नहीं लिया, क्योंकि यह 'उन्हें झूठ बोलने के लिए मजबूर करने का एक स्पष्ट प्रयास' था। 'उन्होंने मुझसे राम माधव समेत कई लोगों के नाम लेने को कहा। यह सब करने उन्होंने मुझे प्रताड़ित किया। मेरे फेफड़े जवाब दे गए...। मुझे एक अस्पताल में हिरासत में रखा गया। यह सब उस कहानी में शामिल होगा, जो मैं लिख रही हूं, लेकिन सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता। मैं गुजरात में रहती थी, इसलिए उन्होंने मुझसे प्रधानमंत्री मोदी (जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे) का नाम भी पूछा। मैंने किसी का नाम नहीं लिया, क्योंकि वे मुझे झूठ बोलने पर मजबूर कर रहे थे।' उन्होंने दावा किया कि जिन अन्य नामों का उल्लेख करने के लिए उन पर दबाव डाला गया, उनमें उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ, मोहन भागवत और संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी इंद्रेश कुमार शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने कहा कि ये नाम ले लो और हम तुम्हें नहीं मारेंगे।गौरतलब है कि 17 साल बाद मुंबई की एक विशेष एनआईए कोर्ट ने 31 जुलाई को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। सभी पहले से ही जमानत पर बाहर थे। 29 सितंबर, 2008 को नासिक जिले के मालेगांव शहर में हुए इस विस्फोट में ६ लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। अदालत ने मृतकों के परिवारों को 2 लाख और प्रत्येक घायल पीड़ित को 50,000 रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया। अपने फैसले में अदालत ने कहा कि विस्फोट में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर मिटा दिया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि इस बात का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि ठाकुर उस वाहन की मालिक थीं। अदालत ने आगे कहा कि उन्होंने घटना से दो साल पहले संन्यास ले लिया था और अपनी सारी संपत्ति त्याग दी थी।



### जिला अस्पताल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

जागरण, धार। जिला अस्पताल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है। व्यक्ति का शव 24 घंटे से ज्यादा समय तक पड़ा रहा और किसी की नजर नहीं पड़ी। शव के पास चीटियां और कीड़े मकोड़े रेंग रहे थे। लाखों खर्च कर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि गरीबों की देखभाल करने वाला सरकारी अस्पताल में मृतक की सुध किसी ने नहीं ली।

24वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामला

## हाथ से लिखा पत्र वायरल, आईपीएस अफसरों पर लगाए गंभीर आरोप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रतलाम के जावरा स्थित एमपी पुलिस की 24वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट रामबाबू पाठक द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामले में उनकी पत्नी और बेटी ने प्रदेश के कई आईपीएस अफसरों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पाठक ने शुक्रवार को डिप्रेशन की 50 से ज्यादा गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। शनिवार को इंदौर में उपचार के दौरान उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद उनकी बेटी मुस्कान ने सोशल मीडिया पर एक नोट भी पोस्ट किया है जो जमकर वायरल हो रहा है। मस्कान ने दावा किया है कि यह नोट उनके पिता ने गोलियां खाने से पहले लिखा था। इसमें आधा दर्जन आईपीएस अफसरों पर प्रताड़ना देने और एसीआर खराब करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### पिता का शानदार कॅरियर लेकिन अफसरों ने बिगाड़ी एसीआर

असिस्टेंट कमांडेंट की बेटी मुस्कान के मुताबिक उसके पिता लंबे समय से अस्वस्थ थे। वे 2020 में डिप्रेशन का शिकार हो गए थे और उसके बाद से उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने उन्हें ड्यूटी से मना करते हुए रेस्ट लेने की सलाह दी थी लेकिन रामबाबू के छुट्टी के आवेदन को अफसरों ने बहाना बताते हुए अवकाश देने से मना कर दिया था। बेटी का कहना है कि अफसरों की प्रताड़ना से परेशान होकर वे कई बार वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) लेने की बात कहते थे और पिछले एक माह से इतने ज्यादा तवान में थे कि घर वालों से ही कहते थे कि आज वे अपनी जिंदगी खत्म कर लेंगे। मुस्कान के मुताबिक उनके पिता ने अपने अवकाश के आवेदन में मेडिकल डॉक्यूमेंट्स भी अटैच किए थे लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। बेटी का दावा है कि उनके पिता का बेदाग करियर रहा और उन्हें कई बार सरकार ने सम्मानित भी किया लेकिन पिछले कुछ अफसरों ने परेशान करने की नीयत से उन पर आरोप लगाते हुए न केवल विभागीय जांच कराई बल्कि एसीआर (गोपनीय चरित्रावली) तक खराब कर दी।



"मामले की जांच जारी है। असिस्टेंट कमांडेंट के होश मे आने के बाद बयान लेंगे। इसमें ही घटना के सही कारण का खुलासा होगा।

■ **अमित कुमार,** एसपी रतलाम

### वायरल नोट में आधा दर्जन अफसरों का नाम

वायरल सुसाइड नोट में असिस्टेंट कमांडेंट ने जिन आईपीएस अफसरों के नामों का जिक्र किया है, उनमें मोहम्मद युसूफ कुरैशी, कृष्णावेणी देशावतु, इरशाद वली, अमित तोलानी सहित अन्य शामिल हैं। नोट में यह भी लिखा है कि इन अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण वह थक गए हैं और इसीलिए आत्महत्या कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर रामबाबू पाठक रतलाम मेडिकल कॉलेज से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल रैफर किया गया था। शनिवार को रामबाबू का बेटा भी भोपाल से इंदौर पहुंच गया।

## आय छिपाकर लिया गया भरण-पोषण का आदेश निरस्त

**जागरण, जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय ने आय छिपाकर लिया गया भरण-पोषण का आदेश अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। दरअसल, रांझी निवासी मोनिका भाटिया ने अपने पति प्रकाश भाटिया के विरुद्ध भरण-पोषण की राशि प्राप्त करने हेतु याचिका दायर की थी। याचिका में अपने को अपने पति पर आश्रित होने का कथन करते हुए पति पर दहेज प्रताड़ना व शराब पीकर मारने के आरोप लगाए गए थे। पति द्वारा उसे व पुत्र को प्रताड़ित कर घर से निकालने के कारण बहन के घर आश्रय लेने के कथन किए गए थे। मोनिका भाटिया ने पति के द्वारा व्यवसायी होते हुए प्रतिमाह 70 हजार रुपये कमाने के कथन किए थे। पति ने कुटुंब न्यायालय में अपना जवाब पेश करते हुए स्वयं के द्वारा प्राइवेट जाब कर प्रतिमाह नौ हजार रुपये कमाने के कथन किए थे, साथ ही न्यायालय को यह भी बताया था कि उसकी पत्नी ने स्वयं घर में तोड़फोड़ की है और पूरे परिवार को दहेज प्रताड़ना के केस में फंसाया है, पत्नी के द्वारा शोरूम में कार्य करने के कथन किए थे।

**दिवंगत मुख्यमंत्रियों विधानसभा अध्यक्षों की जयंती मनाने का सिलसिला शुरू**

## विधानसभा में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री को किया गया याद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा ने प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों और विधानसभा अध्यक्षों के प्रति अपनी कृतज्ञता जताने के लिए नई शुरूआत की है। शनिवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधानसभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई मंत्री व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यंमत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पं. रविशंकर शुक्ल ने प्रदेश के गठन के साथ प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका को निभाते हुए विकास की जो नींव रखी थी आज उसी पर प्रदेश की इमारत खड़ी है। हम उनका पुण्य स्मरण करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष को यह परंपरा प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमने तय किया है कि प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्षों का पुण्य स्मरण उनकी जयंती पर होना चाहिए। इसी तारतम्य में स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तोमर ने कहा कि आज पं. शुक्ल के जीवन एवं प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान से प्रेरणा लेने का दिन है।



### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

उल्लेखनीय है कि हाल ही में मानसून सत्र के दौरान हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंती मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि सभा के साथ मनाई जाएगी। पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर आयोजित पुष्पांजलि सभा के लिए सेंट्रल हॉल में पं. शुक्ल का भव्य चित्र रखा गया जिसे पुष्पों से सजाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पहले पं. शुक्ल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके साथ ही खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह, विधायक राजेन्द्र कुमार सिह विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक राम निवास शाह, विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह एवं अन्य गणमान्य जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## जापान से आ रही कैथलैब की एडवांस मशीन, महीने के अंत तक होगी शुरू

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में जल्द ही नई कैथलैब शुरू होने वाली है। इस कैथलैब के लिए अत्याधुनिक एडवांस मशीन जापान से खरीदी गई है, जो वहां से निकल चुकी है। जल्द ही मशीन भोपाल पहुंचने की उम्मीद है, मशीन के भोपाल पहुंचने के बाद उसके इंस्टॉलेशन का काम शुरू होगा, हमीदिया अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि अगस्त महीने के अंत तक कैथलैब मरीजों के लिए काम करने लगेगी। सीटी स्कैन और एमआरआई के बाद हमीदिया अस्पताल में यह दूसरी सौगात होगी, जो मरीजों को एडवांस मशीनों से इलाज उपलब्ध कराएगी। जानकारी अनुसार करीब 7.7 करोड़ रुपए की कैथलैब जापान से भारत के लिए रवाना हो गई। समंदर के रास्ते भारत आ रही इस मशीन को मुंबई पोर्ट तक पहुंचने में दो से तीन दिन का समय लगेगा। इसके बाद यहां 15 दिन के कस्टम क्लियरेंस के बाद भोपाल के लिए रवाना किया जाएगा। सबकुछ ठीक रहा तो माह के अंत तक इस मशीन को हमीदिया अस्पताल में इंस्टॉल कर दिया जाएगा।

### जनवरी 2023 में हुए नई कैथलैब के आदेश

जनवरी 2024 में मौजूदा कैथलैब के खराब होने के बाद डिप्टी सीएम ने नई मशीन लगाने के निर्देश जारी किए थे। हालांकि इसके बाद नई मशीन के इंस्टॉलेशन को लेकर जगह का चयन नहीं हो सका। करीब एक साल में चार बार प्लान भी बदले, लेकिन किसी भी नतीजे पर पहुंच सके। हालांकि अंत में इसे हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में ही लगाने का फैसला किया गया। **कस्टम क्लीयरेंस में लगेगा एक सप्ताह:** जानकारी के अनुसार मुंबई पोर्ट पर आने के बाद इस मशीन को एटोमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड में एंट्री कराना होगी। इसके बाद कस्टम क्लीयरेंस में सात दिन का समय लगेगा। यही इसी दौरान कैथलैब की कंपनी के इंजीनियर इस मशीन की तकनीकि जांच करेंगे। सभी एजेंसियों से क्लीयरेंस मिलने के बाद इसे सड़क के रास्ते भोपाल भेजा जाएगा। यहां आने के बाद 15 दिन इंस्टॉल किया जाएगा।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

**भोपाल।** वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने विशेष अभियान चलाया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को आदेश दिए हैं। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। परिवहन विभाग ने इसके लिये एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का काम 3 माह में पूरा करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार एचएसआरपी के बगैर वाहनों की बिक्री, ट्रांसफर और एनओसी जारी नहीं होगी।

**एजुकेशन** पहली सीएलसी में पांच अगस्त तक होंगे पंजीयन, 14 अगस्त तक होंगे प्रवेश

# तीन सीएलसी से डीटीई कराएगा इंजीनियरिंग में 40 हजार व एमबीए की 17 हजार सीटों पर प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 124 इंजीनियरिंग कालेजों की रिक्त करीब 40 हजार रिक्त सीटों पर प्रवेश कराने के लिए कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) से प्रवेश देगा। प्रदेश में इंजीनियरिंग की 73 हजार 412 सीटें हैं। दो राउंड की काउंसलिंग में 32 हजार 866 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। प्रथम राउंड की काउंसलिंग में जेईई मेंस से 15 हजार 2 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। वहीं दूसरे राउंड की काउंसलिंग में जेईई मेंस से पांच हजार 57 और 12वीं के आधार पर 12 हजार 7 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए थे। अब शेष रही 40 हजार सीटों पर प्रवेश लेने के लिए डीटीई ने तीन राउंड की काउंसलिंग का कार्यक्रम तैयार किया है। इसी कार्यक्रम में एमबीए, एमसीए, बीबीए और बीसीए कोर्स में विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें विद्यार्थी पांच अगस्त तक पंजीयन कर पाएंगे। इसके बाद दूसरी सीएलसी में रिक्त सीटों को स्थानांतरित कर सात से दस अगस्त तक पंजीयन होंगे विद्यार्थी 11 अगस्त को सुबह साढे दस बजे से प्रवेश लेने के लिए कालेज में उपस्थित होंगे। इसके बाद रिक्त सीटों को अंतिम सीएलसी में लेकर प्रवेश दिया जाएगा। इसमें विद्यार्थी 12 से 14 अगस्त तक पंजीयन कराएंगे और रात 11.45 तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे।

**डीटीई की फैक्ट फाइल**

| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| इंजीनियरिंग | 73,412 | 32,743 |
| एमबीए | 28,770 | 12,000 |
| एमसीए | 4,345 | 1,804 |
| बीबीए | 30,355 | 11,205 |
| बीसीए | 13,542 | 4,613 |



### ऐसे बढ़ेंगे इंजीनियरिंग और एमबीए में प्रवेश

जेईई मैंस और एडवांस से आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश की स्थिति साफ हो गई है। इससे विद्यार्थी अब प्रदेश के कालेजों की तरफ रुख करेंगे। वहीं 12वीं के दूसरी परीक्षा के रिजल्ट भी जारी हो चुके हैं। इससे प्रवेश का ग्राफ ऊपर चढेगा। वहीं प्रदेश के अधिकतर विश्वविद्यालयों ने स्नातक के अंतिम वर्ष के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। इससे एमबीए और एमसीए में स्नातक के आधार प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी।

### एमबीए में हुए हैं 12 हजार प्रवेश

प्रदेश के 149 एमबीए कालेजों की करीब 17 हजार सीटों पर सीएलसी से प्रवेश होंगे। अभी तक विभाग एमबीए में 12 हजार विद्यार्थियों को प्रवेश दे सका है। सीमैट से प्रथम राउंड में 1,044 और दूसरे राउंड में 471 प्रवेश हुए थे। वहीं क्वालीफाई राउंड में 10,322 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। प्रदेश की 28 हजार 770 सीटें हैं। इसमें से 12 हजार प्रवेश हुए हैं और करीब 17 हजार सीटें रिक्त हैं। इसके एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) की चार 345 सीटों में से दोनों राउंड में एक हजार 804 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। प्रथम राउंड में करीब 800 और दूसरे राउंड में एक हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं।

### बीबीए और बीसीए में 44 हजार सीटें

बीबीए और बीसीए में 44 हजार सीटें हैं। इसमें तीस हजार 400 सीटें बीबीए और बीसीए में 13 हजार 600 सीटें हैं। दो राउंड की काउंसलिंग में बीबीए में 11 हजार 205 और बीसीए में चार हजार 413 विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं। अभी तक करीब 28 हजार 200 सीटें रिक्त बनी हुई हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश कराने के लिए विभाग तीन राउंड की सीएलसी की कवायद करने में लगा हुआ है।

## तिरंगा यात्रा को लेकर विधायक ने ली बैठक

**जागरण, भोपाल।** 14 अगस्त को हुजूर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित तिरंगा यात्रा के संबंध में शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कालेज में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने की। विधायक शर्मा ने युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं रानी लक्ष्मीबाई के त्याग और बलिदान को स्मरण किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दिए गए एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत की प्रासंगिकता को रेखांकित किया और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। विधायक शर्मा ने समस्त शैक्षणिक संस्थानों से तिरंगा यात्रा और स्वतंत्रता दिवस समारोह में सक्रिय और उत्सवमय सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने भी सभी संस्थानों से सहभागिता के लिए अनुरोध किया।

## विधायक सप्रे की सदस्यता मामले में हाईकोर्ट में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने लगाई है याचिका

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रिट पिटीशन दायर की है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे भाजपा के साथ हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। मांग की गई है है कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष पत्र भेजा था लेकिन उस पर 90 दिन की अवधि में कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट में हुई बहस के दौरान सिंघार की ओर से एडवोकेट विभोर खंडेलवाल ने तर्क में कहा कि या तो कोर्ट इस पर निर्णय दे या विधानसभा अध्यक्ष को निर्देशित करे। शासन की ओर से महाधिवेशन प्रशांत सिंह ने तर्क रखे। सभी की बहस सुन कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सागर जिले की बीना सीट से निर्मला सप्रे विधायक बनीं थी।



## रेलवे बोर्ड को सीसीटीवी फुटेज पेश करने को कहा

**जबलपुर।** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर ने रेलवे भर्ती बोर्ड सिकंदराबाद को सीसीटीवी फुटेज पेश करने के निर्देश दिए हैं। अभ्यर्थी को मेडिकल परीक्षा से वंचित करने के मामले में कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस एके श्रीवास्तव व प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्य की युगलपीठ ने बोर्ड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल छतरपुर निवासी बाल सिंह की ओर से अधिवक्ता वंदना त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि रेलवे तकनीशियन ग्रेड-3 पद के लिए चयनित अभ्यर्थी को मेडिकल परीक्षा से बिना कारण वंचित कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्टर कलाभवन की होटल में मिली लाश



**कोच्चि, जेएनएन।** मलयालम फिल्म एक्टर और मिमिक्री आर्टिस्ट कलाभवन नवास शुक्रवार की शाम कोच्चि के चोट्टानिकारा स्थित एक होटल में मृत पाए गए। 52 वर्षीय एक्टर कलाभवन इस होटल में एक फिल्म की शूटिंग के लिए ठहरे थे। यह घटना तब सामने आई जब होटल के कर्मचारियों ने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। पुलिस के हवाले से बताया गया कि कलाभवन को तुरंत ही नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को शक है कि कलाभवन निवास का कार्डियक अरेस्ट हुआ था। कलाभवन होटल में मलयालम फिल्म प्रकम्बनम की शूटिंग के सिलसिले में ठहरे हुए थे। शुक्रवार एक अगस्त की शाम को उन्हें होटल के अपने कमरे से चेक-आउट करना था, लेकिन जब वह रिसेप्शन पर नहीं पहुंचे, तो होटल के कर्मचारी तुरंत ऊपर गए, और एक्टर को उनके कमरे में बेहोश पाया। पुलिस के अनुसार, उनके कमरे में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कलाभवन निवास का पोस्टमार्टम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जाएगा।

### पीड़िता को 2100 करोड़ मुआवजा देने का आदेश

**मुंबई, जेएनएन।** टेस्ला की ऑटो ड्राइव कार के एक्सीडेंट के मामले में अमेरिकी बिजनेसमैन इलॉन मस्क की कंपनी को करीब 2,100 करोड़ का मुआवजा देना होगा। फ्लोरिडा के मियामी कोर्ट ने 4 साल तक चले ट्रायल में कंपनी को भी जिम्मेदार मानते हुए यह आदेश दिया है। मामला 2019 का है, जब फ्लोरिडा के लार्गो में टेस्ला की ऑटोपायलट सिस्टम वाली गाड़ी से हादसा हुआ। टेस्ला मॉडल एस सेडान ने एसयूवी को टक्कर मारी थी। इसमें 22 साल की नाइबेल बेनावाइड्स की मौत हो गई और उसका बॉयफ्रेंड डिलन एंगुलो गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में कंपनी ने कहा था कि ड्राइवर डिलन फोन चलाने में व्यस्त था, लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी। कोर्ट ने कहा, टेस्ला का सिस्टम खराब था और हादसे की जिम्मेदारी सिर्फ ड्राइवर की नहीं थी। दुर्घटना में 22 साल की नाइबेल बेनावाइड्स की मौत हो गई थी। 2021 में पीड़ितों के परिवार ने टेस्ला के खिलाफ केस फाइल किया। परिवार ने आरोप लगाया कि कंपनी ने ऑटोपायलट सिस्टम में खराबी की बात छुपाई और इस हादसे से पहले और बाद के डेटा और वीडियो फुटेज को भी खत्म कर दिया।

### मानव तस्करी की आरोपी ननों को मिली जमानत

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में मानव तस्करी और धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों को आज एनआईए अदालत द्वारा ज़मानत दिए जाने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया। सीपीआई सांसद पी. संदोष कुमार और केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। मानव तस्करी और धर्मातरण के मामले में दुर्ग केंद्रीय जेल में बंद केरल की दो ननो को आज बिलासपुर एनआईए कोर्ट से जमानत मिल दे दी है। केरल के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर आज दुर्ग जेल पहुंचे। और दोनो नन से की मुलाकात की। इसके कुछ देर में बाद जब दोनो नन को महिला बंदी गृह से रिहा किया तब प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर दोनो नन को अपने साथ इनोवा कार में बिठाकर रायपुर रवाना हो गए। इससे पूर्व ननो को जमानत मिलने की खुशी में केरल के सांसद और विधायकों के द्वारा जेल के बाहर मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। पूरा मामला 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर नारायणपुर निवासी तीन युवतियों को एक युवक रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचा थे।

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने खाली किया बंगला



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने राजधानी स्थित न्यायपालिका के प्रमुख का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ आठ नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो गए थे। हाल में, नयी दिल्ली के 5, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित प्रधान न्यायाधीश के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सात जुलाई को बातचीत में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराये पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका और माही पांच कृष्ण मेनन मार्ग, नयी दिल्ली स्थित प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है।

## प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 2200 करोड़ की परियोजनाओं की घोषणा की

# मोदी ने दिया स्वदेशी का मंत्र, बोले-वही खरीदें जिसमें भारतीय का पसीना बहा हो

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के सेवापुरी स्थित बनौली गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। वाराणसी पहुंचे पीएम ने करीब 2200 करोड़ रुपये की 52 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत 9.70 करोड़ से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक चुनौतियों, स्वदेशी अपनाने की आवश्यकता और किसानों की खुशहाली पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि मैं आपका ध्यान वैश्विक हालातों पर ले जाना चाहता हूं। दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। काशी की धरती से पीएम मोदी ने टैरिफ वाले मसले पर अप्रत्यक्ष तौर से ट्रंप को जवाब भी दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा कि हम वही करेंगे जो भारत के हित में होगा। तमिलनाडु दौरे का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि वे एक हजार साल पुराने गंगईकोंडा चोलापुरम मंदिर गए, जो राजेंद्र चोल द्वारा बनवाया गया था। राजेंद्र चोल ने उत्तर भारत से गंगाजल मंगवाकर उत्तर को दक्षिण से जोड़ा था। काशी तमिल संगमम प्रयासों के जरिए इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। 1000 साल बाद वे खुद गंगाजल लेकर वहां गए और जलाभिषेक किया।



### वोकल फॉर लोकल का किया आव्हान

प्रधानमंत्री ने जनता से स्वदेशी का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई राजनेता और राजनीतिक दल है उसे संकोच को छोड़कर देशवासियों में इस भाव को जगाना होगा कि हम स्वदेशी का संकल्प लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें उन चीजों को खरीदना चाहिए जिन्हें बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है, और जो भारत के लोगों के कौशल से बनी हैं। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि घर में जो भी नया सामान आए, वह स्वदेशी ही हो। व्यापारियों और दुकानदारों से विशेष आग्रह करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम हमारे यहां से सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। ये स्वदेशी माल बेचने का संकल्प देश की सच्ची सेवा होगा। प्रधानमंत्री ने सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर किसानों की खुशहाली के लिए काम कर रही है। पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर की गई घोषणाएं पूरी होना मुश्किल था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। पीएम किसान सम्मान निधि को सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बताते हुए उन्होंने 2019 में योजना शुरू होने के समय विपक्षी पार्टियों (जैसे सपा और कांग्रेस) द्वारा फैलाई गई अफवाहों का जिक्र किया।

### जो जितना पिछड़ा, उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता

मोदी के विकास मंत्र जो जितना पिछड़ा, उसे उतनी ही ज्यादा प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए उन्होंने हाल ही में मंजूर की गई प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, और इसका फोकस उन पिछड़े जिलों पर होगा जहां कृषि उत्पादन और आमदनी कम है। सरकार बीज से बाजार तक किसानों के साथ है। सिंचाई योजनाओं में लाखों करोड़ रुपये लगाए जा रहे हैं।

**महिलाओं और कृषि रिसर्च पर जोर:** कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी अभियान का उल्लेख किया, जिसका लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना है। अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं।

**जनधन योजना और केवाईसी अभियान की चर्चा:** प्रधानमंत्री ने जनधन योजना के 10 साल पूरे होने का जिक्र किया, जिसके तहत 55 करोड़ गरीबों के बैंक खाते खोले गए। अब 10 साल बाद केवाईसी दोबारा कराना जरूरी है। उन्होंने बैंकों के अभियान की सराहना की, जहां 1 जुलाई से ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर लाखों लोगों का केवाईसी किया जा रहा है।

## कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया ने साधा निशाना, बोलीं

# धर्मतंत्र स्थापित करने वैचारिक तख्तापलट कर रही भाजपा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि संविधान खतरे में है, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा ताकत का इस्तेमाल उसी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए कर रही है, जिसका वह लंबे समय से विरोध करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की जगह कुछ ताकतवर लोगों की सेवा करने वाले एक धर्मतंत्रीय कॉर्पोरेट राज्य को स्थापित करके 'वैचारिक तख्तापलट' की कोशिश कर रही है। 'संवैधानिक चुनौतियां-परिप्रेक्ष्य और मार्ग' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय विधि सम्मेलन में पढ़े गए अपने विशेष संदेश में गांधी ने कहा कि कांग्रेस संसद, अदालतों और सड़कों पर संविधान को कमजोर करने के हर प्रयास का विरोध करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के सम्मान की रक्षा के लिए एक वैचारिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा, आज संविधान खतरे में है। भाजपा-आरएसएस, जिन्होंने कभी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई नहीं लड़ी या समानता को बरकरार नहीं रखा, अब अपनी शक्ति का इस्तेमाल उसी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए कर रहे हैं जिसका वे लंबे समय से विरोध करते रहे हैं। उनके वैचारिक पूर्वजों ने मनुस्मृति का महिमामंडन किया, तिरंगे को नकारा और एक हिंदू राष्ट्र की कल्पना की, जहां लोकतंत्र खोखला हो और भेदभाव ही कानून हो। सत्ता में रहते हुए उन्होंने संस्थाओं को नष्ट किया, असहमति को अपराध घोषित किया, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया और दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और मेहनतकश गरीबों के साथ विश्वासघात किया।

# वोटर लिस्ट से नाम कटा : तेजस्वी ईसी बोला-सूची में मौजूद है नाम



**पटना, जेएनएन।** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने एसआईआर के मामले पर फिर आक्रामक रुख दिखाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में धांधली की गई है। सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तेजस्वी यादव ने यह बातें कहीं। उन्होंने ये भी दावा किया कि वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी के इस आरोप का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। उसने वोटर लिस्ट दिखाकर बताया कि तेजस्वी का नाम सूची में मौजूद है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एमएस ने भी कहा कि कुछ समाचार माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है। इस बारे में जिला प्रशासन, पटना द्वारा जांच की गई। इसमें यह स्पष्ट हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। पूर्व में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केन्द्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था। इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा कि हम शुरू से ही इस पूरे मामले पर अपनी आवाज को उठाते रहे हैं।

**मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा**-तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। उनका नाम काट दिया गया है। उन्होंने सवाल पूछा है कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? तेजस्वी ने दावा किया है कि उन्होंने एसआईआर के दौरान गणना प्रपत्र भी भरा था, इसके बावजूद भी नाम काटा गया है। तेजस्वी नेता ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सूची सभी राजनीतिक दलों को दी जा रही है, लेकिन चोर की दाढ़ी में तिनका है। वह हम लोग बताएंगे। चुनाव आयोग के द्वारा कहा गया था कि मतदाता सूची से हटाए गए हर नाम की जानकारी और कारण बताया जाएगा।

# भारी बारिश में खराब रास्तों के चलते अमरनाथ यात्रा हफ्तेभर पहले रोकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण कश्मीर में भगवान शिव के पवित्र गुफा मंदिर की वार्षिक अमरनाथ यात्रा को एक सप्ताह पहले ही बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से यात्रा मार्गों को क्षतिग्रस्त होने के चलते यह निर्णय किया है। पूर्व में यह यात्रा 9 अगस्त चलनी थी, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए इसे 3 अगस्त से ही रोक दिया गया है। अब 9 अगस्त को केवल पवित्र गदा पूजन किया जाएगा।

कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि पहलगाम और बालटाल यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। इससे दोनों रास्तों की तत्काल मरम्मत की आवश्यकता आ गई थी। इन मार्गों पर यात्रा जारी रखने से कभी भी हादसा होने की संभावना थी। ऐसे में यात्रा को रोकने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है।



### 4.10 लाख श्रद्धालुओं ने किए पवित्र गुफा के दर्शन

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी। इस साल अब तक 4.10 लाख श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। बता दें कि यात्रा की शुरुआत के दिन सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई थी। इस बार यात्रा केवल 1 महीना ही चल पाई। यात्रा के दौरान लगभग 50,000 सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए थे।

### बारिश की वजह से रास्ते हुए अत्यधिक क्षतिग्रस्त

प्रशासन ने बताया कि लगातार बारिश के कारण रास्तों पर गंभीर क्षति हुई है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए ट्रैक की मरम्मत और देखरेख के लिए यात्रा को समय से पहले रोकने का फैसला लिया गया। हालांकि, इस वर्ष भी लाखों लोगों ने आस्था के इस महान पर्व में हिस्सा लिया और बाबा अमरनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## मेदवेदेव के बयान पर भड़के ट्रंप



**वाशिंगटन, जेएनएन।** पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने हाल ही में अमेरिका के खिलाफ उकसाने वाली टिप्पणीयां की थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेदवेदेव की टिप्पणियों के बाद दो परमाणु पनडुब्बियों को सही जगह पर तैनात करने का आदेश दिया है। ये ट्रंप के उस अल्टीमेटम के जवाब में था जिसमें उन्होंने रूस से यूक्रेन में युद्धविराम की मांग की थी। ट्रंप ने कहा था कि अगर रूस ने ऐसा नहीं किया तो उसे और कड़े प्रतिबंध झेलने होंगे। ट्रंप ने कहा, मैंने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि हो सकता है कि ये टिप्पणी, मूर्खतापूर्ण और भड़काऊ बयान सिर्फ बातें भर न हों। शब्दों की अहमियत होती है और कई बार इनके अंजाम बुरे हो सकते है, इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार ऐसा नहीं होगा। हालांकि, सैन्य गोपनीयता की वजह से उन्होंने अमेरिकी नौसेना की ये पनडुब्बियों के भेजे जाने वाले स्थान का जिक्र नहीं किया।


## मुंबई में 3 करोड़ की नकली दवाइयां जब्त



**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई के मलाड इलाके में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिसमें करोड़ों रुपये मूल्य की अवैध और नकली दवाइयां बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें अधिकारियों ने बिना लाइसेंस और प्रतिबंधित दवाओं का बड़ा जखीरा पकड़ा। फिलहाल मामले की जांच विस्तृत रूप से की जा रही है। एफडीए को सूचना मिली थी कि मलाड (पश्चिम) में एक निजी गोदाम में बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस और अनुमति के दवाइयों का स्टॉक जमा किया गया है। इसके बाद एफडीए की टीम ने मुंबई पुलिस की मदद से छापा मारा और मौके से भारी मात्रा में नकली, बिना रजिस्ट्रेशन की और एक्सपायर्ड दवाइयों को जब्त किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार जब्त की गई दवाओं की कुल कीमत 3 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इनमें कई ऐसी दवाएं शामिल हैं जो केवल डॉक्टर की पर्ची पर दी जाती हैं, लेकिन इन्हें खुलेआम बेचा जा रहा था।

## चमोली में लैंडस्लाइड, 12 घायल

**चमोली, जेएनएन।** चमोली जिले के जोशीमठ क्षेत्र में हेलंग के पास अलकनंदा नदी के किनारे निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की डायवर्जन साइट पर शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। टीएचडीसी के इस प्रोजेक्ट की डैम साइट पर भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें चट्टान टूटने से 12 मजदूर घायल हो गए। घटना से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। एक अधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट साइट पर डायवर्जन निर्माण कार्य के दौरान भूस्खलन के कारण अचानक पहाड़ का एक हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। कई मजदूरों ने भागकर



अपने जान बचाई, लेकिन हादसे में 12 मजदूर घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा संचालित इस डैम साइट पर हादसे के वक्त करीब 200 मजदूर काम कर रहे थे। विशेषज्ञों के अनुसार, चमोली जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## गुरुग्राम लैंड डील, वाड्रा को कोर्ट का नोटिस

**गुरुग्राम, जेएनएन।** हरियाणा में गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में जमीन सौदे और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस अगली सुनवाई से पहले आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए भेजे गए हैं। सुनवाई में विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्रा ने ईडी की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को नोटिस भेजा। बता दें कि ईडी ने हाल ही में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप-पत्र दायर किया था। उन पर साढ़े 7 करोड़ में खरीदी जमीन 58 करोड़ में बेचने का आरोप है। अदालत ने ईडी को सभी आरोपियों को आरोप-पत्र की एक प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

## कुलगाम में दो आतंकी ढेर एक का नाम हिट लिस्ट में

**जम्मू, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

एनकाउंटर में हारिस सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच कल रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग चल रही है।

## 3 दोस्तों की हाथीनाला-बिलधा वाटरफॉल में डूबने से मौत

**जागरण, नरसिंहपुर।** शुक्रवार को तीन दोस्त हाथीनाला-बिलधा वाटरफॉल में डूब गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। रेस्क्यू टीम ने रात करीब 11 बजे सर्चिंग शुरू की और तीनों के शव पानी से निकाले गए। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद थे। छात्रों की पहचान तनमय शर्मा, अश्विन जाट और अक्षत सोनी के रूप में हुई है। तनमय संस्कार सिटी का रहने वाला था। अश्विन धुवघट और अक्षत गोकुल नगर के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, तनमय चावरा विद्यापीठ में कक्षा 12वीं का छात्र था। अश्विन और अक्षत उत्कृष्ट विद्यालय में 12वीं में पढ़ते थे। दरअसल तीनों छात्र स्कूल के बाद घूमने निकले थे। ये देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। तलाश करने पर हाथीनाला के पास उनकी बाइक और कपड़े मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। रेस्क्यू टीम ने सर्चिंग शुरू की और तीनों के शव पानी से निकाले गए। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल का कहना है कि शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी थी। नरसिंहपुर उत्कृष्ट विद्यालय के प्रिंसिपल एस पटेल ने बताया कि शुक्रवार को हमारे स्कूल में पर्यटन क्विज कॉन्टेस्ट था, जिसमें पूरे जिले के 160 स्कूली बच्चों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में हमारा पूरा स्टाफ व्यस्त था।

**चिकित्सा**

## भारत में वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 18,911 अंग प्रत्यारोपण

# 10 लाख आबादी पर सिर्फ एक अंगदान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में पिछले साल 18,911 अंग प्रत्यारोपण किए गए, जबकि प्रत्यारोपण के लिए अंगों की भारी कमी अभी भी बनी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा शनिवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रत्यारोपणों की संख्या 2013 में 4,990 से बढ़कर 2023 में 18,378 हो गई है और जनवरी से दिसंबर 2024 तक 18,911 प्रत्यारोपण हुए हैं, फिर भी अंगदान की दर प्रति दस लाख की आबादी पर एक से भी कम है। इसमें कहा गया है कि यह दर दुनिया में सबसे ज्यादा स्पेन में प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 48 के विपरीत है। कुल अंग प्रत्यारोपण के मामले में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है, और कुल जीवित दाता अंग प्रत्यारोपण के मामले में पहले स्थान पर है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वार्षिक रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि तमिलनाडु और दिल्ली में सबसे ज्यादा हृदय, गुर्दे, फेफड़े और यकृत प्रत्यारोपण हुए हैं। भारत में वर्तमान में 63,000 से ज़्यादा




लोगों को गुर्दे के प्रत्यारोपण की जरूरत है, और लगभग 22,000 लोगों को यकृत प्रत्यारोपण की जरूरत है।

2024 में देश में 13,476 गुर्दे के प्रत्यारोपण हुए, जिनमें से सबसे ज्यादा दिल्ली में हुए उसके बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल का स्थान रहा। इसी तरह 4,901 यकृत प्रत्यारोपण हुए। दिल्ली में सबसे ज़्यादा यकृत प्रत्यारोपण हुए, उसके बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल और तेलंगाना का स्थान रहा।

देश में कुल 253 हृदय प्रत्यारोपण हुए। सबसे ज़्यादा संख्या तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और महाराष्ट्र में हुई। दिल्ली छठे स्थान पर रही। फेफड़ों के प्रत्यारोपण में 228, तमिलनाडु में फिर से सबसे ज़्यादा संख्या दर्ज की गई। इसके बाद तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का स्थान रहा। केवल 44 अग्न्याशय प्रत्यारोपण किए गए, और चंडीगढ़ में सबसे ज़्यादा प्रत्यारोपण किए गए, उसके बाद कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात का स्थान रहा। केवल नौ छोटी आंत के प्रत्यारोपण किए गए। तमिलनाडु (6) में सबसे ज़्यादा प्रत्यारोपण किए गए, उसके बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र का स्थान रहा। जैसा कि आमतौर पर होता है, 2024 में भी पुरुषों की तुलना में ज़्यादा महिलाओं ने अपने अंग दान करने का संकल्प लिया।

### अंगों की विफलता के मामलों में वृद्धि चिंताजनक

15वें भारतीय अंगदान दिवस पर नड्डा ने कहा, भारत ने 2024 में 18,900 से ज़्यादा अंग प्रत्यारोपण करने की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो किसी एक वर्ष में अब तक का सबसे ज़्यादा है, और 2013 में 5,000 से भी कम प्रत्यारोपणों की तुलना में एक महत्वपूर्ण छलांग है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार अंगदान और प्रत्यारोपण को लगातार सुव्यवस्थित कर रही है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा नागरिक इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा, हम शहरों के बीच अंगों की समय पर और सुचारू आवाजाही और सफल अंग प्रत्यारोपण सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंगों की विफलता के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है, जो जन स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर ख़तरा है और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर दबाव बढ़ा रहा है। हर साल हज़ारों लोग अंग प्रत्यारोपण का इंतज़ार करते हैं। तत्काल ज़रूरत के बावजूद, प्रत्यारोपण के लिए प्रतीक्षारत मरीज़ों और उपलब्ध दाताओं की संख्या के बीच एक बड़ा अंतर बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा, यह अंतर इच्छाशक्ति की कमी के कारण नहीं, बल्कि अक्सर जागरूकता की कमी और मिथकों व भ्रांतियों में निहित झिझक के कारण होता है।

# रेलवे जनसंपर्क की मांगों को रेल मन्त्री तक पहुँचाया जाएगा : ओम बिरला

### प्रथम अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का कोटा में आयोजन

**जयपुर।** भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का भव्य आयोजन शनिवार को कोटा के मेनाल रेलवे ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और भारतीय रेलवे जनसंपर्क कैडर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बिरला के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कालरा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद जनसंपर्क विभाग के परिचय पर एक संक्षिप्त वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिससे जनसंपर्क कर्मियों की बहुआयामी भूमिका का परिचय उपस्थित जनसमूह को मिला। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कमल जोशी द्वारा जनसंपर्क कैडर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, दायित्व, एवं संरचनात्मक चुनौतियों को रेखांकित किया गया। ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे का जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इसकी मजबूती से रेलवे की छवि और पारदर्शिता में वृद्धि होती है। रेलवे जनसंपर्क विभाग की मांगों को रेल मन्त्री तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने विभाग के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन भी प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा कार्यक्रम का औपचारिक समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके उपरांत सेमिनार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रचार निरीक्षकों ने अपने विचार, अनुभव एवं कैडर से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। यह विचार-विमर्श सत्र जनसंपर्क विभाग की कार्यक्षमता, कैडर पुनर्गठन, और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल,नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा सहित रेलवे के विभिन्न संवर्गों के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने न केवल विभागीय एकजुटता को दर्शाया बल्कि जनसंपर्क कैडर की समस्याओं को नीति-निर्माताओं के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया।

# जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, कलेक्टर ने जताई नाराजगी, दिए सुधार के निर्देश

**जागरण, टीकमगढ़।** जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने रविवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सीधे एसएनसीयू (एसएनसीयू) वार्ड पहुँचे, जहाँ उन्होंने भर्ती नवजात शिशुओं के परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



## अस्पताल परिसर में फैले कचरे पर जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में जगह-जगह फैले कचरे का अंबार देखकर कलेक्टर नाराज हो गए। उन्होंने स्वयं अपने मोबाइल से कचरे की तस्वीरें खींचकर नगर पालिका के सीएमओ को भेजीं और तत्काल सफाई के निर्देश दिए।

## नई बिल्डिंग में जल्द शुरू हो ओपीडी : कलेक्टर

कलेक्टर श्रोत्रिय ने सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल की नई 100 बिस्तरीय बिल्डिंग में जल्द से जल्द ओपीडी सेवाएं शुरू की जाएं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नई बिल्डिंग का उपयोग केवल प्रतीक्षा नहीं, क्रियान्वयन के लिए होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने अक्टूबर तक पूरी बिल्डिंग को संचालन योग्य बनाने के निर्देश दिए।

## छत से टपकते पानी पर भी जताई चिंता

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भवन की छत पर शेड की अनुचित व्यवस्था के कारण हॉल में हो रहे जल रिसाव को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब तक छत की समस्या हल नहीं होगी, तब तक हॉल का उपयोग सुरक्षित तरीके से नहीं हो पाएगा।

## पर्चा बनाने वाले केबिन का होगा विस्तार

पर्चा बनाने वाले केबिन का क्षेत्रफल कम पाए जाने पर कलेक्टर ने इसे शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि मरीजों को शुरुआती सुविधा ही ठीक से नहीं मिलेगी तो शेष व्यवस्थाएं व्यर्थ हो जाएंगी।

## कार्य प्रगति की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अस्पताल के निर्माण और मरम्मत कार्यों की प्रगति की एक चार्जशीट तैयार की जाए, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि कौन-कौन से कार्य कब तक पूर्ण किए जाएंगे। इस निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, अस्पताल प्रबंधक अंकुर साहू सहित अन्य डॉक्टर और स्टाफ उपस्थित रहे।

# डॉक्टर को घर में घुसकर मारने की दी जा रही धमकी पीड़ित परिवार ने एसपी से की सुरक्षा की मांग

## असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर दी जा रही धमकियों से डरे डॉक्टर के परिजन पहुंचे पुलिस कार्यालय



**जागरण, टीकमगढ़।** जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में पदस्थ डॉक्टर योगेश यादव को और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिल रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के एक ग्रुप में असामाजिक तत्वों द्वारा डॉक्टर को घर में घुसकर जान से मारने और गाली-गलौज करने की धमकी दी जा रही है। इस मामले को लेकर रविवार को डॉक्टर के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कोतवाली थाना पहुंचे और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। डॉ. यादव के परिजनों ने शिकायत में बताया कि 1 अगस्त को डॉक्टर योगेश यादव के क्लीनिक पर मरीज के पर्चे को लेकर अश्वनी रावत और विकास राय के साथ विवाद हुआ था। इस दौरान डॉक्टर के स्टाफ और युवकों के बीच कहासुनी और हाथापाई की स्थिति बन गई थी। मामला दोनों पक्षों द्वारा दर्ज भी कराया गया। इसके बाद से ही डॉक्टर और उनके परिवार को निशाना बनाते हुए धमकियां मिलने लगी हैं। शिकायत में उल्लेख किया गया कि व्हाट्सएप ग्रुप %हिंदू नववर्ष उत्सव समिति% में लगातार कुछ लोगों द्वारा गाली-गलौज की जा रही है और डॉक्टर को उनके घर में घुसकर जान से मारने की खुली धमकियां दी जा रही हैं। डॉक्टर का परिवार इस पूरी स्थिति से डरा और सहमा हुआ है। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर योगेश यादव अब खुद को और अपने परिवार को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और मरीजों का इलाज करने में भी डर लगने लगा है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक लोग इलाज के बहाने डॉक्टर के घर पहुंचते हैं और जानबूझकर गाली-गलौज कर माहौल खराब करते हैं। डॉक्टर के परिजनों ने एसपी से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और धमकी देने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही डॉक्टर और उनके परिवार को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार प्रदेश और देशभर में डॉक्टरों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे चिकित्सा पेशे से जुड़े लोग भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। अगर समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो यह हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

**जागरण, पन्ना।** प्रदेश के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिए हैं। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 4 दिसम्बर 2018 के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद सभी पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाना अनिवार्य है। वाहन पोर्टल में डाटा अपडेट करने के काम में तेजी लाई जा रही है। परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश भर में दल गठित कर संबंधित वाहन डीलर के माध्यम से एनआईसी वाहन पोर्टल पर अद्यतन स्थिति दर्ज की जाएगी। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि जिले के समस्त डीलरों से निरंतर संपर्क में रहते हुए वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाई जाए। जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं है, उन्हें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) जारी करने, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता बदलना, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना संभव नहीं हो सकेगा। साथ ही वाहनों के स्वामित्व बदलने, हाइपोथिकेशन जोड़ना और हटाना, नवीन-डुप्लीकेट परमिट जारी करना, परमिट का हस्तांतरण और नवीनीकरण, कराधान प्राधिकार के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना और वाहन का पंजीयन निरस्तीकरण करना संभव नहीं हो सकेगा।

निर्देश में कहा गया है कि वाहन की स्थाई-अस्थायी अनुज्ञाएं जारी करने, डुप्लीकेट फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने, वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करना, वाहनों के पंजीयन नवीनीकरण करने के साथ ही वाहन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सुविधाएं मोटर मालिकों को नहीं मिल सकेंगी। जिला परिवहन अधिकारियों को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिये भी कहा गया है।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान

## 15 अगस्त तक संचालित होने वाले अभियान के संबंध में निर्देश जारी

**जागरण, पन्ना।** मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का तीन चरणों में क्रियान्वयन किया जाना है। शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी यह अभियान संचालित होगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिए कार्य किए जाएंगे। स्थानीय उत्पादों पर केन्द्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक व तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे, जबकि तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जाएगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए जाएंगे। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी जल स्वच्छता और स्वास्थ्य तथा बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

अभियान में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियां होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है। यह प्रतीकात्मक कार्य सुरक्षित जल और स्वच्छता तक पहुंच द्वारा लाई गई स्वतंत्रता, गरिमा और कल्याण को दर्शाता है।

अभियान में जिले के साथ ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं के साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयंसेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने, आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# पन्ना पुलिस की गाँजा तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम मादक पदार्थ जब्त साथ ही 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**जागरण, पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की 02 व्यक्ति ग्राम सुगरहा स्थित हरदुआ मोड़ के पास बने बस स्टॉप पर संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए है । जिस पुलिस टीम द्वारा तत्काल रैड कार्यवाही कर पकड़ा और उक्त दो संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।



## गिरफ्तार किए गए व्यक्ति

राजकुमार विश्वकर्मा, पिता - चिरौंजी विश्वकर्मा, उम्र - 27 वर्ष, निवासी - सरवारा, थाना - गुन्नौर,राम बहोरी विश्वकर्मा, पिता - राम किशन विश्वकर्मा, उम्र - 20 वर्ष, निवासी - मड़ैयन, थाना - अमानगंज। इन दोनों आरोपियों के पास से बरामद किया गया गांजा एक नीले रंग के बैग में रखा हुआ था। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने मादक पदार्थ की तस्करी की बात कबूल की। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। जप्त सामग्री -एक नीले रंग के बैग में 4 किलो 700 ग्राम मादक पदार्थ कीमती करीव 01 लाख रूपए का जप्त किया गया इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई, जिसमें सहायक उप निरीक्षक शिवेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज त्रिपाठी, सलीम अली, आरक्षक रविंद्र कुमार, राकेश सिंह, गोविंद कुमार,आरक्षक शिव प्रताप सिंह एवं साइबर सेल टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पन्ना पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे मादक पदार्थों के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पन्ना पुलिस नशे के खिलाफ अपनी मुहिम को सख्ती से जारी रखेगी।

# छत्रसाल महाविद्यालय में एनसीसी रैंक सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न




**जागरण, पन्ना।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के सभागार में रैंक सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडी चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राचार्य द्वारा कैडेट्स को रैंक के अनुरूप जिम्मेदारी, आचरण और अनुशासन में रहने की बात कही गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सचिन गोयल संकाय अध्यक्ष वाणिज्य ने एनसीसी कैडेट्स को सैन्य अनुशासन में ढलते हैं एवं अन्य विद्यार्थियों से इनकी अलग पहचान होती है । विशिष्ट अतिथि डॉ नंदकुमार पटेल सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट महाविद्यालय की शान है,जब मैं इन्हें वर्दी में देखता हूं तो ऐसा लगता है कि ये कोई पुलिस अफसर हैं। लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के तीन कैडेट्स का प्राथमिक रूप से चयन प्री-आरडीसी के लिए हुआ है, जो कैडेट्स का समर्पण अनुशासन और उनकी मेहनत को दर्शाता है। रैंक वितरण क्रमशः अर्पित बागरी सीनियर अंडर अफसर, अनुज विश्वकर्मा अंडर अफसर, वर्षा यादव अंडर अफसर, अखलेश आदिवासी सार्जेंट, दिनेश कोरी सार्जेंट,? अंशिका कुशवाहा सार्जेंट, कॉरपोरल की रैंक क्रमशः- दीक्षा सेन, छत्रपाल कोरी, रावेद्र गुप्ता, दीपेंद्र यादव, काजल कुशवाहा, केश चन्द कुशवाहा, लॉन्स कॉरपोरल की रैंक क्रमशः पूर्वी रैकवार, निवेदिता सिंह, शिखा प्रजापति, पूजा अहिरवार, धीरज यादव, सुरेंद्र कुमार कोरी को प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम का संचालन एनसीसी कैडेट्स पूर्वी रैकवार और निवेदिता सिंह द्वारा किया गया तथा अन्य कैडेट्स बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे।

# जिला अस्पताल के डॉक्टर दिव्यांग शिविर में जिला चिकित्सालय में मरीजों की लगी भारी भीड़

## जिला अस्पताल में वैसे भी डाक्टरो की कमी दूसरा भारी बारिश में शिविर

## बरसात के मौसम में दिव्यांग शिविर का क्या मतलब

**जागरण, पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग तथा जिला अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न विद्यालयों में दिव्यांग शिविर अलग-अलग तारीख को लगाए जा रहे हैं भारी बरसात में शिविर लगाने से हितग्राहियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि हितग्राही शिविर स्थलों में पहुंच ही नहीं पा रहे हैं शिविर लगाने की औपचारिकता पूरी की जा रही है जिला अस्पताल से लाव लश्कर के साथ वाहनों में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ पहुंच जाता है लेकिन लाभार्थी नहीं रहते हैं संबंधित विभागों द्वारा शिविर के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन भारी बरसात में शिविर लगाने का कोई मतलब नही है इधर जिला चिकित्सालय मे डॉक्टर ना होने के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है तथा भारी भीड़ बढ़ रही है इसी प्रकार का नजारा जिला चिकित्सालय में शनिवार को देखने को मिला जिला चिकित्सालय में सिर्फ एक दो डॉक्टर उपस्थित रहे तथा मरीजों की संख्या 500 से अधिक देखी गई है इलाज के अभाव में अनेक मरीज वापस लौट गए ज्ञात हो कि 2 अगस्त शनिवार को गुनौर उत्कृष्ट विद्यालय में शिविर लगाया गया इसी प्रकार 4 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय पवई 6 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाहनगर 8 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय अजयगढ़ 11 अगस्त को विद्यालय पन्ना मे शिविर लगाए जाएंगे। आगे देखना होगा शिविर में कितने दिव्यांग इस शिविर का लाभ लेकर लाभान्वित होते है।

# खाद्य विभाग ने प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण





## केसरवानी स्वीटमार्ट, बल्देव स्वीटमार्ट के लिए सेम्पल

**जागरण, पन्ना।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने रविवार को पन्ना नगर के अस्पताल चौराहा स्थित केशरवानी स्वीट्स एवं स्टेट बैंक मुख्य शाखा के बगल से बल्देव स्वीट्स का निरीक्षण कर पेड़ा एवं मिठाई के सैम्पल लिए। इस दौरान नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यवाही की गई। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# विश्वकर्मा कॉलोनी शिव मंदिर में रूद्राभिषेक

## पंडित राजेश पाठक के सानिध्य मे हुआ आयोजन

**जागरण, पवई।** पवई नगर के बार्ड क्रमांक 10 विश्वकर्मा कालोनी शिव मंदिर मे सावन माह के उपलक्ष्य मे शिव जी का अभिषेक पूजन पंडित राजेश पाठक के सानिध्य मे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ पूजन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया उक्त धार्मिक आयोजन शोभाराम विश्वकर्मा द्वारा करवाया गया नगर मे इस समय प्रतिदिन शिव मंदिरों एवं निजि निवासों पर पार्थिव शिव लिंग निर्माण रूद्राभिषेक एवं शिवार्चन की ध्वनि गुंजायमान हो रही है लोग बडे ही आस्था के साथ भोले की भक्त मे लगे हुए है ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त भगवान शिव सच्चे मन आराधना करते है उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साल के वारह महिनों मे सावन माह का विशेष ही महत्व है माता पार्वती ने सावन मे कडी तपस्या की महिलाए एवं युवतिया सावन सोमवार का व्रत एवं उपवास भी करती है कहां जाता है शिवार्चन कराने से सर्प काल दोष नष्ट हो जाता है तथा घर परिवार की सुख समृद्धि हेतु शिवार्चन महामृत्युंजय जाप कराने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है पूजन के समय यमुना विश्वकर्मा,बंटी विश्वकर्मा,प्रहलाद चौबे सुदीप नगायच हिम्मत सिह सहित अन्य शिवभक्त मोजूद रहे।



# पवई से मैहर तक सकरी और जर्जर सड़क होने से हो रही वाहन दुर्घटनाएं

## सीधी और कम दूरी होने से पवई - मैहर रोड का अधिक उपयोग हो रहा



**जागरण, पवई।** मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत देश में प्रसिद्ध मैहर में स्थित मां शारदा देवी के दर्शनों हेतु देश भर के श्रद्धालु जन मैहर आते जाते हैं । चार पहिया दो पहिया वाहन चालक जो भोपाल रायसेन सागर दमोह तरफ से आते हैं वह पवई से सीधा 60 किलोमीटर का रास्ता जो बिरसिंहपुर पिपरियादौन बछौन खंदेराजा बैरियल से होते हुए मैहर जाने हेतु रास्ता अपनाते है । उक्त सड़क पवई से मैहर तक मात्र 03 मीटर चौड़ी कुछ वर्षों पूर्व बनाई गई थी जो अब तक कई जगह गड्ढो में तब्दील हो गई है अधिकतर सड़क क्षतिग्रस्त है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी मंडलम पवई अध्यक्ष बिट्टा सिंगरौल ने शासन प्रशासन एवं पवई क्षेत्र के विधायक प्रहलाद लोधी और सांसद विष्णु दत्त शर्मा से मांग है कि शीघ्र ही पवई से मैहर तक कम से कम 8 - 10 मीटर चौड़ी पक्की सड़क बनाई जाना जनहित में आवश्यक है । सड़क चौड़ी बनने से वाहन दुर्घटनाओं में कमी आएगी - तो वहीं दूसरी तरफ मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन हेतु बेहतर सुविधा प्राप्त होगी । अधिक से अधिक श्रद्धालुओं के जाने का मार्ग प्रशस्त होगा ।

# दीपा सिंह को तीज क्वीन का सम्मान





## लायंस क्लब विद्युत विहार द्वारा हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**जागरण, बैढ़न**

लायंस क्लब विद्युत विहार की महिला सदस्यों द्वारा हरियाली तीज का पारंपरिक पर्व बड़े ही उत्साह भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ आस्था गुप्ता के द्वारा गणेश वंदना की मनोरम प्रस्तुति से हुआ। हरियाली तीज का यह पर्व नारी शक्ति की आस्था प्रेम और सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने तप और भक्ति से प्रसन्न कर जीवनसाथी के रूप में प्राप्त किया यही कारण है कि यह पर्व शिव.पार्वती के पुनर्मिलन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है हरियाली तीज का वातावरण उत्सवमयी रहा रंग.बिरंगे परिधान पारंपरिक गीतों की गूंज नृत्य और झूलों की रौनक ने कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। सावन की हरियाली की प्रस्तुति हेतु महिलाओं ने लोकगीत गाए झूला झूले और सांस्कृतिक गतिविधियों मे उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रावती बैस दीपा सिंह ममता अग्रवाल बबली गुप्ता मंजू बंसल एवं श्रीमती कंचन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उपस्थित महिलाओं ने झूला झूलने के साथ.साथ पारंपरिक तीज गीतों का गायन कर वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। उपस्थित महिलाओं द्वारा दीपा सिंह को तीज क्वीन घोषित कर सम्मान प्रदान किया गया। लायंस क्लब विद्युत विहार की प्रथम महिला चंद्रावती बैस ने सफल आयोजन के लिए उपस्थित महिला सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं तथा क्लब को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित महिलाओं में चंद्रावती बैस मंजू बंसल निशा बंसल पद्मा श्रीनिवास शिखा बंसल बबली तारकेश्वर रश्मि अग्रवाल अंजलि सिंह ममता अग्रवाल श्रुति अग्रवाल स्वाति केशरी दीपा सिंह प्रीति जायसवाल लक्ष्मी जायसवाल मधु सिंह अर्चना शाह विभा चौरसिया आरती जायसवाल साक्षी शरण रीनू सिंह इंदु सिंह मेघा सिंह कंचन सिंह वैष्णवी अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल श्रीमती संतोष अग्रवाल शिल्पी अग्रवाल अनिता अग्रवाल दीप्ति जैन अन्नू भरतीया अंकिता राज ज्योति बंसल हनी मिश्रा अनामिका जायसवाल संगीता गोयल रिया गोयल संगीता सिंह आलिशा सिंह श्रद्धा अग्रवाल सविता पांडेय के अलावा लायंस परिवार से बच्चे भी उपस्थित थे।

# जेसीबी ने बाइक सवार शिक्षक को कुचला, मौके पर हुई मौत



**जागरण, बैढ़न।** गनियारी रोड हिर्रवाह रेलवे क्रासिंग के पास जेसीबी ने बाइक सवार शिक्षक को कुचला मौके पर शिक्षक की मौत हुई जेसीबी चालक मौके से फरार हुआ। जिले में सड़क हादसे कम होने का नाम नही ले रहा है आज फिर एक व्यक्ति की मौके पर हुई मौत गनियारी सिंगरौली हवाई पट्टी शासन पावर प्लांट सहित सैकड़ों गांवो को जोड़ता है यह मार्ग जहाँ पर बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हुई जो हिर्रवाह की ओर जा रहे थे शिक्षक के पद मकरोहर शासकीय विद्यालय में पदस्थ रहे हैं पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक रामचंद गनेसिया जो छत्तीसगढ़ राज्य के जसपुर जिले के निवासी थे जो सिंगरौली जिले के मकरोहर शासकीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्त थे जिनकी उम्र 40 वर्ष रही है मृतक जो हिर्रवाह की ओर जा रहे थे जहाँ पर जेसीवी ने मारी टक्कर मौके पर से जेसीवी चालक फरार हो गया वहीं कोतवाली पुलिस वैढन जो पेट्रोलिंग कर रही थी जिसने घटना स्थल पर पहुंचकर जेसीबी को जप्त कर कोतवाली भेजा वहीं मृतक को जिला अस्पताल पीएम के लिए भेजा वहीं स्थानीय लोगो ने बताया की सड़क की जर्जर स्थिति मुख्य वजह है यह कोई नई घटना नही है इस प्रकार इन खस्ताहाल सडको पर आए दिन लोग बचने बचाने के चक्कर में एक दूसरे के गाड़ियाँ से टकरा जाते है रेल्वे पुलिया के नीचे आए दिन जलभराव बना रहता है बड़े बड़े गडडे है सिंगरौली जिले में सड़क हादसे कम होने का नाम नही ले रहा है आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं खस्ताहाल सड़के मुख्य वजह है।

# निलंबन के एक पखवाड़ा बाद भी पूर्व प्रभारी प्राचार्य का प्रभार पर कब्जा

**जागरण, चितरंगी**



निलंबन के एक पखवाड़ा बाद भी पूर्व प्रभारी प्राचार्य का प्रभार पर कब्जा किया गया है। मामला चितरंगी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई का है जहां मध्यप्रदेश शासन के द्वारा छात्रों को वितरित करने के लिए मिली साइकिल के हेराफेरी करने पर पुलिस थाना चितरंगी में मामला पंजी बद्ध हुआ था जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली के प्रतिवेदन के आधार पर संभागीय कमिश्नर रीवा ने निलंबित भी कर दिया था। तथा निलंबन अवधि में श्री कुमार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिंगरौली में उपस्थित रहने हेतु आदेश जारी किया गया था। अब मजे की बात तो यह है कि 15 दिवस पूर्व निलंबित हुए प्रभारी प्राचार्य जयकांत कुमार का विद्यालय से अभी भी मोह भंग नहीं हो रहा हैएजिनके द्वारा संभागीय कमिश्नर रीवा एवं जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है जिन्हे विद्यालय का प्रभार न देना पड़े इसके लिए मेडिकल अवकाश लेकर एक पखवाड़ा से अस्वस्थता व्यक्त कर टालमटोल करते हुए समय बिताने का काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक निलंबित पूर्व प्रभारी प्रचार्य जयकांत कुमार का अभी भी प्रभारी की कुर्सी से अटूट लगाव देखने को मिल रहा है जब भी नवीन प्रभारी प्रचार्य के द्वारा प्रभार के संबंध में श्री कुमार से बात की जाती है तो श्री कुमार यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि मैं अभी अस्वस्थ हूं स्वस्थ होने के बाद प्रभार दूंगा। ऐसे में ताज्जुब की बात तो यह है कि उन्हें ऐसी कौन सी बीमारी है जिसका इलाज 15 दिवस से चितरंगी जैसे पिछड़े क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।जानकारों कि मानें तो चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटी.मोटी बीमारियों का इलाज संभव है पर किसी वीमारी का 15 दिवस इलाज चले इस तरह से अभी तक कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्राचार्य की उक्त क्रिया यह दर्शाती है कि प्रभार पर श्री कुमार का विशेषाधिकार है जो अपने मर्जी के मालिक है। वही प्रभार न मिलने से विद्यालय काम का ठप्प पड़ा हुआ है। जन चर्चा के दौरान यह भी सुनने को मिलता है कि मेडिकल अवकाश लेकर श्रीकुमार अस्वस्थ है। चिकित्सक ने बेड रेस्ट लिखा है तो फिर बेड रेस्ट न कर के निज निवास ग्राम पंचायत खैरा से स्वयं बोलेरो गाड़ी चलाकर कभी चितरंगी और खटाई का आना.जाना करते रहते हैं यह सब अस्वस्थता के बाद क्यों कैसे हो रहा है।श्री कुमार सचमुच में अस्वस्थ हैं या कोई बहाना यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। सूत्र यह भी बताते हैं कि मेडिकल अवकाश के अवधि में श्री कुमार ने निलंबन आदेश को चुनौती देकर स्थगन हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में रीट पिटीशन भी दायर किया है जिसका परिणाम अभी भी लंबित है। ऐसे में प्रभार न देने के पीछे की वजह क्या है जिसको लेकर तरह .तरह की अटकले लगाई जा रही है कहीं ऐसा तो नहीं की प्रभार देने के बाद पूर्व निलंबित प्रभारी प्रचार्य के द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता घोर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की परत दर.परत जमे राज की कलई खुल जाय और दूध का दूध पानी का पानी दिखाई देने लगे। बताया यह भी जाता है कि 15 जून से 15 जुलाई तक का विद्यार्थियों से लिया गया शुल्क भी श्री कुमार के पास ही है जिनके द्वारा नवीन प्रभारी को शुल्क भी न दिया जाना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना प्रतीत होता है। ऐसे में किस तरह से विद्यार्थियों का प्रवेश एवं बोर्ड परीक्षा का फॉर्म भरा जाएगा इसका कौन जिम्मेदार होगा यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। और तो और प्राचार्य द्वारा इस तरह से किया जा रहा कृत्य जिम्मेदारों पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या अभी विभाग अचेत ही रहेगा या चरमराई हुई व्यवस्था को पुनः से पटरी पर लाने के लिए सक्रिय होगा।

# भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़ी अवैध शराब



**जागरण, बैढ़न।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने 24 बोतल ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब कुल 18 लीटर शराब अवैध शराब पकड़ी बैढ़न लाइसेंसी शराब दुकान से आरोपी राजेश सिंह निवासी बिहार जो बैढ़न शराब भट्ठी का कर्मचारी है होंडा एक्टिवा से शराब की पेटिया अवैध रूप से लादकर गांव में पैकारी करने के लिए ले जा रहा था सबसे रोचक और गंभीर बात यह है कि गाड़ी में शराब लोड करके थाने के सामने से निकल रहा था और थाने के सामने ही भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया आरोपी के पास से दो कार्टून में 750 की 24 बोतल ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब कुल 18 लीटर शराब जप्त की गई।



# एबी डिविलियर्स का शतक, दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूसीएल चैंपियन



**बर्मिंघम, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस की टीम ने एबी डिविलियर्स (नाबाद 120 रन) के नाबाद शतक की बदौलत विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान को 9 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 195 रन बनाए। शरजील ने 76, उमर अमीन ने नाबाद 36 और आसिल अली ने 28 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के हारदस विल्यून और वेन पर्नेल ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 16.5 ओवर में ही एक विकेट खोकर खिताब जीत लिया। सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला 18 रन पर सईद अजमल का शिकार बने। इसके बाद डिविलियर्स ने 60 गेंद में 12 चौके और सात छक्के की मदद से 120 और जेपी ड्यूमिनी ने 28 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 50 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

- इस टूर्नामेंट में डिविलियर्स का तीसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड (51 गेंद में नाबाद 116) और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ (46 गेंदों में 123 रन) शतक बनाए थे। उन्होंने छह पारियों में 143 की औसत और 220 के स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।
- यह साल डिविलियर्स के लिए खास रहा है। उनकी पुरानी आईपीएल टीम आरसीबी चैंपियन बनी। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता।

# पाकिस्तान अब वर्ल्ड चैंपियनशिप लीजेंड्स में नहीं लेगा हिस्सा

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आयोजकों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को भविष्य में इस टूर्नामेंट में अपने खिलाड़ियों की भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों को लेकर देश के रुख का हवाला देते हुए इस पड़ोसी देश के खिलाफ डब्ल्यूसीएल के ग्रुप चरण के मुकाबले और सेमीफाइनल दोनों में खेलने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद पीसीबी ने यह फैसला किया। पीसीबी ने मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वर्चुअल बैठक के बाद कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) घोषणा करता है कि वह भविष्य में डब्ल्यूसीएल में भाग लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है। पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई तथा कहा कि यह पाखंड और पक्षपातपूर्ण है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण में मुकाबला होना था, लेकिन भारतीय टीम ने आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय भावनाओं का हवाला देते हुए पाकिस्तानी टीम के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया।

# ब्राजील ने जीता नौवां कोपा अमेरिका खिताब

## मार्टा के शानदार खेल से फाइनल में कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**जेएनएन, क्विटो (इक्वाडोर)**

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया, जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।

**39** साल की मार्टा ने कोलंबिया के खिलाफ फाइनल में दो गोल किए। उन्होंने टूर्नामेंट से कुछ महीने पहले ही राष्ट्रीय टीम में वापसी की।

**06** 06 मैचों में ब्राजील की टीम ने 21 गोल दागे और 6 गोल खाए।। छह मैचों में ब्राजील ने चार जीत और दो ड्रॉ (फाइनल में शूटआउट जीत सहित) हासिल किए।

- छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं।

## खेल एक नजर

### कजाकिस्तान में श्रीशंकर ने जीता लंबी कूद का खिताब



**नई दिल्ली, जेएनएन।** लंबी कूद के अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने लंबी चोट से वापसी करते हुए कजाकिस्तान के अल्माटी में कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट में शीर्ष स्थान के साथ लगातार तीसरी प्रतियोगिता में खिताब पर कब्जा कर लिया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर (श्रेणी सी) मीट में अपने पहले प्रयास में 7.94 मीटर की छलांग के साथ खिताब पक्का किया। उनके अन्य प्रयास 7.73 मीटर, 7.58 मीटर, 7.57 मीटर, 7.80 मीटर और 7.79 मीटर थे। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 8.41 मीटर है। यह घुटने की चोट से वापसी के बाद श्रीशंकर की तीसरी प्रतियोगिता थी। उन्हें यह चोट पिछले साल अप्रैल में लगी थी। उन्होंने इसकी सर्जरी करवाई थी, जिसके बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद वह भाग नहीं ले पाए थे।

### शिवम, मौसम अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते

**बैंकॉक, जेएनएन।** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने रविवार को अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की। पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालांकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# सीएसके की बल्लेबाजी में अब समस्या नहीं, गायकवाड़ वापसी कर रहे हैं: धोनी

**चेन्नई, जेएनएन।** दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार को कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी। गायकवाड़ पिछले सत्र में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे। गायकवाड़ की जगह धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम की बल्लेबाजी लगातार संघर्ष करते रही। टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में 10वें स्थान पर रही थी। धोनी ने यहां एक निजी समारोह के दौरान इस बात का संकेत दिया कि चेन्नई की टीम गायकवाड़ को टीम में बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे, लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी। वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जाएंगे। धोनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती। कुछ कमियां थीं, जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच सीएसके के लिए आठ अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच है। धोनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सत्र में सुपर किंग्स का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए उन कमियों को पहचानना जरूरी है। इस 44 साल के खिलाड़ी ने कहा कि हां, पिछले कुछ साल हमारे लिए अच्छे नहीं रहे हैं। हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लेकिन जरूरी यह है कि आप सीख लें। हां, आपका सत्र खराब रहा। लेकिन क्या गलती हुई? और यही सवाल पिछले साल भी हमारे सामने था।




### एशिया कप : दुबई में होगा भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला

**दुबई, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच नौ सितंबर से शुरू हो रहे आगामी एशिया कप के दो अहम मैच दुबई में खेले जाएंगे। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने शनिवार यह घोषणा की। भारत और पाकिस्तान के बीच लीग चरण का मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होगा। दोनों टीमों के बीच सुपर सिक्स चरण का संभावित मैच 21 सितंबर को इसी स्थान पर खेला जाएगा। 29 सितंबर को होने वाला फाइनल भी दुबई में ही होगा। अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, यह टूर्नामेंट टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में खेला जाएगा। एसीसी ने मैचों की घोषणा 26 जुलाई को कर दी थी। टूर्नामेंट में कुल 19 मैचों में से 11 मैच दुबई में और आठ मैच अबू धाबी में खेले जाएंगे। भारत अपने शुरुआती दो लीग मैच 10 सितंबर (बनाम यूएई) और 14 सितंबर (बनाम पाकिस्तान) को दुबई में खेलेगा। जबकि ओमान के खिलाफ आखिरी लीग मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में होगा

# टी-20 : वेस्टइंडीज ने पाक को हराकर तोड़ा हार का सिलसिला

## दूसरे मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

**लॉडरहिल (अमेरिका), जेएनएन।** वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की। इसके साथ ही वेस्टइंडीज की सात टी-20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की सीरीज में 5-0 से हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच जेसन होल्डर ने 19 रन देकर चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर टीम को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 133 रन बनाए। उसके केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा। वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए।



# वेदिका ने यूएस किड्स गोल्फ का खिताब जीता, ऐडा थिम्मैया तीसरे स्थान पर रहीं

**पाइनहर्स्ट (अमेरिका), जेएनएन।** भारत की वेदिका भंसाली पाइनहर्स्ट विलेज में आयोजित यूएस किड्स वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्फ में चैंपियन बनीं। वेदिका ने नौ साल की लड़कियों के वर्ग में खेलते हुए 4-अंडर 32 कार्ड के साथ सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने 33-33-32 के कार्ड के साथ कुल 10-अंडर का स्कोर बनाया। इस तरह वेदिका ने जापान की एमी मिनामी को एक शॉट और अमेरिका की ऑड्रे झांग को दो शॉट से हराया। वेदिका एक साल पहले चौथे स्थान पर रही थीं। वेदिका के स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बेंगलुरु की एक अन्य गोल्फ खिलाड़ी ऐडा थिम्मैया (75-68-66) लड़कियों की 11 साल के वर्ग में तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने छह अंडर 66 का स्कोर बनाया और कुल सात अंडर का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका की बेला सिमोस (66-62-67) विजेता रहीं जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस वेंकटराघवन की पोती अनन्या वेंकटराघवन (70-69-67) 10 अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अनन्या अब अमेरिका में रहती हैं और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करती हैं। दो अन्य भारतीय शीर्ष आठ में रहे। पिछले साल के पदक विजेता चंडीगढ़ के निहाल चीमा 38-39-35 के स्कोर के साथ लड़कों के आठ साल के वर्ग में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। लड़कों के 10 साल के वर्ग में नोएडा के कबीर गोयल 72-70-68 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे।

# एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर

**मांट्रियल, जेएनएन।** कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3, जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।



### गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**टोरंटो, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।

# यश दुल का डीपीएल में पहला शतक

## सेंट्रल दिल्ली किंग्स जीती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यश ढुल (नाबाद 101) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को दिल्ली प्रीमियर लीग में रविवार को आठ विकेट से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स के ढुल ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए केवल 56 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए। उनकी संयमित लेकिन आक्रामक पारी ने सेंट्रल दिल्ली को लक्ष्य तक आसानी से पहुंचा दिया। यश का यह शतक डीपीएल 2025 का पहला शतक है। युगल सैनी ने शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाई और 24 गेंदों पर 36 रन बनाए। कप्तान जोंटी सिद्धू ने 19 गेंदों पर नाबाद 23 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। वहीं रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई। सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55 जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया। सुपरस्टार्स की ओर से अभिषेक खंडेलवाल ने 23 गेंद में नाबाद 40 जबकि सार्थक रे ने 35 गेंद में नाबाद 41 रन बनाए। विजन पांचाल ने 29 जबकि आयुश बडोनी ने 25 रन का योगदान दिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

# मप्र सीनियर फीडे रेटेड चेस : भोपाल के मीतांश ने खेला ड्रॉ, निकलेश कुशाग्र, सूरज, कांव्यांश और सुमित जीते

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल के मीतांश दीक्षित और अर्नव बी कुमार के बीच मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप-2025 में मुकाबला ड्रॉ रहा। वहीं निकलेश कुशाग्र श्रीवास्तव, सुरज चौधरी, कांव्यांश अग्रवाल और सुमित सिक्का ने अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। चैंपियनशिप के दूसरे दिन पांच राउंड बेहद रोमांचक रहे हैं और अब खिताब की दौड़ में शीर्ष खिलाड़ी पूरी ताकत से मैदान में डटे हुए हैं। भोपाल जिला शतरंज संघ द्वार आयोजित प्रतियोगिता में कुशाग्र ने उज्जैन के चित्रांश श्रीवास्तव को, सुरज ने शेख जहान को, काव्यांश ने इंदौर के चौहान अनमोल को और सुमित ने मंदसौर के दिनेश चंपेवार पर जीत दर्ज की। निकलेश जैन ने गौरव यादव को हराया। रिषभ मिश्रा ने त्रिंबक टोपखानेवाले को पराजित किया और शाहिद अजमत ने शुभम दास पर जीत दर्ज की। मुकेश सक्सेना ने काव्या जैन को पराजित किया और कनिष्का चौधरी ने अपूर्व गुप्ता को शिकस्त दी। जैन यथार्थ, शिवम जोशी, सौरभ जैन, आग्रम सिंह तोमर, बमने दीपक, जैन मेदंत और सिबी चक्रवर्ती ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंकतालिका में अपनी स्थिति को मजबूत किया।



**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 अगस्त तक 674.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 818.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 593.7 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 830.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 588 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 569.7 मि.मी., नागौद में 837 मि.मी., जसो (नागौद) में 336.9 मि.मी. एवं उचेहरा में 819.8 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

दैनिक जागरण
रीवा, 04 अगस्त, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com



## मैहर जिले में अब तक 709.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 अगस्त 2025 तक 709.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 777 मि.मी., मैहर में 621.1 मि.मी. एवं रामनगर में 730.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है।

# पिता से हुये विवाद का बदला लेने युवक को उतारा था मौत के घाट

### सीएसपी एवं थाना प्रभारी ने घटना का किया खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

जागरण, सतना

पिता से हुये विवाद का बदला लेने के लिए आरोपियों ने एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को खेत के गड्डे में फेक दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल 5 आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इसका पूरा खुलासा रविवार को सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान एवं टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने किया है। यह घटना 31 जुलाई की बताई जा रही है। कैथा इटमा गांव के एक खेत में युवक की नग्न हालत में लाश पाई गई थी।




### पंकज सिंगरौल के रूप में हुई थी मृतक की पहचान

मृतक की पहचान मतरी निवासी 22 वर्षीय पंकज सिंगरौल पिता रामनरेश सिंगरौल के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि कुछ समय पहले मुख्य कोरी के का पंकज से विवाद हुआ था। वर्ष 2024 में हुई मारपीट के बाद बृजेन्द्र के पिता बीमार रहने लगे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि उस समय कोई केस दर्ज नहीं किया गया था।

**और ऐसे रची गई हत्या की साजिश :** घटना वाले दिन पंकज ने शराब के नशे में यह स्वीकार किया कि उसी ने बृजेन्द्र के पिता को मारा था। इस पर आक्रोशित होकर पांचों आरोपियों ने मिलकर पंकज की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर अमरपाटन रोड स्थित टमस नदी में फेंकने की योजना थीए लेकिन मौके पर लोगों की मौजूदगी के कारण आरोपियों ने शव को एक खेत के अंदर मोंघा गड्डा में दबा दिया। हत्या को अवैध संबंध का रूप देने के लिए मृतक के कपड़े उतारकर नदी में फेंक दिए गए।

### ये सामग्री बरामद


पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंकज के अंतिम समय के संपर्कों की जांच की और सख्ती से पूछताछ के बाद सच्चाई सामने लाई। बरामद मृतक के कपड़े और जूते जो नदी किनारे बहकर मिले। घटना में प्रयुक्त दो बाइक जप्त की गई है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में भी जुट गई है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

हत्या की इस घटना में शामिल जिन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें बृजेन्द्र कोरी पिता स्व. सुन्दरलाल कोरी उम्र 22 साल निवासी मतरी पतौरा थाना उचेहरा, राहुल सिंह भूमिहार पिता ओमप्रकाश सिंह उम्र 23 साल निवासी ग्राम नेकनामपुर देउरिया जिला मुजफ्फरपुर बिहार, जितेन्द्र सिंगरौल पिता रामलखन सिंगरौल उम्र 27 साल निवासी मतरी पतौरा थाना उचेहरा, चन्द्रपाल सिंगरौल उर्फमझिला निवासी देवार, थाना उचेहरा रावेन्द्र कोरी पिता स्व सुखलाल कोरी उम्र 19 साल निवासी मतरी पतौरा थाना उचेहरा का नाम शामिल है।

## 7 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तहसील के समक्ष होगा आंदोलन : रामशंकर

**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किसान एक एक बोरी यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए भटक रहा हैं और गांवों में सैकड़ों



ट्रांसफार्मर जले हुए है रामपुर बघेलान के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्ष रामशंकर पयासी ने बताए कि धान की रोपा की लगवाई चल रही है किसानों को आज यूरिया और डीएपी की आवश्यकता है और गांवों में सैकड़ों ट्रांसफार्मर जले हुए है व्यापारियों के यहां खुलेआम खाद ब्लैक में बेची जा रही हैं। धान की रोपाई के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है ट्रांसफार्मर जले हुए है कई बार अधिकारियों से मौखिक एवं कलेक्टर को जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया लेकिन आजतक कोई कार्यवाही नहीं करी गई और न ही सुधार किया श्री पयासी ने कहा प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है भाजपा सरकार अपने आप को किसान हितैषी बताती है लेकिन सत्ता में आने के बाद सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों का किसानों से कोई लेना देना नहीं है गांव गांव में शराब एवं कोरेक्स अवैध रूप से बेची जा रही है रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा है यदि सात दिवस के अंदर इन समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बघेलान तहसील कार्यालय के सामने आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ।

# जब पुलिस को साथ लेकर जांच करने पहुंचा खाद्य सुरक्षा का अमला, बंद कराई दुकान

### खराब समोसे की मिली थी शिकायत, जांच में असहयोग कर रहा था दुकानदार



**जागरण, सतना।** खराब समोसे की शिकायत मिलने के बाद जब खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुकान पर जांच करने पहुचे तो दुकानदार जांच में असहयोग कर रहा था। इस बात को लेकर खाद्य सुरक्षा के अमले ने कोलगवां टीआई से पुलिस बल मांगा । इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह और अशोक कुर्मी पुलिस बल के साथ समोसे की जांच करने दुकान पहुचे। उल्लेखनीय है कि होटल संचालक द्वारा स्वच्छता के मापदण्डो को दरकिनार कर मनमानी की जा रही थी जिसको खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सबक सिखाया है। वहां से अमले ने सेम्पल भी जप्त कर जांच के लिए राज्य प्रयोग शाला भोपाल भेजा है। यह पूरा मामला रविवार का बताया जा रहा है। सोनी मिष्ठान भंडार, के संचालक द्वारा जांच के दौरान असहयोग किया गया।

### नहीं मिला लाइसेंस

टीम द्वारा दुकान के काउंटर पर स्थिति व्यक्ति से खाद्य कारोबार करने का लाइसेंस मांगा तो उसके द्वारा लाइसेंस घर में होना बतलाया गया जब उसके दुकान का निरीक्षण प्रारंभ किया गया तो दुकान संचालक द्वारा जांच में असहयोग किया जाने लगा जिससे जांच को रोककर कोलगवां थाने से पुलिस बल का सहयोग मांगा गया उन्होंने तुरंत पुलिस बल उपलब्ध कराया गया और कोलगवां थाने से एएसआई कुंजमणि मिश्र एवं आरक्षक विपिन सिंह को लेकर पुनः प्रतिष्ठान की जांच की गई। प्रतिष्ठान में शुभम सोनी उपस्थित हुआ जिसके समक्ष दुकान की जांच की गई दुकान से समोसा और बेसन के नमूने लिए गए।

### जारी की नोटिस, बंद कराई दुकान

खाद्य कारोबार करने का वैध लाइसेंस नहीं पाए जाने पर नोटिस देकर आगामी आदेश तक के लिए प्रतिष्ठान का संचालन बंद करा दिया गया है। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह और अशोक कुर्मी शामिल रहे। टीम द्वारा व्ही वीनस स्वीट्स की जांच फूड सेफ्टी वैन से की गई साथ ही पेड़ा छेना रसगुल्ला, बूंदी लड्डू बेकरी टोस्ट के नमूने जांच हेतु लिया गया है जिसे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजकर जांच कराया जाएगा। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम अभिषेक बिहारी गौड़, शीतल सिंह और अशोक कुर्मी शामिल रहे।

# जमीनी विवाद पर प्राणघातक हमला करने वाले 08 आरोपी गिरफ्तार

### अमरपाटन पुलिस ने 6 घंटे के अंदर दबोचा

**जागरण, सतना।** जमीनी विवाद पर प्राणघातक हमला करने वाले 8 आरोपियों को अमरपाटन पुलिस ने 6 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टीआई विजय सिंह परस्ते द्वारा की गई है।

### ये है घटना का विवरण

फरियादी अमर केवट पिता स्व मिठाईलाल केवट उम्र 38 वर्ष निवासी लालपुर ने रिपोर्ट किया कि 02 अगस्त को यह घर से सुबह करीबन 10 बजे देवीजी तालाब अपने खेत में अपनी पत्नी कलावती केवट भाई माधव केवट नीरज केवट कृष्णकुमार केवट किशन केवट मां सूरजवती केवट भयाहू शीला केवट के साथ धान का रोपा लगा रहे थे । समय करीबन 11 बजे सुबह अशोक केवट ओमंप्रकाश केवट अजीत केवट किशन केवट ललित केवट परिवर्तित नाम मईकी केवट गोल्ली केवट रिया केवट देवकी केवट सभी निवासी लालपुर के जमीन के विवाद को लेकर सभी लोग एक राय होकर लाठी तलवार कट्टा, राड फर्सा लेकर आये और फरियादी व उसके परिजनों को बुरी बुरी गाली देते हुए उन पर लाठी एवं राड से मारपीट करते हुये प्राणघातक हमला कर दिये जिससे फरियादी उसके परिजनों को हाथ ,पैर व सिर में गम्भीर चोटे आईं। थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश की गई एव उपरोक्त घटना को अंजाम देने वाले 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेआर पर पेश किया गया। घटना में एक विधि विरुद्ध किशोर भी शामिल था जिसे अभिरक्षा मे लेकर किशोर न्यायालय सतना के समक्ष पेश किया गया जहां से विधि विरुद्ध बालक को बाल सम्प्रेषण गृह रीवा भेजा गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

ओम प्रकाश केवट पिता सरमन केवट उम्र 30 वर्ष, अशोक उर्फ सोन्ना केवट पिता सरमन केवट उम्र 42 वर्ष, किशन केवट पिता अशोक केवट उम्र 23 वर्ष, अजीत कुमार केवट पिता दिनेश केवट उम्र 24 वर्ष, देवकी केवट पत्नि सुरेश केवट उम्र 18 वर्ष, गुल्ली केवट पत्नि अशोक केवट उम्र 40 वर्ष, माइकी केवट पत्नि सुरेश केवट उम्र 45 वर्ष, रिया केवट पुत्री दिनेश केवट उम्र 19 वर्ष सभी निवासी लालपुर का नाम शामिल है।

# चाणक्यपुरी कॉलोनी में गोली चली बाल-बाल बचा व्यापारी का परिवार





### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जागरण, सतना।** शहर के अंतर्गत आने वाली चाणक्यपुरी कालोनी में रविवार की सुबह बदमाशो ने फायरिंग कर दी। इस घटना में व्यापारी का परिवार बाल-बाल बचा है। घटना की जानकारी लगते ही कोलगवां टीआई दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुचे और जांच शुरू कर दी। इस दौरान एफएसएल अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस ने आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। घटना में पांच नकाबपोश बदमाशों ने एक व्यापारी के घर पर धावा बोलते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस हमले से व्यापारी भागवत प्रसाद गुप्ता और उनका परिवार दहशत में है। प्रारंभिक जांच में चार राउंड हवाई फायरिंग की पुष्टि हुई है। पुलिस को मौके से चार खोखे भी मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियां सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही हैं और आसपास के इलाकों से भी फुटेज जुटाए जा रहे हैं। पीड़ित व्यापारी भागवत प्रसाद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि यह हमला संभवतः गुप्ता पैलेस को लेकर चल रहे जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है।



चाणक्यपुरी कालोनी में गोली चलने की हुई घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। आरोपियों को पकडने चार टीमे गठित की गई है। जो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

**देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान**
**सीएसपी सतना**

## चलेगा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान

**जागरण, सतना।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चायें आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक, तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को बल मिलेगा।

## अब राज्य स्तर पर विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे लहराएंगे परचम

**सतना।** हमें यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अमरपाटन ने एमपी टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 2025 में मैहर जिले से प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अब हमारे प्रतिभाशाली छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मैहर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूलए सतना जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता को फिर एक बार सिद्ध किया है। यह लगातार आठवीं बार है जब विजयकॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ने एमपी टूरिज्म क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षा और सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय हमारे मेहनती विद्यार्थियोंए मार्गदर्शक शिक्षकों और सहयोगी अभिभावकों को जाता हैए जिनकी मेहनत और विश्वास ने इसे संभव बनाया। उक्त संबंध में जानकरी देते हुये विजय कॉन्वेंट स्कूल के संचालक रमाशंकर पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में रविपाल , शिवांग पाल और छात्रा स्वाति केसरवानी ने सफलता अर्जित की है।

## डीसीए सतना को भंग करने सांसद गणेश सिंह को सौंपा गया ज्ञापन

**जागरण, सतना।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन डीसीए सतना में लंबे समय से जारी कथित भ्रष्टाचारए वित्तीय अनियमितताओं और पक्षपातपूर्ण चयन प्रणाली के खिलाफ जिले के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल ने सतना सांसद गणेश सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए डीसीए को तत्काल प्रभाव से भंग करने और नई कार्यकारिणी के गठन की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि डीसीए सतना के अध्यक्ष राजेश शुक्ला सचिव आनंद सिंह और उनकी टीम द्वारा बीते वर्षों से संगठन को निजी संपत्ति की तरह संचालित किया जा रहा है। संगठन की आमसभा की बैठकें पिछले 9.10 वर्षों से कागज़ों में ही दिखाई गई हैं जबकि इसकी कोई वास्तविकता नहीं है। साथ ही प्रबंध समिति के दस्तावेज भी एक ही हस्तलिपि में तैयार किए गए हैंए जिससे उनकी प्रमाणिकता संदेहास्पद है। सबसे गंभीर आरोप वित्तीय अनियमितताओं को लेकर हैं। संगठन के संविधान की धारा 19 के अनुसार सभी वित्तीय दस्तावेजों पर कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं लेकिन 2019 के बाद किसी भी चेक या फंड ट्रांसफर में कोषाध्यक्ष विराज जैन के हस्ताक्षर नहीं हैं। यही नहींए दो अलग.अलग चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा हस्ताक्षरित बैलेंस शीट प्रस्तुत की गई हैं जिनमें आंकड़े मेल नहीं खाते और यह बड़ी वित्तीय गड़बड़ी की ओर इशारा करते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि बिना किसी क्रिकेट पृष्ठभूमि के कुछ लोगों को भी डीसीए का सदस्य बना दिया गया। इस पूरे प्रकरण में सांसद गणेश सिंह से मांग की गई है कि वे मामले की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित कराएं और डीसीए को भंग कर एक पारदर्शी व जवाबदेह कार्यकारिणी का गठन करवाएंए जिससे जिले की युवा प्रतिभाओं को निष्पक्ष अवसर मिल सके।

## रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सुकन्या रक्षा अभियान 30 सितम्बर तक

**सतना।** मध्यप्रदेश डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 30 सितम्बर 2025 तक सुकन्या रक्षा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के भविष्य के प्रति जागरूकता बढाना है। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शाखा डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता, बचत बैंक खाता, आवर्ती जमा (आरडी) एवं सावधि जमा (टीडी) खाता खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल वित्तीय समावेशन को बढावा देगा बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा। सभी नागरिकों से अपील की है कि निकटतम डाकघर में संपर्क कर इस योजना का लाभ उठायें और अपने क्षेत्र की बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य में अपना योगदान दें।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना -** 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com